वर्ष- 12 अंक - 221
लखनऊ, गुरुवार 03 अप्रैल 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार





samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



हमें सत्य और ज्ञान की ओर लेकर जाता है भगवान महावीर का जीवन : ब्रजेश पाठक 03

लोकतंत्र के लिए हितकारी साबित होगा एक राष्ट्र-एक चुनाव : सुनील बंसल 12


### पंचमं स्कन्दमाता



**सिंहसनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया। शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥**

नवरात्रि का पांचवां दिन स्कंदमाता की पूजा का दिन होता है। माना जाता है कि इनकी कृपा से मूर्ख भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। इनका वाहन सिंह है। इनकी उपासना से भक्त की सारी इच्छाएं पूर्ण होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बुलढ़ाणा सड़क हादसे में छह लोगों की मौत, 23 घायल

**मुंबई।** बुलढाणा जिले में शेगांव-खामगांव राजमार्ग पर खामगांव के पास बुधवार को सुबह हुए सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। इस घटना में घायल 23 लोगों का इलाज आकोला और खामगांव के सरकारी अस्पताल में हो रहा है, इनमें छह घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार आज सुबह करीब साढ़े पांच बजे शेगांव से कोल्हापुर जा रही तेज रफ्तार बोलेरो एक एसटी बस से टकरा गई। उसी समय पीछे से आ रही एक निजी बस ने इन दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को टक्कर मार दी। इस तरह हादसे में तीन वाहनों की टक्कर में मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई।

### शाही जामा मस्जिद के सदर की जमानत पर चार को सुनवाई

**संभल।** शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली की जमानत याचिका पर अब चार अप्रैल को सुनवाई होगी। 23 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। अपर ज़िला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश सैनी ने बताया कि जिला न्यायालय स्थित चंदौसी में एडीजे द्वितीय निर्भय नारायण राय की कोर्ट ने 27 मार्च को सदर जफर अली की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बुधवार दो अप्रैल को इस मामले में परमानेंट जमानत याचिका की तारीख निहित थी। केस डायरी न आने के कारण सुनवाई चार अप्रैल के लिए टाल दी गई है।

### फिर बिगड़ी दिल्ली की हवा ग्रैप -1 की पाबंदियां लागू

**नई दिल्ली।** राजधानी की आबोहवा एक बार फिर बिगड़ गई है। बुधवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 217 दर्ज किया। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए बुधवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता में गिरावट को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के स्टेज-1 की पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से लागू करने का आदेश जारी किया है। सीएक्यूएम ने यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में लिया है। सीएक्यूएम की सब-कमेटी ने बुधवार को बैठक कर दिल्ली-एनसीआर के वायु गुणवत्ता परिदृश्य की समीक्षा की।

### मुंबई पुलिस ने कुणाल कामरा को भेजा तीसरा समन

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बुधवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर व्यंग गीत मामले में तीसरा समन जारी किया और उन्हें 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पेश होने को कहा गया है। इससे पहले मुंबई पुलिस कामरा को दो बार समन जारी कर चुकी है और कामरा पुलिस स्टेशन में हाजिर नहीं हुए थे।

### नहीं बढ़ी आसाराम की अंतरिम जमानत की अवधि

**जोधपुर।** अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा से रेप करने के दोषी आसाराम को अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने पर राजस्थान हाईकोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। बुधवार को उसकी अर्जी पर सुनवाई हुई। करीब आधे घंटे तक बहस चली, जिसमें सरकारी अधिवक्ता ने आसाराम को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट की प्रवचन नहीं करने की शर्त का उल्लंघन किया है।

---

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल 2024 पेश करते हुए कहा

# मुसलमानों की तकदीर बदलेगा नया वक्फ कानून

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच मुस्लिम धार्मिक संपत्तियों के प्रबंधन करने वाले वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 को पेश किया और कहा कि यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं है बल्कि शुद्ध रूप से दान की गई संपत्ति के बेहतर प्रबंधन के लिए है ताकि मुस्लिम समाज के गरीबों एवं महिलाओं की तकदीर बदली जा सके।

सदन में प्रश्नकाल के बाद आवश्यक दस्तावेज पटल पर रखवाने के उपरान्त अध्यक्ष ओम बिरला ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू का नाम वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 तथा मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक 2024 को सदन के विचार एवं पारित करने के लिए रखने को पुकारा। सदन में उपनेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। विपक्ष की ओर से आरएसपी के नेता एन के प्रेमचंद्रन ने विधेयक के मसौदे पर आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी भी संयुक्त संसदीय समिति को विधेयक के पाठ को बदलने का हक नहीं है।



### बिल को लेकर पूरे देश में तमाम वर्ग के लोगों के साथ हुई चर्चा

श्री रिजीजू ने विधेयक को सदन के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति ने पूरे देश में तमाम वर्ग के लोगों के साथ व्यापक चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट दी थी और उसके आधार पर यह विधेयक पारित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीसी ने इस विधेयक के बारे में अभूतपूर्व परिश्रम किया है। करीब 97 लाख, 27 हजार 772 सुझावों, अपीलों, ज्ञापनों एवं सिफारिशों का निस्तारण किया है। सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों, अलग अलग संगठनों, धार्मिक समुदायों, शोधकर्ताओं आदि ने अपने विचार साझा किये हैं।

### वक्फ संशोधन बिल को लेकर यूपी में हाई अलर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा में आज वक्फसंसोधन विधेयक पेश होने के बाद यूपी में प्रशासन अलर्ट हो गया है। बिल को देखते यूपी में पुलिस कर्मियों की छुट्टियां रद्द हो गई। बरेली, अलीगढ़, रामपुर और मेरठ में सुरक्षा को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने अग्रिम आदेश तक छुट्टियां निरस्त कर दी हैं।

### कांग्रेस ने किया वक्फ को संविधान से ऊपर शक्ति देने का पाप



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वक्फ विधेयक में 2013 में संशोधन कर वक्फ को संविधान से भी ऊपर असीमित शक्ति देने का पाप किया था । इसके कारण 2013 से 2025 तक वक्फ की संपति में बड़ा इजाफा हुआ है। साथ ही उस समय हड़पी गई जमीन के खिलाफ पीड़ित का न्यायालय के पास जाने का अधिकार भी छीन लिया गया था। गृह मंत्री अमित शाह ने आंकड़े गिनाते हुए बताया कि 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन के बाद से 2025 के बीच में वक्फ संपति में 21 लाख एकड़ जमीन की वृद्धि हुई है जबकि यह 2013 तक केवल 18 लाख एकड़ थी। उन्होंने कहा, सरकार या संगठन का कोई निर्णय अदालत के अधिकार क्षेत्र से बाहर कैसे हो सकता है? जिस व्यक्ति की जमीन ली गई है, वह कहां जाएगा? कांग्रेस ने वोट-बैंक की राजनीति के लिए ऐसा किया और हम इसे अस्वीकार कर रहे हैं। शिकायतों वाला कोई भी व्यक्ति अदालत से संपर्क कर सकता है।

### वक्फ विधेयक संविधान पर हमला : विपक्ष

**बीजेपी सरकार फैला रही है भ्रम**

**नयी दिल्ली।** विपक्ष ने लोकसभा में बुधवार को पेश वक्फ (संशोधन) विधेक 2025 को सरकार की संविधान विरोधी नीति का परिणाम बताया और कहा कि इस विधेयक को लाकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश में भ्रम फैला रही है और समाज को बांटने का काम कर रही है। कांग्रेस के गौरव गोगोई ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजिजू द्वारा सदन में विधेयक को चर्चा करके पारित करने के लिए प्रस्ताव पर बहस शुरु करते हुए कहा कि विपक्ष भी चाहता है कि कानून में आवश्यक संशोधन हो, लेकिन सरकार की मंशा ठीक नहीं है और विभाजन की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। देश का संविधान हर व्यक्ति को बराबरी, मौलिक अधिकारों की रक्षा, संघीय ढांचे की सुरक्षा और राष्ट्र की अखंडता सुनिश्चित करने की बात करता है, लेकिन सरकार का वक्फ विधेयक संविधान पर आक्रमण है और भ्रम फैलाकर समाज को विभाजित कर वोट बैंक की हिफाजत करना है।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कानूनी लड़ाई लड़ने का किया फैसला

लोकसभा में सरकार के जरिए वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को चर्चा के लिए पेश करने के बाद से ही मुस्लिम संगठनों की तरफ से लगातार बयान सामने आ रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने संसद में विधेयक पेश करने से पहले प्रेस क्लब ऑफ़ इंडिया में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन करके अपने रुख को पूरी तरह से साफ कर दिया है। बोर्ड के प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास ने कहा है कि बोर्ड मुस्लिम संगठनों के साथ मिलकर एक देशव्यापी आंदोलन चलाएगा। इसके अलावा अदालती प्रक्रिया का भी सहारा लेने की बात उन्होंने कही है। उनका कहना है कि अब यह लड़ाई अंतिम समय तक लड़ी जाएगी जब तक की वक्फ संशोधन विधेयक वापस नहीं लिया जाएगा। जमीअत उलमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने भी संसद में पेश वक्फ संशोधन विधेयक पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहां है कि केंद्र सरकार की मंशा और इस बिल को पेश करने की प्रक्रिया सही नहीं है। जबरन इस बिल को पेश करके संख्या बल पर पास कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम इस बिल को रिजेक्ट करते हैं और इस बिल के खिलाफ एक लंबे आंदोलन चलाने की तैयारी के लिए मुसलमान से कमर कसने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा कि इस बिल के समर्थन में जो लोग हैं वह सरकार के साथ है और हम उन्हें अच्छी तरह से पहचान रहे हैं। जमाअत ए इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सआदतउल्लाह हुसैनी ने भी एक बयान में इस बिल को संसद में पेश करने और सरकार के जरिए पास करने की कोशिश की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह बिल मुसलमान को किसी भी सूरत में कबूल नहीं है। लेकिन सरकार अपने अड़ियल रुख को अपनाते हुए इसे पास करना चाहती है।

---

### जयपुर में सीरियल ब्लास्ट की साजिश रचने वाला अरोपी गिरफ्तार

**भोपाल/रतलाम।** राजस्थान के जयपुर शहर में सीरियल ब्लास्ट की साजिश रचने वाला अरोपित फिरोज उर्फ सब्जी पुत्र फकीर मोहम्मद को रतलाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पर एनआईए द्वारा 5 लाख रुपए के इनाम की घोषणा की गई थी। थाना निंबाहेड़ा राजस्थान पुलिस द्वारा 30 मार्च 2022 को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी लेते उसमें तीन व्यक्तियों जुबेर पुत्र फकीर मोहम्मद पठान, सैफुल्ला उर्फ सैफ खान पुत्र रमजानी अली एवं अल्तमश पुत्र बशीर खां तीनों निवासी रतलाम को विस्फोटक एवं बम बनाने में प्रयुक्त होने वाला सामान जिसमे टायमर, सेल, वायर सहित अन्य सामग्री के साथ पकड़ा था।

### श्रीलंका से कच्चातीवु द्वीप वापस लेने का प्रस्ताव तमिलनाडु विस में पारित

**चेन्नई।** मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अगुवाई में तमिलनाडु विधानसभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर श्रीलंका से कच्चातीवु वापस लेने के लिए भारत सरकार से कदम उठाने का आग्रह किया गया है। प्रस्ताव में भारतीय मछुआरों, खासकर तमिलनाडु के मछुआरों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया है, जो श्रीलंकाई नौसेना द्वारा लगातार गिरफ्तारियों का सामना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि कच्चातीवु को वापस पाना ही तमिलनाडु के मछुआरों की सुरक्षा का एकमात्र स्थायी समाधान है। उन्होंने श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी और उनपर होने वाले हमलों पर चिंता व्यक्त की।

## प्रोन्नति : यूपी के 27 पीसीएस अधिकारी बनेंगे आईएएस

**▸ संघ लोक सेवा आयोग व केंद्र के अफसरों ने दी हरी झंडी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी के 27 पीसीएस अफसर आईएएस बनने जा रहे हैं। 2008 और 2010 बैच के 27 पीसीएस अफसरों को प्रमोशन मिलेगा और वे आईएएस हो जायेंगे। इस संवर्ग के पीसीएस का आईएएस संवर्ग में प्रमोशन देने के लिए दिल्ली में विभागीय प्रोन्नति कमेटी डीपीसी की बैठक हुई।

इसमें संघ लोक सेवा आयोग और केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के अलावा प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल, प्रमुख सचिव नियुक्ति एम देवराज और विशेष सचिव नियुक्ति विजय कुमार भी शामिल हुए। संघ लोक सेवा आयोग और केंद्र सरकार के अफसरों ने हरी झंडी दे दी है। यूपी में पदोन्नति के लिए कुल 27 पद ही रिक्त हैं। उत्तर प्रदेश के 27 पीसीएस अफसरों का आईएएस संवर्ग में प्रमोशन होगा। वर्ष 2008 बैच के सभी पीसीएस अधिकारियों और 2010 के कुछ पीसीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिलना तय माना जा रहा है। बशर्ते उनके खिलाफ किसी जांच के आधार पर पदोन्नति की प्रक्रिया न रोकी गई हो।

### राम नवमी को दोपहर 12 बजे रामलला का होगा जन्म : चम्पत राय

**अयोध्या।** राम जन्मभूमि में राम जन्मोत्सव श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट धूमधाम से मना रहा है। जन्मोत्सव पर प्रतिदिन श्री रामलला के सामने सायंकाल बधाई गायन प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा हो रहा है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राम नवमी के अवसर पर छह अप्रैल को रामलला का जन्म होगा। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि चैत्र राम नवमी के अवसर पर आगामी छह अप्रैल को दोपहर ठीक 12 बजे रामलला का जन्म होगा। उसी समय से उनके कुल देवता सूर्य अपनी किरणों से अगले चार मिनट तक उनका अभिषेक करेंगे। राम नवमी को प्रातःकाल भगवान का अभिषेक प्रातः 9 बजकर 30 मिनट से एक घंटे तक किया जाएगा।

## केन्द्र सरकार की सांध्यकालीन अदालतें चलाने की योजना को अमल में लाने के प्रयास शुरू

**▸ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने यूपी के सभी जिला जजों को पत्र भेजकर बार एसोसिएशनों से मांगा फीडबैक**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक ने केंद्र सरकार की सांध्यकालीन अदालत गठित करने की योजना को अमल में लाने से पहले सम्बंधित सभी लोगों खासकर वकीलों की राय व फीडबैक की रिपोर्ट मांगी है। महानिबंधक की तरफ से सभी जिला एवं सत्र न्यायाधीशों व विशेष कार्याधिकारियों को पत्र लिखकर रिपोर्ट भेजने को कहा गया है।

रजिस्ट्रार जनरल की तरफ से जारी पत्र में प्रदेश के जिला अदालतों के सभी बार एसोसिएशनों को पत्र भेजकर उनसे भी सांध्यकालीन कोर्ट चलाने को लेकर फीड बैक लेने को कहा गया है। प्रस्तावित सांध्यकालीन अदालतें चलाने का उद्देश्य कम खर्च में सेवानिवृत्त जजों व स्टाफ की मदद से वर्तमान सुविधाओं के साथ छोटे मोटे मामलो का निपटारा करना है। इसमें छोटे आपराधिक मामले, संक्षिप्त विचारण व चेक अनादर केसों की सुनवाई होगी। अदालतें शाम पांच बजे से नौ बजे चार घंटे तक चलेगी। सकारात्मक सुझाव आने के बाद केंद्र सरकार की सांध्यकालीन अदालत चलाने की योजना को अमल में लाया जा सकेगा। सेंटर फार कांस्टीट्यूशनल एण्ड सोसल रिफार्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अधिवक्ता ए एन त्रिपाठी ने इस योजना को अव्यवहारिक करार देते हुए कहा है कि योजना रिटायरमेंट के बाद जजों को उपकृत करने व बेरोजगार युवा शक्ति में निराशा फैलाने वाली साबित होगी। योजना लक्ष्य हासिल कर सकेगी इसमें भारी संदेह है। त्रिपाठी ने कहा न्यायपालिका जनतंत्र का एक मजबूत स्तम्भ है। इस पर आपसी विवादों व कानूनी मुद्दे तय करने की जिम्मेदारी है। अपराधी को दंडित कर निर्दोष को बरी करने की जिम्मेदारी है।

## अंगदान पर सरकारी कर्मियों को 42 दिन की छुट्टी

**▸ अंगदान को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने लिया फैसला**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए ऑर्गन डोनेशन (अंगदान) पर 42 दिन की स्पेशल कैजुअल लीव देने का प्रावधान किया है। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी।

यह छुट्टी सर्जरी के टाइप पर निर्भर नहीं करेगी और इसे सरकारी डॉक्टर की सिफारिश पर अधिकतम 42 दिनों तक लिया जा सकता है। यह आमतौर पर अस्पताल में भर्ती होने के दिन से शुरू होगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर सर्जरी से एक सप्ताह पहले भी ली जा सकती है। यह प्रावधान 2023 में कार्मिक मंत्रालय के आदेश के तहत लागू किया गया था, जिससे ऑर्गन डोनेशन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सीजीएचएस के तहत सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार को सस्ते दरों पर इलाज, दवाएं और अस्पताल में भर्ती की सुविधा मिलती है। रिटायरमेंट के बाद भी सीजीएचएस की सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। महिलाओं को 6 महीने की मैटरनिटी लीव और पुरुषों को 15 दिन की पैटरनिटी लीव दी जाती है।



गंभीर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में लंबी मेडिकल लीव की सुविधा सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद पेंशन, ग्रेच्युटी और पीएफ की सुविधा। न्यू पेंशन स्कीम के तहत हर महीने वेतन से कुछ पैसे कटते है, जिसे रिटायरमेंट के बाद पेंशन के रूप में दिया जाता है। सरकारी कर्मचारियों को एलटीसी के तहत हर 4 साल में एक बार हवाई/रेल यात्रा पर रियायत मिलती है। सरकारी क्वार्टर या हाउस रेंट अलाउंस की सुविधा दी जाती है। कर्मचारियों के बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप और एजुकेशन अलाउंस दिया जाता है।

### केंद्र सरकार ने पूनम गुप्ता को नियुक्त किया रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रतिष्ठित शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लॉयड इकनॉमिक रिसर्च की महानिदेशक पूनम गुप्ता को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल तीन साल के लिए होगा। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि कैबिनेट (एसीसी) की नियुक्ति समिति ने तीन साल के कार्यकाल के लिए आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के तौर पर पूनम गुप्ता की नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है। माइकल देबव्रत पात्रा के जनवरी में अपना पद छोड़ने के बाद आरबीआई में डिप्टी गवर्नर का यह पद खाली हो गया था।

## डीएलएड की परीक्षाएं तीन अप्रैल से 2.74 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

**▸ दूसरे सेमेस्टर के लिए 463 व चौथे की परीक्षा के लिए 199 केंद्र बनाए गए**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी के सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि डीएलएड के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा तीन अप्रैल से तथा चौथे सेमेस्टर की परीक्षा सात अप्रैल से शुरू होगी। डीएलएड की दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में कुल 2,74,262 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

उन्होंने बुधवार को बताया कि दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 463 तथा चौथे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 199 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक सीरियल से न होकर उनका रैमण्डनाइजेशन किया गया है। उन्होंनें बताया कि परीक्षा सम्पन्न कराने की पूरी तैयारी कर ली है।

सचिव ने बताया दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 1,93,312 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जबकि चौथे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 80,950 है। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा तीन दिन चलेगी, जो कि पांच अप्रैल को सम्पन्न होगी। इसके लिए प्रदेश के 66 जिलों में परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इसी तरह चौथे सेमेस्टर की परीक्षा सात, आठ और नौ अप्रैल को प्रदेश के 62 जिलों के 199 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

## नियंत्रण रेखा पर सेना ने मार गिराए पांच पाकिस्तानी घुसपैठिए

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। हालांकि, इसे लेकर सेना का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना मंगलवार शाम को पुंछ में नियंत्रण रेखा पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई।

एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग भी हुई थी। दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठियों मारे गए। फायरिंग और ब्लास्ट को लेकर सेना ने कहा- एक अप्रैल को एलओसी के उस पार से पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की। इसके कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। सेना ने कहा- हमारे सैनिकों ने फायरिंग का जबाव दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेना एलओसी पर शांति बनाए रखने के लिए साल 2021 के डीजीएसएमओ समझौते को बनाए रखने की अपील करती है। इधर कठुआ में सुरक्षाबलों का 2 आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है।

**खुशखबरी** — किसान 30 जून तक अपनी फसलों को एमएसपी पर सीधे सरकार को बेच सकते हैं

# घर बैठे अरहर, चना, मसूर और सरसों की होगी खरीद



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। किसान अब मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत दलहन और तिलहन की सरकारी खरीद की प्रक्रिया में घर बैठे शामिल हो सकते हैं। इस योजना में किसान 2 अप्रैल से 30 जून तक अपनी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सीधे सरकार को बेच सकते हैं।

### तीन दिन में किया जाएगा भुगतान

नेफेड के राज्य प्रमुख रोहित जैमन ने बताया कि आधार से लिंक बैंक खाते में तीन कार्य दिवसों के भीतर भुगतान किया जाएगा। साथ ही फसल उत्पादन वाले जिलों में पीसीएफ, पीसीयू, जैफेड एवं यूपीएसएस के माध्यम से क्रय केंद्र बनाए जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी के लिए किसान 18002101222 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। केंद्र सरकार और यूपी सरकार मिलकर इस विशेष योजना को संचालित कर रहे हैं। नेफेड के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल इस पूरी योजना की मॉनिटरिंग खुद कर रहे हैं।

इस योजना का उद्देश्य किसानों को उचित दाम दिलाकर उनकी आय बढ़ाना है। किसान इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी फसलों का बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं।

**नेफेड को आवंटित जिले :** लखनऊ, अयोध्या, झांसी, महोबा, हमीरपुर, जालौन, फतेहपुर, कानपुर देहात, प्रयागराज, कौशाम्बी, ललितपुर, सोनभद्र, जौनपुर, गाजीपुर, औरैया, बलिया, सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, अमेठी, वाराणसी, उन्नाव, मैनपुरी, अम्बेडकर नगर, फिरोजाबाद, फर्रुखाबाद, गोण्डा, बाराबंकी, संत रविदास नगर, बलरामपुर, संत कबीर नगर, सीतापुर, गोरखपुर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, देवरिया, शाहजहांपुर, बुलंदशहर, श्रावस्ती, रामपुर, अलीगढ़, हाथरस, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गाजियाबाद, सहारनपुर, बदायूं, शामली, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़ एवं बिजनौर।

**एनसीसीएफ को आवंटित जिले :** बांदा, चित्रकूट, कानपुर नगर, मिर्जापुर, आजमगढ़, चन्दौली, मऊ, आगरा, कन्नौज, बस्ती, हरदोई, एटा, बहराइच, मथुरा, महराजगंज, बरेली, मेरठ, पीलीभीत, सम्भल, बागपत, अमरोहा।

### ये समर्थन मूल्य है निर्धारित

| | |
|---|---|
| अरहर | 7,550 रुपये प्रति क्विंटल |
| चना | 5,650 रुपये प्रति क्विंटल |
| मसूर | 6,700 रुपए प्रति क्विंटल |
| सरसों | 5,950 रुपये प्रति क्विंटल |

# वक्फ संशोधन बिल पेश को लेकर प्रशासन रहा हाई अलर्ट

**सड़कों से लेकर सोशल मीडिया तक प्रशासन रहा एक्टिव**

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मुस्लिम वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर धौरहरा तहसील क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए, जानकारी देते हुए फ्लैग मार्च करते दिखे प्रशासनिक अधिकारी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वक्फ संशोधन बिल बुधवार यानी की आज लोकसभा में पेश किया गया जिसके मद्देनजर उत्तर प्रदेश में पुलिस तथा प्रशासन अलर्ट मोड़ में है। यूपी पुलिस के डीजीपी प्रशांत कुमार ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को एक्टिव रहने के निर्देश दिए हैं साथ ही अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने को कहा है। जिसको लेकर धौरहरा तहसील क्षेत्र के सभी अधिकारी अलर्ट रहे बोर्ड संशोधन के बारे में जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी धौरहरा राजेश कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रीतम पाल सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक खमरिया ओपी राय, थाना प्रभारी निरीक्षक ईसानगर देवेंद्र कुमार गंगवार व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धौरहरा सुरेश कुमार मिश्रा ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह, भड़काऊ बयानबाजी और आपत्तिजनक पोस्ट ना करने की बात कही।

## मुस्लिम वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर पुलिस ने की पेट्रोलिंग

**एसडीएम व सीओ निघासन ने समस्त थाना प्रभारी के साथ की बैठक, दिए निर्देश**



**लखीमपुर खीरी।** मुस्लिम वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर अलर्ट प्रशासन, एसडीएम व सीओ निघासन सर्किल के समस्त थाना प्रभारियों के साथ पैदल गस्त किया। मुस्लिम वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए उप जिला अधिकारी निघासन राजीव निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी महक शर्मा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र उप निरक्षक आदित्य यादव उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराया। वहीं क्षेत्रों में अराजकतत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने को कहा तथा पुलिस बल के साथ पैदल पेट्रोलिंग कर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। एसडीएम व सर्किल सीओ के साथ सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## लखीमपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक ने अर्जित किया लाभ 577.79 लाख रुपए





**अच्छा व्यवसाय कर बनाया रिकार्ड**

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024- 25 में बैंक के सभी क्षेत्रों में अच्छा व्यवसाय कर अब तक का रिकॉर्ड 577.79 लाख रुपए (आय कर पूर्व)का लाभ अर्जित किया जिसके लिए बैंक के अंतरिम कमेटी के अध्यक्ष रजनीश प्रताप सिंह (ARCS) एवं सदस्य राजेश कुमार सिंह (ADCO) ने सचिव/मुख्य कार्यकारी अधिकारी शवल गुप्ता को बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधान कार्यालय के कर्मचारी एवं शाखाओं के प्रबंधक प्रधान कार्यालय में उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने समस्त स्टाफ की भूरि भूरि प्रशंसा की।

## खबरें एक नजर में

### चैती मेला समापन तक शहर में लागू रहेगा रूट डायवर्जन प्लान

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** लखीमपुर शहर का विख्यात ऐतिहासिक मेला चैती के शुरू होते ही पुलिस महक मैंने अपनी तैयारी यां शुरू कर दी है। यातायात प्रभारी गोला प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि शहरियों के यातायात व सुरक्षा व्यवस्था के तमाम बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए रूट डायवर्जन चिन्हित किया है जिसके तहत मेला समाप्ति तक शहर में वाहनों का हवा गण इस प्रकार होगा। जिसके तहत सदर चौराहे से अलीगंज रोड पर ई रिक्शा व कमर्शियल वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। शिवम चौराहे से सदर चौराहे तक ई रिक्शा व कमर्शियल वाहन प्रतिबंधत रहेंगे इसी क्रम में मिल गेट से अंबेडकर पार्क तिराहे तक ई रिक्शा कमर्शियल वाहनो का आवागमन पुरी तरह से प्रतिबंधत रहेंगा। जिससे शहर के लोगों को जाम व दुर्घटनाओं बचाव् हो सकेगा।

### नियम विरुद्ध खुल रही शराब की दुकान पर रोक लगाने की मांग

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** मोहल्ला ऊंची भूड वार्ड नंबर 22 में नियम विरुद्ध खोली जा रही शराब की दुकान पर रोक लगाने की मांग करते हुए सपाइयों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। बुधवार को सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव प्रवीण कश्यप की अगुवाई में एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा है कि वार्ड में जिस स्थान पर देसी शराब की दुकान खोली जा रही है। वहां से चंद कदमों की दूरी पर एक स्कूल व कोचिंग लाइब्रेरी है। जबकि नई आबकारी नीति में नगर पालिका परिषद में मंदिर व स्कूल से 75 मीटर की दूरी में शराब की दुकान नहीं खुल सकती। एसडीएम से दुकान खुलने पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव अनुसूचित जनजाति आलोक वाल्मीक, प्रवीण कश्यप, शोएब अंसारी, विशाल कश्यप, सलमान गाजी , आबिक अंसारी, अरुण दीक्षित, नितिन तिवारी आदि मौजूद रहे।

### ऑटो ने मारी बाइक में टक्कर, दो घायल

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया कस्बे में बुधवार की दोपहर करीब 2:30 बजे ऑटो ने मोटरसाइकिल के पीछेसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल पर सवार पिता पुत्र घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी पसगवां भेज दिया। जानकारी के अनुसार दलजीत सिंह पुत्र सुखदेव सिंह सुखदेव सिंह पुत्र बाल सिंह निवासी उफली निवादा थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर अपने घर से रिश्तेदारी में जंग बहादुरगंज कस्बे के पास खिरिया गांव जा रहे थे। तभी उचौलिया पहुंचने पर बनकागाव मोड़ के पास पीछे से तेज गति से आ रहे हैं ऑटो के चालक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगते ही दोनों लोग सड़क पर गिर पड़े और उनके शरीर में काफी गंभीर चोट आई। घटना के बाद दोनों घायलों को सीएचसी पसगवां भेजा गया है।

### कृष्ण ऐसे देव है जो भक्त के हृदय में और विरोधी की बुद्धि में बसते

जालौन (उरई)। खनुआं स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित पवन द्विवेदी ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा कहते हुए कथा व्यास पंडित पवन द्विवेदी ने कहा कि भगवान के धरती पर आने का भी निश्चित कारण होता है। जब पृथ्वी लोक पर पाप बढ़ जाते हैं तब भगवान धर्म और धरती की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। कृष्ण ऐसे देव है जो भक्त के हृदय में और विरोधी की बुद्धि में बसते हैं। सिर्फधर्म की रक्षा के लिए विचरण करते रहते है। कहा कि जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। यहां पर जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के उद्घोष के साथ पूरे पंडाल में मौजूद श्रद्धालु जयकारे लगाने लगे। कथा व्यास ने श्रद्धालुओं के गोपालन की महिमा से भी अवगत कराया और पांडाल में मौजूद भक्तों से अपील करते हुए कहा कि अपने अपने घरों पर गोपालन अवश्य करें और उनकी सेवा करें। इस मौके पर पारीक्षित संतराम निरंजन, सीताशरण निरंजन धनौरा, पर्वत सिंह, रामलला दुहौलिया, रामशरण उदैनिया, लला निरंजन, राजू याज्ञिक, महेंद्र सिंह निरंजन, मुन्ना लंबरदार, मुन्नी देवी, मुक्ति, ममता देवी, मीना, शिवानी आदि मौजूद रहे।

### जिले में ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण, पर्यटन की संभावना तलाशने का हो प्रयास

**जालौन (उरई)।** जनपद में ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण और पर्यटन की संभावना तलाशने की आवश्यकता है। इसके साथ ही जनपद में बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए उद्योग धंधे स्थपित कराने के लिए समाजसेवी ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। ऐतिहासिक दृष्टि से जनपद जालौन का काफी महत्व रहा है। जनपद में कई ऐसी इमारते हैं जिनका यदि संरक्षण किया जाए तो जनपद में पर्यटन की संभावना के साथ ही लोगों को रोजगार भी मिल सकता है। इस दिशा में पूर्व डीएम राजशेखर, प्रशिक्षु आई आईएएस संजय खत्री, डॉ. मन्नान अख्तर ने प्रयास किया था। उन्होंने जनपद की ऐतिहासिक महत्व की विरासत को संरक्षित करने की दिशा में कदम उठाते हुए उनकी वीडियोग्राफी के साथ ही प्रचार प्रसार भी किया था। लेकिन अब इस दिशा में कोई कार्य नहीं हो रहा है। ऐसे में समाजसेवी विपुल दीक्षित, अखिलेश लाक्षाकार, प्रदुम्न दीक्षित आदि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में लिखा कि जनपद की ऐतिहासिक विरासत क्षतिग्रस्त हो रही हैं। जलावन ऋषि की नगरी जालौन नगर में स्थित ताईबाई महल, क्रोंच ऋषि की नगरी में स्थित बारह खंभा, व्यास नगरी कालपी, गोपालपुरा, रामपुरा, समेत जनपद के अधिकांश स्थानों पर एतिहासिक विरासत को समेटे हुए कई इमारतें हैं जो संरक्षण के अभाव में जर्जर हो रही हैं। ताईबाई महल तो बारिश के चलते धीरे धीरे ढह रहा है। यदि इन इमारतों को संरक्षित कर पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए तो क्षेत्र के लोगों को रोजगार की संभावना भी बढ़ेगी और नई पीढ़ी ऐतिहासिक विरासतों से भी परिचित हो सकेगी। उन्होंने लिखा कि शिक्षित युवा बेरोजगार हैं, महिलाएं भी घर गृहस्थी में उलझी रहती हैं।

## कुम्मी चीनी मिल के पेराई सत्र 2024-25 का समापन



**अमीरनगर खीरी।** बलरामपुर ग्रुप की कुंभी चीनी मिल के पेराई सत्र 2024-25 का बुधवार सुबह करीब दस बजे सायरन बजाकर विधि-विधान के साथ समापन किया गया। जानकारी देते हुए चीनी मिल के इकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सत्र के 149 दिनों में चीनी मिल द्वारा कुल 157.78 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई के साथ कीर्तिमान स्थापित किया गया। चीनी मिल के पेराई सत्र 2024-25 का सफल संचालन के लिए ईकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव ने सभी कर्मचारियों, अधिकारियों तथा किसानो के सहयोग के लिये धन्यवाद दिया।उन्होने कहा कि चीनी मिल अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के कारण सफल संचालन सम्भव हो पाया है। इस अवसर पर इकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव, गन्ना महाप्रबंधक चंद्रहास, जगपाल सिंह, चीनी मिल के पुजारी पंडित वारिज मिश्रा,हरीश सहित सभी अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

## मंदिर कॉरिडोर निर्माण में गड़बड़ी पर जांच शुरू

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



छोटी काशी कॉरिडोर निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत पर बुधवार को एक जांच टीम गोला पहुंची। जहा टीम ने कॉरिडोर परिसर में हो रहे निर्माण वह गुणवत्ता की जांच की। छोटी काशी कॉरिडोर निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने की शिकायतें मिल रही थी। जिसे लेकर सोशल मीडिया पर भी खूब किरकिरी हो रही थी। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की बात कही थी। बुधवार को जांच टीम में पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर कल्याण सिंह, यूपीपीसीएल के संकल्प वर्मा और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता तरुणेन्द्र त्रिपाठी सहित कई अधिकारी शामिल थे। टीम ने पूरे कॉरिडोर परिसर का निरीक्षण कर तीर्थ कुण्ड में बन रही सीढ़ियों को देखा। मार्बल की मोटाई से लेकर चौड़ाई देखी, निर्माण सामग्री की जांच की एक्सपर्ट ने मसाले को परख नली में डाल कर चेक किया। मौरंग, बजड़ी, सीमेंट का सैंपल लिया और निर्माण करा रहे लोगों को दिशा निर्देश भी दिए। शहर में चर्चा है कि कॉरिडोर निर्माण में मनमानी की जा रही है। मानक विहीन निर्माण सामग्री प्रयोग करने के साथ ही मार्बल लगाने में जो मसाला लगाया जा रहा है वह बेहद घटिया है। वायरिंग के लिए डाली गई पाइप डालते ही टूट रही है। पाइप ऐसी कम्पनी की बताई गई थी जो मार्केट में ह नहीं है। टीम अपनी जांच रिपोर्ट विभागीय उच्च अधिकारियों को सौंपेगी।

## नवरात्र जैसे पावन पर्व पर एक नवजात बच्ची को जन्म लेते ही झाड़ियों में फेंक दिया गया

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना मैगलगंज क्षेत्र के गाँव ढाखा में गाँव के पूरब खेत किनारे झाड़ियों में नवजात शिशु मिलने से हड़कंप मच गया। नवरात्र जैसे पावन पर्व पर एक नवजात बच्ची को जन्म लेते ही झाड़ियों में फेंक दिया गया। ग्रामीणों ने प्रधान को सूचना दी मौके पर पहुँची ग्राम प्रधान राजकुमारी ने पुलिस को सूचना देकर एम्बुलेंस से सीएचसी ले आयीं। जहाँ से प्राथमिक उपचार कर जिला असपताल भेज दिया गया है। नवजात बच्ची को फेकने से उसके हल्की चोट भी आई हैं।

बुधवार की सुबह तहसील क्षेत्र के गाँव ढाखा गाँव मे रामकुमार के खेत की झाड़ियों में नवजात बच्ची की किलकारियां सुनकर रुके राहगीरों ने जब बच्ची को झाड़ियों में देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना देकर एम्बुलेंस को बुला लिया। मौके पर पहुंची ग्राम प्रधान राजकुमारी, प्रधानपति धनपाल, विमिलश पांडेय, शिवशंकर आदि ग्रामीणों के सहयोग से बच्ची को साफ कर एम्बुलेंस से सीएचसी मितौली ले आये। डॉक्टरों के मुताबिक बच्ची कल रात या आज सुबह ही जन्मी है। एक दिन की है। प्रधान पति धनपाल ने बताया कुछ ग्रामीण खेतो की तरफ गये थे। जहाँ गाँव के पूरब टॉवर के नजदीक एक नवजात बच्ची की रोने की आवाजें सुनकर राहगीरों के कदम ठहर गए। लोगों ने आसपास जब नजरें दौड़ाई तो नवजात बच्ची बिलख रही थी। उन्होंने बताया हम लोग तत्काल मौके पर पहुंच गये थे। पुलिस को सूचना देकर सीएचसी लाये। जहां डॉक्टरों ने उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया था। बताते हैं खेतों में आवारा पशुओं के लिए लगाए जाने वाले तार फेकते समय नवजात को चुभ गया है। जिससे इंफेक्शन का खतरा है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया नवजात बच्ची कल रात में या आज से सुबह ही जन्मी होगी उसका वजन कम था और सांस लेने में भी दिक्कत थी इसलिये उसको बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## तेज रफ्तार बस ने दो बाइकसवार को रौंदा

**मितौली खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र की बेहजम चौकी के कस्बे सदर में लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर धवन पैट्रोल पंप के सामने मितौली की ओर से लखीमपुर जा रही तेज रफ्तार बस ने दो बाइक सवार को रौंदा। घटना की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी बेहजम सिद्धांत पंवार ने मौके पर पहुंच कर घायल दोनों व्यक्तियों को बेहजम सीएचसी भेजवाया जहां एक की मौत हो गई वहीं दूसरे व्यक्ति की जिला अस्पताल मोतीपुर पहुंचते ही रास्ते में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया। बताते हैं दोनों व्यक्ति शादी के कार्ड बांटने फरधान थाना क्षेत्र के देवरिया से मितौली की ओर जा रहे थे। थाना फरधान क्षेत्र के देवरिया गांव के प्रमोद कुमार पुत्र रामचन्द्र उम्र 50 वर्ष अपने एक साथी धोनी पुत्र संजय उम्र करीब 20 वर्ष निवासी शंकरपुर थाना फरधान अपने बेटे आकाश राज की शादी के कार्ड बांटने हेतु रिश्तेदारी में जा रहा था उसी दौरान बेहजम कस्बे में धवन पैट्रोल पंप के सामने मितौली की ओर से लखीमपुर जा रही प्राइवेट बस नंबर यूपी31टी 5676 तेज़ रफ़्तार से बाइक सवार को रौंदा दिया ।बस के पहिए के नीचे बाइक सवार आ गये जिससे दोनों बिना हैल्मेट बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर नीमगांव एस ओ सुनीता कुशवाहा के साथ चौकी प्रभारी बेहजम सिद्धांत पंवार ने घायलों को बेहजम सीएचसी भेजवाया जहां एक की मौत हो गई वहीं दूसरा बाइक सवार की जिला अस्पताल मोतीपुर जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर शादी विवाह के घर में कोहराम मच गया। घटना स्थल से मौका पाकर बस के चालक परिचालक फरार बताए जाते हैं।

## पुलिस का लगातार अपराध पर प्रहार, छब्बीस दिनों में एक सौ छब्बीस पर कारवाई

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मितौली कोतवाली प्रभारी का चार्ज सम्हालते ही ताबड़तोड़ कार्रवाई पर अपराधियों में खौफ। मितौली खीरी। अपराध पर नकेल कसने के इरादे से मितौली कोतवाली की कमान संभालते ही नवागत कोतवाली प्रभारी ने सख्त कार्रवाई करते हुए महज छब्बीस दिनों के अंदर विभन्न मामलों मे लगभग एक सौ छब्बीस अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। कोतवाली प्रभारी शिवाजी दुबे को मितौली कोतवाली का पदभार ग्रहण करते ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता दी। इस दौरान पुलिस टीम ने मात्र छब्बीस दिनों में एक सौ छब्बीस आरोपियों संदिग्ध तथा लड़ाई झगड़ा कर अशांति फैलाने वाले तत्वों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई। सख्ती से हो रही कार्रवाई कोतवाली की पुलिस टीम ने बीते दिनों में कई स्थानों पर छापेमारी कर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई के तहत एक सौ छब्बीस अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया, जबकि कई मामलों में जांच जारी है। कोतवाली क्षेत्र में बढ़ी सुरक्षा, जनता ने की सराहना। कोतवाली प्रभारी की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं स्थानीय नागरिकों ने पुलिस के इस सख्त रवैये की सराहना की है। व्यापारियों और आम नागरिकों ने उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह कानून-व्यवस्था बनी रहेगी। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि कोतवाली क्षेत्र में अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है और अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### वासंतिक नवरात्र: भण्डारा कन्या भोज के कार्यक्रम शुरू

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** चैत्र नवरात्र में देवी मन्दिरों में भक्तों की भारी भीड उमडी रही। भक्तों ने मां के विभिन्न स्वरुपों की पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की है। सुबह से ही देवी मन्दिरों में भक्तों की भीड उमडने लगती है। शंखनाद व घण्टों की ध्वनि से माहौल भक्तिमय हो रहा है। नवरात्र पर्व को लेकर धार्मिक अनुष्ठनों का भी दौर शुरु हो गया है। बुधवार को सुबह से ही देवी मन्दिरों में आस्थावानों की भीड जुटने लगी थी। मुख्यालय की आराध्य देवी व विश्व की 52वी शक्तिपीठों में शुमार मां चन्द्रिका देवी के मन्दिर में भक्तों ने माथा टेक विश्व कल्याण की कामना की है। मुख्यालय में काली माता मन्दिर, शीतला माता मन्दिर, पर्वत श्रखलाओं पर विराजमान मां विन्ध्यवासिनी, शारदा माता सहित विभिन्न देवी मन्दिरों में भक्तों की भीड उमड रही है।

### भक्तों ने ब्रह्ममुहूर्त में मंदिर पहुंचकर मां को जल चढ़ाकर की आराधना

**जालौन (उरई)।** आदिशक्ति मां दुर्गा की आराधना के पर्व नवरात्र के पांचवें दिन देवी मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। पंचमी के दिन मां स्कंदमाता की विधि–विधान से पूजा अर्चना की गई। नगर व क्षेत्र के देवी मंदिरों में भक्तों ने ब्रह्ममुहूर्त में ही मंदिर पहुंचकर मां को जल चढ़ाया एवं दर्शन किए। नवरात्र में मां भगवती की आराधना का विशेष महत्व है। नगर व क्षेत्र के देवी मंदिरों में नवरात्र की हर तिथि को खास बनाया जा रहा है। पंचमी तिथि पर नगर के देवी मंदिर में माता का विशेष श्रृंगार किया गया। चौत्र नवरात्र के पांचवें दिन देवी मंदिरों में मां स्कंद माता की पूजा अर्चना की गई। ब्रह्ममुहूर्त में ही देवी मंदिरों पर भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। भक्तों ने स्कंदमाता को नारंगी रंग की पोशाक धारण कराई गई और माता रानी को केले का भोग लगाया गया। इसके अलावा पान, सुपारी, चुनरी और नारियल आदि भी चढ़ाए। इस दौरान देवी मां के जयकारों से मंदिर गूंज उठे। पंडित देवेंद्र दीक्षित बताते हैं कि देवी मां का पाचवां स्वरूप स्कंदमाता के नाम से विख्यात है। स्कंदमाता को सृष्टि की पहली प्रसूता स्त्री माना जाता है।

## ध्रुव की कथा सुन श्रोतागण हुये भाव विभोर

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



कथा वाचक पंडित प्रीतम शास्त्री ने कहा कि ध्रुव के अटल तपस्या और भगवान के प्रति उनकी भक्ति, अलौकिक अविस्मरणीय है, जिसे मानव जीवन कभी भुला नहीं सकता। अपनी भक्ति से ध्रुव ने अपना और अपने परिवार का नाम अक्षय कर लिया तथा भगवान को प्राप्त कर लिया।

कथा वाचक हिंद टायर गली में देवेंद्र गुप्ता के आवास परिसर में ध्रुव चरित्र का वर्णन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ध्रुव के भगवान के प्रति अटल अतुलनीय प्रेम को कोई शूद्र अंगीकार नहीं कर सकता। कथा वाचक ने पांडवों के वंशावली का सुंदर वर्णन किया गया। युधिष्ठिर द्वारा पूछे गए प्रश्नों का वर्णन करते हुए कथा को आगे बढ़ाया गया। आचार्य प्रीतम शास्त्री ने भागवत की महिमा और भगवान के स्वरूप के बारे में विस्तार से बताया। कथा में भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और तत्वबोध के महत्व पर जोर दिया। कथा व्यास ने सती के चरित्र और उनके शील गुण का वर्णन किया। उन्होंने कहा कपिल भगवान माता देवहूति को सिखाते हैं कि अशक्ति ही सुख-दुख का कारण है, लेकिन भगवान और भक्ति में अशक्ति मोक्ष का द्वार खोलती है। ऋषभ देव के चरित्र का वर्णन करते हुए बताया जाता है कि मनुष्य को आदर्श पिता होना चाहिए और दिव्य तप करना चाहिए। अजामिल के चरित्र का वर्णन किया, जो भगवान की भक्ति में लीन होकर मोक्ष प्राप्त करता है। राजा परीक्षित के प्रसंग का वर्णन किया, जिसमें ऋषि के शाप और राजा के मृत्यु का वर्णन है। कथा का उद्देश्य मानव जीवन को भगवान की भक्ति के लिए समर्पित करना और मोक्ष की प्राप्ति कराना है। कथा के मध्य होने वाले भजनों पर भक्तगण स्वयं को थिरकने से रोक नही सके। कथा के अन्त में प्रसाद का वितरण किया गया।

## हवन–पूजन के साथ प्रारंभ हुआ सत्र

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



दिनांक 2 अप्रैल 2025 को आर.एम. ज्ञान दायिनी इण्टर कॉलेज राजाजीपुरम, राजापुर लखीमपुर खीरी में नये सत्र 2025-26 का प्रारंभ माता सरस्वती के हवन पूजन तथा सुन्दरकाण्ड के पाठ से हुआ। इस हवन पूजन समारोह में विद्यालय के प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट, विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला, हिंदी माध्यम की कोआर्डिनेटर, कामिनी वर्मा, अंग्रेजी माध्यम के कोआर्डिनेटर आशीष सिंह, प्राइमरी संभाग की कोआर्डिनेटर विनीता, अर्चना समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र- छात्राएं तथा अभिभावक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती तथा राम भक्त हनुमान जी के चित् पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ हुआ। सभी उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा अभिभावकों के सम्मिलित सुंदरकांड पाठ से विद्यालय का प्रांगण उर्जा से परिपूर्ण हो गया। सुंदरकांड के पाठ के पश्चात सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से हवन किया। नन्हें- मुन्ने छात्र- छात्राओं ने बहुत ही उत्साह के साथ हवन किया। हवन पूजन के पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

**कार्यालय ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत महुरैना**

पत्रांक /मनरेगा/निविदा-आमन्त्रण/2024-25/ दिनांक 02.04.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अन्त्येष्टि स्थल विकास योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न निर्माण कार्यों हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर कार्य स्थल पर सामग्री उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर में पंजीकरण हो, तथा आर0ई0एस0 पी0डब्लू0डी0, जिला पंचायत, में रजिस्टर्ड फर्मों से मोहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | आपूर्ति सामग्री (अनुमानित) |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत महुरैना में अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य | सीमेन्ट, ईंटा प्रथम श्रेणी, मौरंग, गिट्टी 20 एमएम, ईंट रोड़ा 40 एमएम, पत्थर 40 एमएम, एमएस आयरन, स्ट्रक्चलर स्टील, इंटरलॉकिंग टायल्स, जी0एस0 शीट आदि |

**नोटः–** शेष नियम-शर्तों एवं बिल ऑफ क्वान्टिटी को किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत महुरैना से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**नियम व शर्तें:-**

1. निविदा फार्म अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 03.04.2025 से 10.04.2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. ग्राम प्रधान सचिव, ग्राम पंचायत महुरैना के पक्ष में मोहरबन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 10.04.2025 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक ग्राम प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत महुरैना के कार्यालय में जमा किया जा सकता है, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक 10.04.2025 को 3.00 बजे से 4.00 बजे के मध्य ग्राम पंचायत में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।
3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदा की निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं है।
4. कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
5. निविदा के साथ मानक के अनुसार सामग्री उपलब्ध कराना होगा। मानक के अनुसार आपूर्ति न करने तथा कमी पायी जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी, तथा क्षेत्रीय फर्म द्वारा सामग्री आपूर्ति कराये जाने का पूर्ण अधिकार अधोस्ताक्षरी को होगा।
6. फर्म/ठेकेदार द्वारा प्रतिमाह जमा की जाने वाले जीएसटी/आयकर की एक प्रति कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा।
7. सभी आवश्यक सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना होगा।
8. किसी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी / ग्राम प्रधान / सचिव, ग्राम पंचायत महुरैना में निहित होगा।
9. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

प्रधान
ग्रा0पं0-महुरैना
वि0ख0-बांकेगंज, खीरी।

सचिव
ग्रा0पं0-महुरैना
वि0ख0-बांकेगंज, खीरी।

उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा

# आम मुसलमान वक्फ संधोधन बिल के साथ

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद ने बुधवार को पत्रकारों को कहा कि मुसलमान के विकास के लिए वक्फ अमेंडमेंट एक्ट बेहद जरूरी कदम है। इस एक्ट के माध्यम से मुस्लिम समाज की वक्फ की जो संपत्तियां उसको ऑर्गेनाइजर और रेगुलराइज करने में बहुत मदद मिलेगी। आम मुसलमान पूरी तरीके से इस अमेंडमेंट के साथ है। कुछ खास राजनीतिक दल और कुछ खास लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए इसका विरोध कर रहे हैं।

वक्फ की संपत्तियों पर जिन्होंने अवैध कब्जे बनाकर रखे हैं, वहीं इसका विरोध कर रहे हैं, जबकि आम मुसलमान खासतौर पर पिछड़ा पसमांदा मुसलमान पूरी तरीके से वक्फ अमेंडमेंट एक्ट के साथ है। अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री ने कहा कि वक्फ अमेंडमेंट एक्ट आने के बाद वक्फ बोर्ड की प्रॉपर ऑडिटिंग होगी। जिससे बोर्ड के आय में वृद्धि होगी, इसका सीधा लाभ मुस्लिम समाज के वेलफेयर के लिए हो सकेगा। इसके अलावा प्रॉपर डॉक्यूमेंटेशन होगा, जिस वक्त की संपत्तियों पर जो अवैध कब्जे हैं, वह कब्जे हटेंगे। साथ ही साथ वक्फ बोर्ड में महिला समाज और पसमांदा समाज ही हिस्सेदारी से मुस्लिम समाज को और बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वक्फ की संपत्तियों का इस्तेमाल मुस्लिम समाज के तरक्की के लिए होना भी सुनिश्चित होगा। यह बिल बहुत पहले आ जाना चाहिए था लेकिन कांग्रेस और तमाम वह दल जो अपने आप को मुसलमान का हितैषी बताते हैं। उन्होंने कभी भी हम मुसलमान के ठोस विकास के लिए काम नहीं किया।

## वक्फ संशोधन विधेयक पर राजनीति कर रही कांग्रेस : राजभर

**लखनऊ।** वक्फ विधेयक को लेकर जहां विपक्ष विरोध में खड़ा तो वहीं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इस विधेयक को लेकर बड़ा बयान दिया है। राजभर ने इस विधेयक का विरोध कर रहे लोगों से कई सवाल किए। उन्होंने कहा कि क्या वक्फसंपत्तियों में से किसी नॉन मुस्लिम में कभी इसका लाभ मिला है। कांग्रेस, सपा, बसपा सिर्फ इस मुद्दे को लेकर वोट बैंक की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी इस लिए कर रही है क्योंकि वक्फ की संपत्ति पर सबसे ज्यादा कब्जा मजबूत मुसलमान किए हैं जो विपक्षी दलों को फायदा पहुंचाते है, ये आम मुसलमानों को फायदा पहुंचाना नहीं चाहते है। एनडीए सरकार आम मुसलमानों को हक दिलाने के लिए वक्फ संशोधन विधेयक पास कराकर भारत के मुसलमानों को उनका हक दिलाना चाहती है, लेकिन वोट बैंक के लिए ये सब विरोध कर रहे हैं। जबकि सरकार संशोधन करके गरीबों को लाभ देना चाहती है। आप को बता दें कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने वक्फ संशोधन विधेयक पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यह वक्फ संपत्तियों के लिए लाभकारी होने के बजाय नुकसानदेह होगा। एआईएमपीएलबी के वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा, एआईएमपीएलबी और अन्य मुस्लिम संगठनों ने विधेयक पर अपनी चिंताओं से संयुक्त संसदीय समिति को अवगत कराया था, लेकिन इस पर विचार नहीं किया गया। दिल्ली और पटना समेत कई शहरों में विरोध प्रदर्शन किए गए जहां प्रदर्शनकारियों ने असहमति दर्ज कराने के लिए सांकेतिक रूप से काली पट्टी बांधी।

## वक्फ बिल के बहाने अपनी नाकामी छिपा रही सरकार : अखिलेश यादव



**लखनऊ ।** लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने इस विधेयक को सरकार की नाकामी बताया। अखिलेश ने कहा कि एक बार अयोध्या में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें मुंबई से कलाकार बुलाए गए थे। भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की भूमिकाओं में कलाकार थे, लेकिन जब हेलिकॉप्टर अयोध्या पहुंचा, तो उसमें हनुमान जी नहीं थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शायद उनकी जाति कुछ और थी, इसलिए उन्हें शामिल नहीं किया गया। सरकार बड़े फैसले लेने का दावा करती है, लेकिन वक्फ बिल भी एक नाकामी है।

# हमें सत्य और ज्ञान की ओर लेकर जाता है भगवान महावीर का जीवन : ब्रजेश पाठक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने डालीगंज पुल पर आयोजित भगवान महावीर की प्रतिमा, गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती कीर्तिस्तंभ, प्रतिमा हेतु प्लेटफार्म के शिलान्यास एवं प्रतिमा पुनःस्थापना कार्यक्रम में पहुंचे। साथ ही कहा भगवान महावीर हम सभी के आर्दश हैं। प्रेरणास्त्रोत हैं। अराध्य हैं। जियो और जीने दो के उनके महान संदेश को हम आत्मसात करते हैं। भगवान महावीर का संपूर्ण जीवन स्व व पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है।

अयोध्या में विराजमान पूज्य ज्ञानमती माता जी के आशीर्वाद से अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा परिषद (उत्तर प्रदेश प्रांत) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें सत्य और ज्ञान की ओर लेकर जाता है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण में लगा दिया। उन्होंने बताया कि यहां स्थापित भगवान महावीर की प्रतिमा को 17 अगस्त 2012 को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जैन समाज द्वारा मकराना, राजस्थान से कुशल कारीगरों को बुलाकर मूर्ति को पुनः वास्तविक स्वरूप में लाया गया।

डिप्टी सीएम ने इस सफल आयोजन के लिए जैन समाज के सभी लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, विधायक नीरज बोरा, स्वामी रवींद्र कीर्ति जी महाराज, पार्षद अनुराग मिश्रा, कैलाश चंद्र जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा परिषद जीवन प्रकाश जैन, अध्यक्ष युवा परिषद आदीश जैन, अमर चंद जैन, रीतेश जैन, संजीव जैन, नीतीश जैन, शुभ चंद्र जैन, वीर कुमार जैन, ब्रजेश जैन, केसी जैन, सिद्धार्थ जैन, शुम्भुनाथ तिवारी व अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सी.एम.एस. में 'अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव' सात से



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के फिल्म्स डिवीजन द्वारा 14वें अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आई.सी.एफ.एफ.-2025) का आयोजन आगामी 7 से 13 अप्रैल तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। इस अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव में 102 देशों की लगभग 400 बेहतरीन शैक्षिक बाल फिल्में निःशुल्क प्रदर्शित की जायेंगी। इसके अलावा, विभिन्न देशों की सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्मों को अलग-अलग वर्गों में दस लाख रूपये के नगद पुरस्कारों से नवाजा जायेगा। यह जानकारी आज यहाँ सी.एम.एस. कानपुर रोड परिसर में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने दी। प्रो. किंगडन ने आगे कहा कि यह फिल्म फेस्टिवल मात्र मनोरंजन के लिए नहीं अपितु शिक्षा का एक अभिन्न अंग है, जो भावी पीढ़ी में जीवन मूल्यों व चरित्र निर्माण के विकास करने का एक सशक्त माध्यम है। यह 7-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव सभी के लिए पूर्णतया निःशुल्क है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रो. किंगडन ने कहा कि ऑडियो-विजुअल माध्यम बच्चों को जीवन मूल्यों की शिक्षा देने का बड़ा ही सीधा व सरल तरीका है जिसका बच्चों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने बचपन में बाइस्कोप पर राजा हरिश्चन्द्र की कहानी देखी थी, उस एक लघु फिल्म ने गाँधीजी को देश ही नहीं अपितु विश्व का सिरमौर बना दिया। बाइस्कोप पर देखी उस लघु फिल्म से गाँधी जी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने सदैव सच बोलने का संकल्प लिया।

### आम आदमी पार्टी यूपी के प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में प्रवक्ताओं की घोषणा की है। आप ने 10 प्रवक्ताओं की सूची जारी की है।आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के संगठन विस्तार को लेकर प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह की स्वीकृति से मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने प्रदेश प्रवक्ताओं की नियुक्ति की प्रथम सूची जारी की। जिसमें फैसल खान लाला, मुकेश सिंह, विकास शर्मा, रमन सिंह, तरुणीमा श्रीवास्तव, संजीव निगम, प्रखर श्रीवास्तव, मोहम्मद तकी, अंकुश चौधरी और प्रशांत कुमार यादव को प्रवक्ता बनाया है। मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने कहा कि यह सभी नव-नियुक्त प्रदेश प्रवक्ता संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ आम आदमी पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में जनता के मुद्दों को पूरी शक्ति के साथ उठाने और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज करेंगे।

### जिम में आग लगी, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार में जिम में आग लग गई। जिम से धुआं निकलते देख लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर दमकल की दो गाड़ियां आग पर काबू पाने में लगी हैं। वहीं घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा है। गोमतीनगर विस्तार खरगापुर में बुधवार करीब 2 बजे एक जिम में आग लग गई। घटना के वक्त जिम बंद था। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले आग ने विकराल रूप ले लिया है। गोमतीनगर फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में लगी हैं।

### विशाल बने महामंत्री, शहीदों का अपमान नहीं सहेगा क्षत्रिय समाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा विशाल शाही को उत्तर प्रदेश का महामंत्री मनोनीत किया गया। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह भदोरिया और कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुमार सिंह भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष पंकज सिंह भदोरिया ने मनोनियां पर बधाई देते हुए कहा कि विशाल समाज को जोड़ने का काम करेंगे और पूरे प्रदेश में संगठन को सशक्त करेंगे इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह गहलोत ने कहा वीर शहीद राणा सांगा पर दिए गए बेहूदे बयान का हम सब पर जो विरोध करते हैं और इस पर आंदोलन भी खड़ा किया जाएगा। पंकज सिंह भदोरिया ने बताया शीघ्र ही लखनऊ में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिससे आगे कोई नेता देश के शहीदों का अपमान करने की हिम्मत ना करें 12 अप्रैल को आगरा में करणी सेवा द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में भी बड़ी संख्या में भारतीय क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहेंगे।

### साइबर सेल ने 50 लोगों को सौंप खोए हुए मोबाइल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के मध्य जोन की सर्विलांस टीम ने पचास लोगों के खोए मोबाइल सर्विलांस की मदद से खोज निकाले। डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बुधवार को बरामद सभी मोबाइल संबंधित लोगों को बांटे। डीसीपी मध्य ने बताया कि जन शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय में आने वाली सूचनाओं के आधार पर सर्विलांस और क्राइम की टीम ने खोए मोबाइल फोन सर्विलांस की मदद से बरामद किए। बरामद पाचास मोबाइल की कीमत बाजार में करीब 14.20 लाख रुपए है। बरामद करने वाली टीम में सर्विलांस प्रभारी अभिनेन्द्र सिंह के साथ आशीष कुमार मिश्र, अखिलेश कुमार सिंह, दुर्गेश कुमार सिंह, शालिनी और मोहित सिंह शामिल थे।

### 35 रेल कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, लखनऊ के 'बहुउद्देशीय हाल' में मण्डल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार की उपस्थिति में सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी प्रमोद कुमार भारती द्वारा 35 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भाव भीनी विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मण्डल वित्त प्रबंधक द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों के दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### केजीएमयू के प्रॉक्टर ने नौकरी से दिया इस्तीफा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी की सबसे बड़ी चिकित्सा विश्वविद्यालय के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के चीफप्रॉक्टर प्रो. क्षितिज श्रीवास्तव ने अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। प्रो.क्षितिज श्रीवास्तव न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रोफेसर हैं। न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव लंबे समय से चीफ प्रॉक्टर की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। ऐसे में अचानक से उनका रिजाइन करना विश्वविद्यालय प्रशासन के लिए एक बड़ा झटका हैं।

## 29-30 अप्रैल को देहरादून में होगा 'सूर्या ड्रोन टेक-2025' का आयोजन

**लखनऊ।** भारतीय सेना की मध्य कमान, सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स सहयोग से उत्तराखंड के देहरादून कैंट के जसवंत ग्राउंड में 29-30 अप्रैल को सूर्या ड्रोन टेक-2025' का सुबह 9 बजे से करने जा रही है। जैसे-जैसे ड्रोन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है, यह आधुनिक युद्ध और नागरिक अनुप्रयोगों दोनों का एक महत्वपूर्ण घटक बन रहा है, जो चपलता, गतिशीलता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में वृद्धि से प्रेरित है। 'सूर्या ड्रोन टेक-2025' में एआई एकीकरण और काउंटर-ड्रोन रणनीतियों सहित नवाचारों की एक विविध श्रृंखला शामिल होगी, जो वैश्विक ड्रोन प्रौद्योगिकी परिदृश्य में अग्रणी के रूप में भारत की स्थिति की पुष्टि करती है। सूर्या ड्रोन टेक-2025' का उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में निर्माताओं, शोधकर्ताओं और हितधारकों के बीच नवाचार, सहयोग और ज्ञान साझाकरण को बढ़ावा देते हुए ड्रोन प्रौद्योगिकियों में नवीनतम प्रगति का प्रदर्शन करना है।

# 35.54 करोड़ की लागत से विकसित होगी आधुनिक पार्किंग सुविधा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए एक बड़ी सौगात मिलने वाली है। ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने 35.54 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक टूरिस्ट फैसिलिटी कार पार्किंग के निर्माण का निर्णय लिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 7 करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी कर दी गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस पार्किंग सुविधा का उद्देश्य मथुरा-वृंदावन में बढ़ती यातायात समस्या को दूर करना और पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह आधुनिक पार्किंग सुविधा वृंदावन के राजपुर बांगर क्षेत्र में विकसित की जाएगी। ग्राउंड फ्लोर पर बसों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था होगी, जबकि पहले से चौथे तल तक कारों के लिए पर्याप्त पार्किंग स्पेस उपलब्ध रहेगा। इस परियोजना के



पूरा होने से श्रद्धालुओं को वाहन पार्किंग में होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलेगी और वृंदावन की सड़कों पर यातायात भी सुगम होगा। सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने व श्रद्धालुओं को सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। जयवीर सिंह ने बताया कि सरकार के निरंतर प्रयासों के तहत वृंदावन सहित ब्रज क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। पर्यटन विभाग मथुरा आने वाले आगंतुकों को उन्नत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पबद्ध है जिससे न केवल उनकी यात्रा सुविधाजनक होगी।

## एक करोड़ पदों पर तत्काल भर्ती का उठाया मुद्दा

**लखनऊ ।** संसद सत्र में बेरोजगारी के गहराते संकट के समाधान और देश में सरकारी विभागों में रिक्त पड़े करीब एक करोड़ पदों को भरने को लेकर केंद्र सरकार के रवैया से युवाओं में गहरी नाराजगी है। संसद सत्र में इतने गंभीर विषय पर चर्चा न होना युवाओं के अंधकारमय हो रहे भविष्य को लेकर सरकार को कतई गंभीर नहीं है। इसी संदर्भ में रोजगार अधिकार अभियान के कोआर्डिनेटर राजेश सचान ने पीएम को एक्स पर पोस्ट कर केंद्रीय कर्मचारियों समेत राज्यों में सरकारी विभागों में रिक्त पड़े करीब एक करोड़ पदों पर तत्काल भर्ती करने और रोजगार सृजन हेतु स्टार्टअप, स्किल इंडिया डेवलपमेंट जैसी योजनाओं में पर्याप्त बजट आवंटन का मुद्दा उठाया है। पीएम मोदी के संज्ञान लाया गया कि लोकसभा में दी गई जानकारी के मुताबिक 1 मार्च, 2022 तक केंद्रीय कर्मचारियों के कुल 9,64,359 पद खाली थे। इसमें से अधिकांश पद अभी भी रिक्त हैं।

# राशन वितरण की पारदर्शी व्यवस्था से लोगों तक पहुंच रहा है लाभ

समृद्धि न्यूज

▸ 1.15 करोड़ से अधिक राशन कार्डधारक हो रहे हैं लाभान्वित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में गरीबों और जरूरतमंदों तक राशन पहुंचाने की प्रक्रिया को न केवल प्रभावी बनाया है, बल्कि इसे डिजिटल तकनीकों के माध्यम से पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त भी किया है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है।

'सेवा, सुरक्षा और सुशासन के मूल मंत्र को साकार करते हुए उप्र सरकार ने खाद्य एवं रसद विभाग के जरिए तकनीकी नवाचारों को अपनाया, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के 1.15 करोड़ से अधिक राशन कार्ड धारकों को मिल रहा है। एक बयान के मुताबिक प्रदेश सरकार ने राशन वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए ई-केवाईसी और आधार सत्यापन प्रणाली को लागू किया है, जिसके तहत राशन कार्ड धारकों को अब देश के किसी भी उचित दर दुकान पर ई-केवाईसी कराने की सुविधा प्राप्त हो रही है। खाद्य एवं रसद विभाग के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2025 तक प्रदेश के 77.37 प्रतिशत लाभार्थियों (1,15,37,940 राशन कार्डधारक) ने अपनी ई-केवाईसी पूरी कर ली है।

बयान में कहा गया है कि खास बात यह है कि 10.02 लाख लाभार्थियों ने अन्य राज्यों में भी अपनी ई-केवाईसी कराई, जो इस व्यवस्था की व्यापक पहुंच सुनिश्चित कर रहा है। यही नहीं इस डिजिटल पहल ने अपात्र कार्ड धारकों की पहचान कर उन्हें सिस्टम से हटाने में मदद की, जिससे वास्तविक जरूरतमंदों तक खाद्यान्न पहुंच सुनिश्चित हुआ। सरकार का लक्ष्य शत-प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी शीघ्र पूरी करना है, ताकि वितरण प्रणाली और अधिक मजबूत हो सके।

# शिक्षा के माध्यम से ही समाज की प्रगति सुनिश्चित हुई : आरिफ मोहम्मद खान

समृद्धि न्यूज

▸ बिहार के राज्यपाल ने किया लोहवन के दो विद्यालयों का उद्घाटन

**लखनऊ/मथुरा ।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहवन के नवीनीकृत निर्माण कार्यो का उद्घाटन किया। सनश्योर एनर्जी द्वारा सीएसआर के फंड से दो विद्यालयों का नवीनीकृत कार्य कराया गया है। सनश्योर एनर्जी, भारत के अग्रणी व्यवसायों के लिए पसंदीदा अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदाता है, जो हरित ऊर्जा में परिवर्तित हो रहे हैं।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज की प्रगति सुनिश्चित हुई है। शिक्षा न केवल व्यक्तियों को सशक्त बनाती है, बल्कि हमारे संयंत्रों के आस-पास के समुदायों के समग्र विकास को भी उत्प्रेरित करती है। शिक्षा सबसे शक्तिशाली मार्ग है जिसके माध्यम से हम एक मजबूत, अधिक विकसित भारत के निर्माण में योगदान करते हैं। इन स्कूलों के नवीनीकरण में बुनियादी ढांचे में सुधार जैसे नवीनीकरण, पुनर्निर्माण, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालयों के साथ बेहतर स्वच्छता सुविधाएँ, पीने के पानी के स्टेशन, आवश्यक कक्षा फर्नीचर आदि प्रदान किया गया है। सनश्योर एनर्जी कंपनी स्वास्थ्य, शिक्षा, सामुदायिक कल्याण और पर्यावरण पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूरन प्रकाश विधायक बलदेव, चंद्र प्रकाश सिंह डीएम, शैलेश कुमार पांडेय डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, निशा उप जिलाधिकारी सदर, आदेश कुमार उप जिलाधिकारी महावन, सुनील दत्त बेसिक शिक्षा अधिकारी और दिनेश कुमार त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## रसोइए ने सुसाइड किया जज की पत्नी पर प्रताड़ित करने का आरोप

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में जज की पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने सुसाइड कर लिया। परिवार का आरोप है कि जज की पत्नी चोरी का आरोप लगाकर प्रताड़ित कर रही थी। लक्ष्मण मेला मैदान रोड के रहने वाले महेश निषाद (35) ने बुधवार को सुसाइड कर लिया। महेश अलीगंज में रहने वाले जज के घर 4 साल से खाना बनाने का काम करता था। जज के घर होली के दूसरे दिन साढ़े छह लाख की चोरी हो गई थी, जिसका आरोप महेश पर लगा था। अगले दिन जज महेश के घर पहुंचे। मृतक महेश की पत्नी कविता ने आरोप लगाया कि जज कि पत्नी रोजाना कॉल करके प्रताड़ित कर रही थी। मंगलवार को डेढ़ लाख रुपए देने का दबाव बना रही थी। बुधवार को सुबह करीब 10.30 बजे पत्नी चाय दे कर पड़ोस में चली गई। महेश ने एक वीडियो और ऑडियो जज की पत्नी को भेजा। फिर पंखे के सहारे फंदे से फांसी पर लटक गया। अगले दिन जज के घर वापस जाने पर सर्वेंट क्वार्टर में महेश घायल पड़ा मिला।

# रजिस्ट्री कैम्प में 592 आवंटियों ने किया आवेदन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए गए कैम्प में 592 आवंटियों ने रजिस्ट्री के लिए आवेदन किया है।

अफसरों की निगरानी में लोगों की रजिस्ट्री हुई। इस मौके पर पहले दिन एलडीए के दफ्तर में भारी भीड़ लगी रही। इस दौरान व्हीलचेयर नहीं मिलने से एक बुजुर्ग महिला परेशान होकर के रोने लगी। सूचना पर पहुंचे अफसरों ने महिला को व्हीलचेयर दिलवाई। दरअसल एलडीए की अलग अलग योजनाओं में कई आवंटियों ने पैसा जमा करने के बाद भी अपनी रजिस्ट्री नहीं करवाई थी। इसको लेकर अफसरों एलडीए दफ्तर में ही एक विशेष रजिस्ट्री कैम्प लगाया है। इसमें अब तक कुल 592 आवंटियों ने रजिस्ट्री के लिए आवेदन किया है। 384 सम्पत्तियों की रजिस्ट्री की फाइलें पूरी तरह तैयार कर ली गयी हैं। रजिस्ट्री विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी में लोगों की रजिस्ट्रियां की जा रही है। कैम्प में रजिस्ट्री के लिए राजाजीपुरम निवासी संतोष शुक्ला अपने पति के साथ पहुंची थी। उन्होंने बताया कि वसंतकुंज योजना में एक प्लाट लिया था। उसको रजिस्ट्री के लिए आए थे। बीते दिनों सड़क हादसे में पैर टूट गया था। उसकी सर्जरी करवाई थी। एक बार में ठीक नहीं होने पर दोबारा करवाई थी। वाकर के सहारे चलते हैं। रजिस्ट्री कैम्प में आने पर सीढ़ियां चढ़ने में दिक्कत होने लगी। सर्जरी वाले पैर में दर्द होना लगा। व्हीलचेयर नहीं होने पर करीब 30 मिनट बाहर इंतजार करना पड़ा।

## प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ विशेष कार्यशाला का हुआ आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में तथा अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परि0) विक्रम कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इंफ्रा0) भुवनेश सिंह की उपस्थिति में मण्डल कार्यालय के सभागार में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2023 बैच के 18 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल के वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिकारियों द्वारा उपस्थित प्रशिक्षु अधिकारियों को भारतीय रेल के प्रबंधकीय कार्यों, ट्रेनों के संचालन, रेल उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं की पूर्ति, विभिन्न सरकारी संस्थानों से समन्वय के साथ ही प्रशासकीय कार्य तथा फील्ड पर होने वाली जटिलताओं से निपटने एवं कर्मचारी कल्याण से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई तथा नियम व अनुभव साझा किए गए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी रराहुल यादव ने कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षु अधिकारियों का शाखाधिकारियों से परिचय कराया तथा पावर प्वाइंट के माध्यम से भारतीय रेलवे की संरचना एवं कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात मण्डल के शाखाधिकारियों द्वारा अपने कार्य क्षेत्रों के सम्बन्ध में प्रशिक्षु अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिसमें रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर एवं उपकरणों के निर्माण तथा अनुरक्षण, ट्रेन के इंजन, कोच एवं वैगनों के निर्माण, नियमित जांच, तकनीकी उन्नयन आदि, रेलवे के वित्तीय लेनदेन, बजट तथा नियम, यातायात एवं स्टेशन प्रबंधन, राजस्व अर्जन, रेल संरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यात्री सुरक्षा, आपात कार्य योजना आदि महत्वपूर्ण विषयों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा विस्तृत रूप से नियमों तथा कार्य प्रणालियों की जानकारी प्रदान की गयी।

उन्नति

## डिजिटल तकनीक से भ्रष्टाचार मुक्त हुई राशन वितरण व्यवस्था

# 10 लाख लाभार्थियों ने दूसरे राज्यों में कराई ई-केवाईसी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में गरीब और जरूरतमंदों तक राशन पहुंचाने की प्रक्रिया को न केवल प्रभावी बनाया है, बल्कि इसे डिजिटल तकनीकों के माध्यम से पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त भी किया है। 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन' के मूल मंत्र को साकार करते हुए योगी सरकार ने खाद्य व रसद विभाग के जरिए तकनीकी नवाचारों को अपनाया, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के 1.15 करोड़ से अधिक राशन कार्डधारकों को मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक राशन वितरण में पारदर्शिता



लाने के लिए ई-केवाईसी और आधार सत्यापन प्रणाली को लागू किया है। इसके तहत राशन कार्डधारकों को अब देश के किसी भी उचित दर दुकान पर ई-केवाईसी कराने की सुविधा प्राप्त हो रही है। खाद्य एवं रसद विभाग के आंकड़ों के अनुसार मार्च -25 तक प्रदेश के 77.37 प्रतिशत लाभार्थियों (1,15,37,940 राशन कार्डधारक) ने अपनी ई-केवाईसी पूरी कर ली है। खास बात यह है कि 10.02 लाख लाभार्थियों ने अन्य राज्यों में भी अपनी ई-केवाईसी कराई, जो इस व्यवस्था की व्यापक पहुंच सुनिश्चित कर रहा है। यही नहीं इस डिजिटल पहल ने अपात्र कार्डधारकों की पहचान कर उन्हें सिस्टम से हटाने में मदद की, जिससे वास्तविक जरूरतमंदों तक खाद्यान्न पहुंच सुनिश्चित हुआ। योगी सरकार का लक्ष्य शत-प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी शीघ्र पूरी करना है, ताकि वितरण प्रणाली और अधिक मजबूत हो सके।

### अन्नपूर्णा में होगा बिल भुगतान व मिलेंगी दवाएं

सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और सशक्त बनाने के लिए उचित दर दुकानों को आधुनिक रूप देने की पहल की है। इसके तहत 'अन्नपूर्णा भवन' का निर्माण मनरेगा जैसी योजनाओं के माध्यम से किया जा रहा है। वर्तमान में 3,534 अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि 2,000 अन्य निर्माणाधीन हैं। अन्नपूर्णा भवन न केवल खाद्यान्न आपूर्ति का केंद्र होगा, बल्कि यहां अन्य जनसुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। भवन में स्टोर के लिए दो अलग-अलग कक्ष बनाए जा रहे हैं। एक कक्ष में सरकारी राशन का भंडारण होगा, जबकि दूसरे कक्ष में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालित किया जाएगा। इस केंद्र से जन्म, मृत्यु, आय और जाति प्रमाणपत्र जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा, भवनों में जनरल स्टोर और कम्युनिटी सर्विस सेंटर (सीएससी) का संचालन किया जाएगा। यहां बिजली बिल भुगतान, ब्रॉडबैंड सेवा, सस्ती जेनरिक दवाएं, और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की बिक्री की सुविधा होगी।

### ई-पॉस मशीनों से भ्रष्टाचार पर लग रही है लगाम

खास बात यह है कि राशन वितरण में ई-पॉस मशीनों के उपयोग ने पारदर्शिता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इन मशीनों के जरिए खाद्यान्न का वितरण सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है, जिससे बिचौलियों और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है। यह तकनीकी नवाचार न केवल समय पर राशन उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा को भी मजबूत कर रहा है।

## नगर विकास मंत्री ने किया ट्रमल मशीन का शुभारंभ नहीं पहुचें बीजेपी पार्षद

**लखनऊ ।** मोहान रोड स्थित शिवरी प्लांट पर कूड़ा निस्तारण के लिए तीसरे ट्रमल मशीन का शुभारंभ बुधवार को नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में नगर निगम के अफसरों ने शहर के सभी 110 पार्षदों को शामिल होने के लिए न्योता भेजा गया था, लेकिन सत्ताधारी 30 से ज्यादा भाजपा पार्षद कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। पार्षदों के शामिल नहीं होने पर फिर से कई सवाल खड़े हो गए है। लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय से मंगलवार शाम को सभी पार्षदों को फोन पर शिवरी प्लांट पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता भेजा गया था। कई पार्षदों की शिकायत है कि उन्हें कोई फोन नहीं पहुंचा। पार्षद मुकेश सिंह मोंटी ने बताया कि उन्हें शिवरी प्लांट के कार्यक्रम का कोई न्योता नहीं मिला था।

# महिला कैदियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से जोड़ने के निर्देश

- सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग ने किया जिला कारागार का निरीक्षण
- जनसुनवाई कर पीड़ितों की समस्या का किया मौके पर निस्तारण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग ममता कुमारी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सदस्य ममता कुमारी द्वारा जेल में निरूद्ध महिला कैदियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के संबंध में जागरूक कर रोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी कैदियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने एवं स्टाफ को इसका कड़ाई से अनुपालन करने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विदेशी कैदियों के खान-पान के हिसाब से अलग-अलग भोजन की नियमानुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

उन्होंने जेल की बिल्डिंग ज्यादा पुरानी होने के कारण से अलग बिल्डिंग के निर्माण का सुझाव भी दिया। इसके बाद सदस्य ममता कुमारी द्वारा सखी वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि केन्द्र के कार्यालय



में राष्ट्रपति, राज्यपाल व अन्य वीरांगना महिलाओं की तस्वीरें लगाई जाय। साथ ही केन्द्र के विस्तारीकरण हेतु प्रस्ताव बनाया जाय। केन्द्र में सुरक्षा गार्ड और गेटमैन आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। सदस्य ने बाल विवाह जैसी कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने व ग्रामीण स्तर पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के बारे में भी जागरूकता शिविर लगाने एवं महिलाओं के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने पात्र महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास, स्वयं सहायता समूह आदि योजनाओं का लाभ प्रदान किये जाने के भी निर्देश दिये। सदस्य ने घरेलू हिंसा के विरूद्ध अभियान चलाकर इस पर नियंत्रण करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समाज में विवाह का लम्बे समय तक बने रह पाना एवं संयुक्त परिवार का बना रहना भी संदेहपूर्ण हो गया है। उन्होंने बताया कि इस हेतु राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा ''तेरे-मेरे सपने'' शीर्षक के अन्तर्गत प्री-मैरिज काउंसिलिंग के लिए अनुमोदन प्राप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि काउंसिलिंग के लिए चयन किसी एनजीओ या सामाजिक क्षेत्र में रूचि रखने वाली अनुभवी महिलाओं में से किया जा सकता है। तत्पश्चात् सदस्य द्वारा विकास भवन सभागार में जनुसनवाई कर पीड़ितों की समस्याएं भी सुनी गई। जनुसनवाई के दौरान पूर्व पंजीकृत 30 मामलों में आज उपस्थित हुए 28 फरियादियों के मामलों का सुलह-समझौता के आधार पर मौके पर निस्तारण किया गया। इसी के साथ 16 नये मामलों का पंजीकरण भी किया गया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# कोटे के चयन को लेकर हुई खुली बैठक में अरविंद मिश्रा चुने गए कोटेदार




**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को ग्राम पंचायत बूढ़ादेवर में जिलाधिकारी महोदया के आदेश पर रिक्त कोटे को लेकर खुली बैठक की शुरुआत ग्राम पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आवेदक के रूप में राहुल उपाध्याय पुत्र गिरवर प्रसाद उपाध्याय निवासी और अरविंद मिश्रा पुत्र महेश्वरी प्रसाद मिश्रा गरीबी पुरवा बूढ़ादेवर ने आवेदन किया, बैठक में अधिकारियों के तौर पर डी0 डी0 ओ0 सुशील श्रीवास्तव, बी0 डी0 ओ0 झंझरी सत्य प्रकाश पांडे, ए0 डी0 ओ0 कोऑपरेटिव सुधीर सिंह, ए0 डी0 ओ0 आई0एस0बी0 अमरनाथ सोनकर, सचिव नेहा कुशवाहा के समक्ष बैठक में मौजूद रहीं। जिसमें ग्राम पंचायत कोटे के कोटेदार के चयन की प्रकिया शुरुआत हुई, जिसमें ग्राम पंचायत के सम्मानित लगभग 790 लोग रहे, और ग्राम पंचायत के सम्मानित सदस्य अमित तिवारी, शिवानंद श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, सूरज यादव, संध्या यादव, रवि प्रकाश यादव, जगत राम अग्रवाल, भी उपस्थित रहे, कोट की चयन के समय राहुल उपाध्याय को दो वोट मिले बाकी जितने वोट थे सभी ने अरविंद मिश्रा के पक्ष में हाथ उठाया और समर्थन दिया, जिससे कोटेदार के चयन की प्रक्रिया पूरी हुई, और सर्वसम्मति से अरविंद मिश्रा को कोटेदार बूढ़ादेवर का चुना गया और ग्राम पंचायत के सम्मानित लोगों में अनुराग श्रीवास्तव जमुना प्रसाद उपाध्याय, नंदकुमार उपाध्याय, राजश्री प्रसाद उपाध्याय, अवधेश प्रसाद उपाध्याय, राकेश उपाध्याय, माधव प्रसाद उपाध्याय, लाला विवेक सिंह विकी, नरसिंह उपाध्याय, सुधीश उपाध्याय, लालू उपाध्याय, सूर्य मोहन मिश्रा, सांवली मोहन मिश्रा, मदन मोहन मिश्रा, राम मोहन मिश्रा, नितेश, दीनानाथ यादव, सूरज यादव, अरविंद यादव, मनोज तिवारी बीडीसी, रामाशीष जायसवाल बीडीसी, गुड्डू यादव पूर्व बीडीसी भूपेंद्र यादव, विपिन यादव, रमन श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, अभय, शिवकुमार उपाध्याय अमरनाथ उपाध्याय सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मेरे नंबर की जमीन को हड़प लेने पर आमादा है दबंग : पीड़ित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के थाना परसपुर अन्तर्गत निवासी ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत की है। शिकायत पत्र के अनुसार निर्मल उर्फ निरहू ने लिखा है कि प्रश्नगत गाटा संख्या 1208 मि0,0.0810 हे0 व गाटा संख्या 1240 मि 00.0400 हे0 दर्ज कागजात खतौनी है प्रार्थी दशकों से काबिज दाखिल चला आ रहा है परन्तु विपक्षीगण अभिषेक सिंह आदि दबंगई के बल पर प्रार्थी की उक्त भूमि को कब्जा कर हड़प लेने पर आमादा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि दिनांक 17/11/2024 को नायब तहसीलदार पुलिस बल के साथ मौके पर आये थे और राजस्व टीम ने प्रश्नगत भूमि का पैमाइश कर चिन्हांकन करके कब्जा प्रार्थी को दिला दिया था तथा चिन्हांकित भूमि पर प्रार्थी ने राजस्व टीम के उपस्थिति में ईंट पत्थर गाड़ लिया था। लेकिन विपक्षीगण पुनः अन्य अज्ञात व्यक्तियों के संग आये और उक्त भूमि गाटा संख्या 1208मि0 0.0810 हे0 पर शिकायतकर्ता/प्रार्थी के गैर मौजूदगी में कब्जा करने की नियत से ट्रेक्टर द्वारा जुताई करने लगे जिसकी जानकारी शिकायतकर्ता के पत्नी ने दूरभाष पर शिकायतकर्ता को बताया जब प्रार्थी ने जाकर विपक्षी को मना किया तो जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करके गाली देने लगे जिसपर शिकायतकर्ता ने 112 डायल को सूचना दिया परन्तु पुलिस नहीं आई। शिकायतकर्ता ने यह भी लिखा है कि विपक्षी गण द्वारा भूमि के गाटा संख्या 1240 पर पक्का निर्माण भी करवाने की तैयारी कर रहे हैं लेकिन प्रार्थी की सुनवाई कहीं नहीं हो रही है और न ही विपक्षी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही हो रही है।इसी के कारण डरा सहमा परिवार जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट प्रांगण टीन शेड नीचे अनिश्चित कालीन धरने पर बैठने को मजबूर हैं।

## अज्ञात कारणों से लगी आग पांच घर राख, दो लोग झुलसे



विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज के ग्राम बेलभरिया के मजरा हीरु पुरवा में मंगलवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिससे पांच घर जलकर राख हो गए। आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। मवेशियों को बचाने के प्रयास में 75 वर्षीय छठी राम बुरी तरह झुलस गए, जिन्हें जिला अस्पताल बहराइच रेफर किया गया। 18 वर्षीय हनुमंत भी झुलसा, लेकिन उसकी हालत सामान्य है। आग में अनाज, कपड़े, नगदी, मोटरसाइकिल, साइकिल और पंपसेट समेत गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा। नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने घायलों का हालचाल लिया और हर संभव सरकारी सहायता का आश्वासन दिया। यह घटना प्रधानमंत्री आवास योजना की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े करती है, क्योंकि पक्के मकान होते तो नुकसान

# शक्ति वाटिका स्थापना को लेकर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के वन क्षेत्र पंडरी कृपाल रेन्ज अन्तर्गत मुंगरौली माता मंदिर में शक्ति वाटिका की स्थापना को लेकर प्रभागीय वनाधिकारी पंकज शुक्ला के निर्देशानुसार एवं वन क्षेत्राधिकारी पंडरी कृपाल सुशांत शुक्ला के निर्देश पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन वन रक्षक अजय कुमार के देखरेख में सम्पन्न हुआ। उपवनाधिकारी रामचंद्र सिंह के मौजूदगी में जन प्रतिनिधियों के साथ माता के मन्दिर प्रांगण में शक्ति स्थापना पर वृक्षारोपण कर हरियाली के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।इस सम्बन्ध में वन क्षेत्राधिकारी सुशांत शुक्ला से वार्ता की गई तो बताया की उपवनाधिकारी रामचंद्र सिंह सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधान व ग्रामीण के सहयोग



से मुंगरौली माता मन्दिर में हरियाली को लेकर शान्ति स्थापना कार्यक्रम में वृक्षारोपण कराया गया।

बता दे जनचर्चा के मुताबिक अगर जनसहयोग से सिर्फ एक वृक्ष को मन्दिरो के बाहर या प्रांगण में लगा दिया जाए और नित्य देखरेख करके वृक्षों को बचाया जाए तो भी एक महान कार्य है और पर्यावरण में एक वृक्ष लगा कर बदलाव लाया जा सकता है। वहीं ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणो द्वारा वृक्षारोपण कर गांव गांव हरियाली की तैयारी कर प्रत्येक व्यक्ति एक वृक्ष अवश्य लगाने एवं देखरेख करने की शपथ ले।मानव जीवन में वन संपदा एवं पर्यावरण का बड़ा महत्व है। इस शक्ति स्थापना कार्यक्रम में वन रक्षक अजय कुमार, रामदेव, अशोक मिश्रा, ग्राम प्रधान विजयलक्ष्मी ग्राम मुंगरौली, ब्लाक मुजेहना प्रमुख प्रतिनिधि शेष राम, धानेपुर चेयरमैन प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, मुंगरौली माता मन्दिर के पुजारी लवकुश तिवारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### श्रीमद्भागवत कथा व सत्संग में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** परोपकार करने वाला मनुष्य भगवान की कृपा का पात्र होता है। इसलिए जीवन में कभी भी किसी भक्त का अपमान नहीं करना चाहिए। उक्त बात ऋषिकेश धाम से पधारे कथा व्यास संत श्री नारायण दास जी महाराज ने पंडित सीताराम शास्त्री जी एवं श्रीमती मंजू देवी के द्वारा ढेडहा पट्टी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में बोलते हुए कहीं। इस दौरान श्रीमद् भागवत कथा में कथा सुनने के लिए सैकड़ो लोगों की भीड़ उमड़ी नजर आई। श्रीमद् भागवत कथा व्यास श्री नारायण दास जी महाराज ने कहा कि भगवान ने भक्त प्रहलाद को हिरणाकश्यप के सिंहासन पर तब बैठाया जब वे स्वयं उस सिंहासन पर बैठे और उसे पवित्र किया। क्योंकि अपकार करने वाला जब परोपकार करता है। तब उसे भी भगवान की कृपा प्राप्त होती है ।उन्होंने बताया कि भगवान के भक्त के सानिध्य में रहने वाला हर जीव तर जाता है। संत नारायण दास जी ने बताया कि भारतीय संस्कृति की ग्राम संस्कृति वास्तव में वैदिक संस्कृति है। इसी संस्कृति को आत्मसात करने वाला व्यक्ति अपने माता-पिता को जीवन में उच्च स्थान प्रदान करके उनका सम्मान करता है। श्रीमद् भागवत कथा में महत्वपूर्ण यह था कि श्री नारायण दास जी महाराज के द्वारा अत्यंत सार्थक कथा वाचन श्रोताओं के हृदय को झंकृत कर गया। इस मौके पर आए हुए सभी लोगों का पंडित सीताराम शास्त्री जी ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया। श्रीमद् भागवत कथा में प्रमुख रूप से एडवोकेट कमलेश बक्श सिंह, कमलेश चौधरी, शिव शंकर वर्मा, संजीव सिंह, एडवोकेट रामकुमार सिंह, अध्यक्ष दुग्ध संघ मोनी वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, व्यापारी नेता राजकुमार सोनी, महेंद्र प्रताप सिंह, पिंकू अवस्थी, शिव नरेश चौरसिया, यमुना शरण बाजपेई, राज नारायण सिंह, मनोज पांडे, जितेंद्र मिश्रा, रघुवीर भाई ,सूरज वर्मा,आर पी यादव, सुशील तिवारी, सुरेश चंद्र द्विवेदी, तिलक राम वर्मा, देवी प्रसाद शुक्ल, गोविंद गौतम, मिथिलेश कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि ने सुलभ कॉम्प्लेक्स का किया लोकार्पण

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान ने बुंदेलखंड विकास निधि (जिलांश) योजनान्तर्गत उरई जिला अस्पताल में होम्योपैथिक चिकित्सालय के पास नवनिर्मित सार्वजनिक सुलभ कॉम्प्लेक्स शेड का फीता काटकर लोकार्पण किया। अरविंद चौहान ने कहा कि सरकार जनसुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह सार्वजनिक सुलभ शौचालय क्षेत्रीय लोगों की स्वच्छता एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के विकास कार्यों से आमजन को राहत मिलेगी और स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वच्छ भारत अभियान के तहत इस तरह की परियोजनाओं को प्राथमिकता से पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक आवश्यक आवश्यकता है और इस प्रकार के बुनियादी ढांचे के निर्माण से लोगों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है, और इस तरह के सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस आनंद उपाध्याय, अधिशाषी अभियंता आरईएस शीलेन्द्र राजपूत सहित अन्य संबंधित

### किराने की दुकान में लगी आग, हजारों का सामान जलकर राख

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** किराना के गोदाम पर अज्ञात कारणों से आग लग गयी ।जिसमें रक्खा हजारों रुपयो का सामान जलकर राख हो गया ।धुँआ उठता देख आसपास के लोगो ने दौड़कर आग बुझाई। नगरपंचायत के मोहल्ला कादिराबाद दो निवासी एंव व्यापार मंडल के अध्यक्ष रविशंकर पाण्डेय की रामनगर बदोसराय मार्ग पर किराना की दुकान संचालित है दुकानो के ऊपर दूसरी मंजिल पर गोदाम है। जिसमे किराना का सामान रखा था ।बुधवार की दोपहर अचानक गोदाम में आग लग गयी। जिससे उसमें रखा सामान जलने लगा। मार्केट के अन्य दुकानदारों ने धुँआ उठता देखा तो इसकी जानकारी दुकानदार मालिक को दी। वहां मौके पर मौजूद लोगो ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार के मुताबिक आग में करीब 20 हजार रुपए का सामान जला है।

### ई-रिक्शा की ठोकर से मासूम घायल

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को ई-रिक्शा के चलते एक सडक हादसा सामने आया 10 वर्षीय डाली अपने पिता के साथ कस्बा फतेहपुर आई थी की सडक पार करते समय ई रिक्शा के ठोकर मारने से वह घायल हो गई ।मालूम हो कि थाना रामनगर क्षेत्र के गौरा चक निवासी मयाराम अपनी पुत्री डाली 10 वर्षीय का आधार कार्ड बनवाने कस्बा फतेहपुर आए थे पटेल चौराहे पर मयाराम ने डाली को मोटरसाइकिल से उतार कर जरुरी काम से सड़क पार कर दूसरी तरफ जाने को कहा ।डाली जैसे ही सड़क पार कर थी कि उसी समय आ रहे तेज रफ्तार ई रिक्शा ने उसे जोरदार टक्कर मारकर उसके हाथो के ऊपर पहिया निकाल कर मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से डाली लहुलुहान हो गई ।स्थानीय लोगो की मदद से घायल बच्चीं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर मे लाकर भर्ती कराया गया ।जहां मौजूद चिकित्सकों ने घायल बच्ची का इलाज शुरू किया ।पिता मयाराम ने अभी तक पुलिस में कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई है।

# आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित

- जिला कार्यालय पर 6 अप्रैल को आयोजित होगी पार्टी की स्थापना दिवस कार्यक्रम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा जिला कार्यालय पर 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री नन्हेलाल लोधी ने किया। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का तृतीय




कार्यकाल भारत की राजनीति में विकास में परिवर्तन का नया युग लेकर आगे बढ़ रहा है आप सभी से मेरा आग्रह है कि इस अभियान को सफल बनाएं।

मुख्य अतिथि संजय गुप्ता ने कहा कि अप्रितिम कार्यक्रम जो प्रधानमंत्री का है इसी के मध्य आगामी महीने में भाजपा का 45वां का स्थापना दिवस को बड़े स्तर पर आयोजित किया जाना है। इसके निमित्त कुछ कार्यक्रम होने हैं। जिसमें 6 अप्रैल स्थापना दिवस 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता का चित्र लगाकर पुष्पांजलि करना व 8 व 9 अप्रैल को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन करना 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान जैसे कार्यक्रम करने हैं। इसके बाद 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाना निश्चित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान एमएलसी पदमसेन चौधरी कैसरगंज के प्रत्याशी रहे गौरव वर्मा ने भी संबोधित किया। जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा कुछ करणीय कार्यों को बताते हुए समापन भाषण किया। इस दौरान कार्यक्रम के सह संयोजक राहुल राय, सुनील श्रीवास्तव, एकता जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, उमाशंकर तिवारी, सुषमा चौधरी, जिला मंत्री हेमा निगम, डॉ डिंपल जैन, संजय राव, जिला कोषाध्यक्ष राजन सिंह, जिला मीडिया प्राभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, महिला मोर्चा जिला संयोजक रंजीता श्रीवास्तव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा तौशीब अहमद अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष शिवसागर गौतम महिला मोर्चा जिला महामंत्री ज्योति सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष पुष्पा चौधरी सहित सभी मंडलों के प्रभारी मंडल अध्यक्ष पूर्व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो रैली की शिक्षकों ने बनाई कार्य योजना



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** विकास क्षेत्र पयागपुर के परिषदीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन हो, इसके लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विकास क्षेत्र बेसिक शिक्षा कोर कमेटी के तत्वाधान में आयोजित बैठक में माह अप्रैल के प्रथम तथा द्वितीय सप्ताह में स्कूल चलो अभियान रैली, शत- प्रतिशत नामांकन निःशुल्क पाठय- पुस्तक वितरण की योजना बनायीं गयी। ब्लाक संसाधन केंद्र पर कार्यालय प्रभारी सुनील कुमार त्रिपाठी तथा प्रभु दयाल मिश्रा ने बताया अगले सप्ताह में ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो रैली अभियान प्रस्तावित है जिसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है और संबंधित शिक्षक को जिम्मेदारी भी दे दी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा के निर्देशन में विकास क्षेत्र पयागपुर बेसिक शिक्षा में सारे पैरामीटर पूरा करने में प्रयास रत है, कोर कमेटी बैठक में गोपाल जी शुक्ला राजेश कुमार मिश्रा, पवन कुमार शुक्ला, विजय कुमार सरोज, दिलीप कुमार त्रिपाठी , रोहित शुक्ला तथा लिपिक राजेंद्र चक्रवर्ती कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किये।

# भावुक होने के बजाए पढ़कर आगे बढ़ें बेटियां : एएलसी



- छात्राओं को वितरित किया रिपोर्ट कार्ड

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के बालिका विहान विद्यालय में बुधवार को रिपोर्ट कार्ड वितरण और विदाई समारोह का आयोजन हुआ। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सहायक श्रम आयुक्त ने छात्राओं को आगे बढ़ने के टिप्स दिए। शहर में स्थित बालिका विहान आवासीय विद्यालय में बुधवार को रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदयानी और विशिष्ट अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद कुमार राय रहे। दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उपस्थित छात्राएं भावुक हुईं तो सभी को सहायक श्रम आयुक्त ने संभालते हुए कहा कि विद्यालय आप का है, आप सभी कभी भी वापस विद्यालय टहलने आ सकती हैं। लेकिन इससे बेहतर समय है कि आप पढ़कर अपने और विद्यालय का नाम रोशन करें। अध्यक्षता कर रहीं वार्डन प्रिया प्रसाद ने कहा कि अब सभी कक्षा में नामांकन दाखिल करवाने के साथ पढ़ाई जरूर करें। इसी से भविष्य है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अभिभावकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद सभी को रिपोर्ट कार्ड वितरण किया गया।

कक्षा आठ में पहले स्थान पर रिया, द्वितीय रानी और तृतीय मोहिनी राव रहीं। कक्षा सात में सीमा पांडेय प्रथम, आकृति सिंह द्वितीय और नंदिनी तृतीय रहीं।

कक्षा छह में साक्षी पांडेय प्रथम, मीनाक्षी द्वितीय और नेहा पाल तृतीय रहीं। इस दौरान श्रम विभाग के सूरज तिवारी, श्रद्धा रैकवार, निधि मिश्रा, भू रत्न प्रभा, प्रियंका श्रीवास्तव, धर्मेंद्र समेत अन्य मौजूद रहे।

## अराजक तत्वों ने मंदिर में स्थापित मूर्तियों को किया खंडित

**गांव के लोगों में रोष, मौके पर पुलिस तैनात**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के रामपुर धोबियाहार गांव में स्थित एक मंदिर में स्थापित मूर्तियों को अराजक तत्वों ने रात में खंडित कर दिया। सुबह जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। सुरक्षा को लेकर गांव में पुलिस तैनात है ।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर धोबियाहार निवासी सीताराम गुप्ता के घर के सामने शिव मंदिर स्थित है। जिसमें विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं। मंदिर में स्थापित मूर्तियों को मंगलवार रात अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। सुबह चार बजे इसकी जानकारी सीताराम को हुई तो उन्होंने अन्य लोगों को सूचना दी। गांव के लोग एकत्रित हुए। पुलिस को घटना से अवगत कराया गया। चौकी इंचार्ज टी एन मौर्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच की। थानाध्यक्ष ने जयदीप दुबे ने मौके पर पहुंच कर जांच की। पुलिस बल गांव में तैनात है। मंदिर के संस्थापक सीताराम गुप्ता ने थाने में तहरीर दी है। उनका कहना है कि महाशिवरात्रि पर मंदिर में भगवान शिव, लक्ष्मी और गणेश की मूर्तियों की स्थापना हुई थी।

**जल्द हो घटना का खुलासा :-** विश्व हिंदू परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष हिमांशु वर्मा ने मूर्ति खंडित किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने जल्द घटना का खुलासा करने और अराजक तत्वों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# 'संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए शुरू हुआ अभियान, सभी को मिलेगा इलाज'

- स्वास्थ्य केंद्रों में रैली आयोजित कर संचारी रोग नियंत्रण अभियान की हुई शुरुआत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में मंगलवार को सीएमओ कार्यालय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत रैली के माध्यम से की गई। कार्यक्रम में एसडीम कैसरगंज न्यायिक अधिकारी लालधार सिंह यादव भी उपस्थित रहे। यह अभियान 16 विभागों के आपसी समन्वय से 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसका उद्देश्य मच्छरजनित और जलजनित बीमारियों की रोकथाम के प्रति जनजागरूकता फैलाना है।

अभियान के तहत 10 अप्रैल से दस्तक अभियान चलाया जाएगा जिसमें स्वच्छता, मच्छर नियंत्रण और बीमारी से बचाव के उपायों के साथ ही संचारी रोग से लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची तैयार की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने बताया कि मौसम बदलने से दिमागी बुखार, जेई, मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस जोखिम को ध्यान में रखते हुए, 3384 आशा कार्यकर्ताओं और 2722 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को तैनात किया गया है। आशा कार्यकर्ता बुखार, आईएलआई, टीबी, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, कालाजार की पहचान करेंगे, जबकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुपोषित बच्चों की सूची तैयार करेंगे। इन आंकड़ों को ई-कवच



### लू से बचाव की विशेष तैयारी

डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने कहा कि बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए, सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर शुद्ध और शीतल पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों पर मौसम और तापमान की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी, ताकि लोग सुरक्षा के लिए समय रहते कदम उठा सकें। इसके साथ ही, हीट वेव से बचाव के उपायों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान की निगरानी के लिए हर सोमवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक होगी, जिसमें 16 विभागों और सहयोगी संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। अभियान की प्रगति रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को भेजी जाएगी, ताकि उसकी गति और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके।

### अपनी दिनचर्या में स्वच्छता को दें प्राथमिकता : डीएम

हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम मच्छरजनित और जलजनित बीमारियों के प्रति जागरूक रहें और अपनी दिनचर्या में स्वच्छता को प्राथमिकता दें। हमें इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन का पूरा सहयोग देना चाहिए, ताकि हम अपने जिले को स्वस्थ और सुरक्षित बना सकें।

**मोनिका रानी- जिलाधिकारी, बहराइच**

पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। अभियान में मच्छरों के प्रजनन क्षेत्रों को नष्ट किया जाएगा और दस्तक अभियान के तहत सभी परिवारों का 'आभा नंबर' सृजित किया जाएगा।

जिला सर्विलांस ऑफिसर और एसीएमओ डॉ. संतोष राना ने बताया कि डायरिया से बचाव के लिए सभी अस्पतालों में ओआरएस और जिंक की पर्याप्त आपूर्ति की गई है। इन्सेफलाइटिस के इलाज के लिए 11 आईटीसी केंद्र स्थापित किए गए हैं। लू और मौसम संबंधी समस्याओं से बचाव के लिए दवाइयाँ और जांच की व्यवस्था की गई है। बर्न वार्ड में जलने के उपचार के लिए जरूरी दवाइयाँ, एसी, पंखे और लाइट की व्यवस्था की गई है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों के लिए वाटर कूलर की सुविधा उपलब्ध की जा रही है।

## राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी का विरोध

# राणा सांगा का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

### करणी सेना ने सपा सांसद का पुतला फूंका

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सपा के राज्यसभा सांसद द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी व अपमान को लेकर करणी सेना के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है और पुतला फूंका है इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रही आपको बता दे कि शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज चौराहे पर समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा संसद में राणा सांगा पर अपमानित टिप्पणी की गई थी और उन्हें गद्दार बताया गया था जिसको लेकर कई दिनों से यह विरोध प्रदर्शन चल रहा है इस दौरान करणी सेना के लोगों ने सपा सांसद के घर पर हमला भी किया और पथराव कर गाड़ियों में तोड़फोड़ की राणा सांगा पर की गई टिप्पणी पर विरोध करते हुए यहां दर्जनों लोगों ने पुलिस बल की मौजूदगी में सपा सांसद का पुतला फूंका और उनके विरोध में नारे भी लगाए हैं प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि जो भी हमारे पूर्वजों का अपमान करेगा हम उसको कभी नहीं छोड़ेंगे। करणी सेना के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा तथा सांसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के साथ देशद्रोह का मामला दर्ज करने और राज्यसभा की सदस्यता खत्म करने की मांग की।





### करणी सेना ने सांसद के बयान को बताया समाज विरोधी

राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे जनप्रतिनिधियों द्वारा इस तरह की बयानबाजी अशोभनीय और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की भ्रामक और समाज को तोड़ने वाली बयानबाजी करने से बचे।

# मंदिर और स्कूल के पास शराब दुकान का विरोध

### व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग की

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

डलमऊ कस्बे में एक अंग्रेजी शराब की दुकान के विरोध में स्थानीय व्यापारियों ने कार्रवाई की मांग की है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल डलमऊ ने एसडीएम राजित राम गुप्ता को ज्ञापन सौंपा है।मुराईबाग सलोन रोड पर प्रस्तावित शराब की दुकान 150 वर्ष पुराने शिव मंदिर के निकट स्थित है। मंदिर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर एक विद्यालय भी है। अरुण सिंह नामक व्यक्ति मंदिर की पूर्व दिशा में यह दुकान खोलना चाहते हैं। इस दुकान का उद्घाटन 1 अप्रैल को निर्धारित है। व्यापारियों का कहना है कि मंदिर में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे पूजा के लिए आते हैं। शराब की दुकान खुलने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आबकारी विभाग ने मंदिर के दस्तावेज मांगे हैं। विभाग का कहना है कि दस्तावेज न होने पर दुकान यहीं खोली जाएगी। हालांकि, व्यापारियों का दावा है कि मंदिर राजस्व अभिलेख में दर्ज है।

एसडीएम राजित राम गुप्ता ने बताया कि मामला संज्ञान में है। सक्षम अधिकारी से जांच करा कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### तहसील लालगंज के 76 तालाबों की नीलामी 15, 16 व 17 को

**रायबरेली।** उपजिलाधिकारी लालगंज मिथिलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि उप्र राजस्व संहिता नियमावली 2016 के अधिसूचना के अनुसार नीलामी हेतु 76 नियत तालाबों की नीलामी की तिथियां निर्धारित की गई है जिसके अनुसार विकासखंड खीरों की 15 अप्रैल 2025 को, विकासखंड लालगंज की 16 अप्रैल 2025 को एवं विकासखंड सरेनी की 17 अप्रैल 2025 को तहसील सभागार कक्ष लालगंज रायबरेली में प्रातः 11:00 बजे से 02:00 बजे तक की जाएगी। नीलामी अधिकारी तहसीलदार लालगंज को नियुक्त किया गया है। आरक्षित बोली- लगान का 10फीसद है। उपजिलाधिकारी लालगंज ने नीलामी प्रक्रिया में बोली बोलने की पात्रता एवं शर्तें के बारे में बताया है कि नीलामी शासनादेश के अनुरूप होगी, जो तहसील मुख्यालय एवं राजस्व परिषद के वेबसाइट https://bor.up.nic.in पर उपलब्ध है। शासनादेश की प्रति रजिस्ट्रार कानूनगो लालगंज रायबरेली के कार्यालय में उपलब्ध है। जो देखी जा सकती है। इसमें दिए गए प्राविधानों के अनुसार ही नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। अधिक जानकारी के लिए उप जिलाधिकारी लालगंज कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### लोडर पलटने से चार युवक घायल

**रायबरेली।** ऊंचाहार में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। बाबूगंज बाजार के पास खीरा लदा लोडर पलट गया। हादसे में चार लोग घायल हो गए।खोजनपुर स्थित सब्जी मंडी से चार युवक लोडर पर खीरा लादकर रायबरेली शहर जा रहे थे। बाबूगंज बाजार के पास लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में पुलिस लाइन चौराहा निवासी दीपक (18), सिंटू सोनकर (22), आलोक और राना नगर निवासी राहुल (25) घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर मनोज शुक्ला के अनुसार, सभी घायलों का इलाज किया गया। उपचार के बाद सभी की हालत सामान्य हो गई। डॉक्टरों ने सभी को घर भेज दिया है।

### कर्म भक्ति और धर्म पर महात्माओं ने दिए प्रवचन

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** अवसेर गिरी मठ राम जानकी मंदिर अशरफाबाद पहरेमऊ मठ पर श्री सत चंडी महायज्ञ में संत महात्माओं के प्रवचन चल रहे हैं 1008 महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्रानंद गिरि की अध्यक्षता में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन 7 तारीख तक निरंतर चलते रहेंगे। इसी क्रम में प्रवचन दे रहे महात्मा स्वामी महेश्वरानंद गिरी चित्रकूट, रामानुजाचार्य नैमिषारण्य, स्वामी मंगलानंद राजस्थान से आए महात्माओं ने कर्म भक्ति और धर्म पर प्रकाश डालते हुए कहा हमारे द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य ईश्वर देखता है और उसका मूल्यांकन करता है इसलिए कार्य हमें ऐसा करना चाहिए जो समाज और जनहित के हित में हो और साथ-साथ हमारे हित में भी हो भक्ति के बारे में महात्माओं ने बताया कि भक्त तो भगवान से भी बड़ा होता है क्योंकि जब-जब भक्त ने भगवान को पुकारा है भगवान दौड़ते हुए आए हैं भक्ति में ऐसा भाव छिपा होता है जो कि हमें सत्कर्मों के मार्गों पर चलने की शिक्षा देता है एवं हम सभी को धर्म के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।

### जिला सहकारी बैंक लिमिटेड की बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड रायबरेली मुख्यालय के सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में मंत्रकेश्वर शरण सिंह स्वास्थ्य राज्यमंत्री, उप्र सरकार द्वारा तहसील तिलोई जनपद अमेठी के अन्तर्गत बैंक से सम्बद्ध बी-पैक्स के माध्यम से किसानों को दी जा रही सुविधाएं केसीसी ऋण, खाद बीज एवं अन्य उर्वरक आदि की समीक्षा की और समितियों के माध्यम से अधिक से अधिक कृषक सदस्यों को लाभान्वित करें एवं सरकार द्वारा किसानों को सहकार से समृद्धि योजनान्तर्गत दी जा रही सुविधाओं के लाभ दिये जाने की चर्चा की गई। बैठक में अदिति सिंह सदर विधायिका, अशोक कुमार विधायक सलोन, विवेक विक्रम सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा द्वारा बताया गया कि बैंक से सम्बद्ध समितियों के माध्यम से कृषक सदस्यों को रूपे केसीसी ऋण , कम ब्याज दर पर किसानों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है तथा सरकार द्वारा समितियों को निर्धारित लिमिट के अन्तर्गत किसानों को उर्वरक की उपलब्धता को बनाये रखने एवं किसानों को केसीसी ऋण के अन्तर्गत, केसीसी मत्स्यपालन, केसीसी पशुपलन ऋण को दिये जाने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में राघवेन्द्र प्रताप सिंह संचालक, जिला सहकारी बैंक लि., रायबरेली, विनोद सिंह इफको प्रबन्धक, रणन्जय सिंह वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक, श्याम लाल रत्नाकर शाखा प्रबन्धक, अजय तिवारी एवं राघवेन्द्र सिंह, आशुतोष कुमार बिष्ट, शिवम सिंह आदि मौजूद रहे ।



### तहसील अधिकारियों के अनैतिक कृत्यों पर अधिवक्ताओं ने जताया विरोध

**उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील अधिकारी व कर्मचारियों के अनैतिक कृत्यों को लेकर एक बैठक अध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में तहसील स्थित न्यायालयों के कार्य में सहयोग न करने का निर्णय लिया गया। विदित हो कि थाना गैंडास बुजुर्ग के ग्राम दुघारा में रास्ते की भूमि पर जबरन निर्माण को लेकर शांति भंग की आशंका में पांच अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया जिससे अधिवक्ताओं ने विरोध दर्ज कराया और सोमवार को तहसील न्यायालय का कार्य नहीं होने दिया।उपजिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर ने बताया कि रास्ते की भूमि पर रात्रि में निर्माण की सूचना पर पुलिस ने दो लोगों को लेकर थाने चली आई इसके बाद भी निर्माण कार्य नहीं रोका गया और शिकायतकर्ता से विवाद करने लगे।बैठक में इसहाक हसन,अली जहीर,मुस्तफा हुसैन,बैनी माधव तिवारी,अश्विनी कुमार,जय करण,सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** शिक्षा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय लौकिया ताहिर में वार्षिक उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में पढ़ाई में अच्छा आचरण करने वाले छात्र कौशिक,गगन,शिवम,रौनक को पुरस्कृत किया गया।साथ ही 90 के सापेक्ष 70 बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया। नामांकन मेले एवं स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली भी निकाली गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नीरज पांडेय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया, साथ ही नामांकन मेले के तहत अभिभावकों को जागरूक किया गया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। इसके अलावा, विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर स्कूल चलो अभियान के तहत बनकटवा, लौकिया,चौका,आदि गाँवों में रैली निकाली। इस दौरान बच्चों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने वाले नारे लगाए और ग्रामीणों को अपने बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की कि वे शिक्षा को प्राथमिकता दें और हर बच्चे को स्कूल भेजें, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक नीरज पाण्डेय ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर राजन ओझा, शमीम अहमद, अनिता, अंजू आदि मौजूद रहे ।



### 22 हजार वोल्ट के टावर पर चढ़ा युवक, पुलिस ने बचाई जान

**रायबरेली।** एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक की जान बाल-बाल बच गई। जगतपुर थाना क्षेत्र के विजय सिंह का पुरवा गांव के पास युवक 22 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन पर चढ़ गया।स्थानीय लोगों ने तुरंत पीआरवी (पुलिस रेस्पांस व्हीकल) को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने काफी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि युवक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था, जिसके कारण वह बिजली के खंभे पर चढ़ गया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

# अनाधिकृत ई-रिक्शा के खिलाफ चला अभियान

### अवैध ई-रिक्शा और ऑटो चालकों पर कसी गयी नकेल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने अनधिकृत ई-रिक्शा और ऑटो के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंगलवार से पूरे प्रदेश में यह अभियान चलाया जा रहा है. ई रिक्शा के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर बछरावाँ में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। बुधवार को एआरटीओ प्रवर्तन मनोज सिंह के नेतृत्व में सुबह से चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एआरटीओ ने बिना वैध कागज़ात या लाइसेंस के दौड़ रहे लगभग एक दर्जन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई हुई है।



इस दौरान ट्रैफिक प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले सभी जनपद में चल रहे 5000 से ज्यादा ई रिक्शा चालकों को निर्देश दिया गया था और उनका रोड भी तय किया गया था जिनको लेकर कलर कोडिंग भी की गई थी लेकिन अभी भी सैकड़ो ऐसे ई रिक्शा चालक है जो यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं और अपने रोड पर नहीं चल रहे हैं उनको यहां पर रोक कर कार्रवाई की जा रही है और हिदायत देते हुए उन्हें तय रोड पर चलने के लिए कहा गया है इसके बाद भी अगर कोई मनमानी करता है तो उसे ऑटो चालक पर कठोर कार्रवाई की जाएगी दर्शन पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जाम से निपटने के लिए यह तरीका अपनाया गया था लेकिन अभी भी इस तरीके को कोई मानने को तैयार नहीं है।

### ई-रिक्शा चार्ट लागू, चालक और सवारी परेशान

यातायात व्यवस्था ठीक करने के लिए शासन स्तर से ई-रिक्शा का रूट चार्ट जारी करने के साथ ही अराजकता पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को गोराबाजार मैदान में ई रिक्शा का चार्ट लगा दिया गया। उसी के अनुरूप ई-रिक्शा चालकों को सवारी ढोने को कहा गया। रूट में ने बदलाव से परेशानी रही। सवारियों को भी बीच रास्ते से उतरना पड़ा। वहीं यातायात पुलिस चार्ट के अनुरूप ई रिक्शा को चलाने के लिए हिदायत दी। जो चालक नहीं माने, उनके घर रिक्शा खड़े करा दिए गए। उधर एआरटीओ ने भी ई रिक्शा का बछरावां में चेकिंग अभियान चलाया। इससे चालकों में खलबली मची रही।



> एआरटीओ मनोज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर पूरे प्रदेश समेत रायबरेली में यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान ऐसे ई रिक्शे चिन्हित किये जा रहे है जिनके वैध परिपत्र नहीं हैं। इस दौरान उन रिक्शा चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है जिनके पास वैध लाइसेंस नहीं हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुछ अवैध रिक्शे सीज़ किये गए हैं जबकि कुछ का चालान हुआ है। एआरटीओ के मुताबिक यह अभियान पूरे ज़िले में चरणबद्ध तरीके से लगातार चल रहा है।
>
> -मनोज सिंह, (एआरटीओ रायबरेली)

# प्रगति पत्र वितरण में छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

किसी भी विद्यालय के लिए प्रगति पत्र वितरण करना खास होता है। क्योंकि यह न केवल छात्रों के लिए बल्कि शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। जो उत्सव के रूप में मनाया जाता है। हम बात कर रहे हैं सलोन विकासखंड के नूरुद्दीनपुर स्थित चाइल्ड वेलफेयर कान्वेंट स्कूल की। जहां वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अच्छा प्रदर्शन कर उच्च श्रेणी वाले छात्रों को पुरस्कत कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार पांडेय एवं प्रधानाचार्य पुष्पा पांडेय ने शिक्षकों के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।साथ ही आये हुए अतिथियों का स्वागत कर सम्मानित किया। अतिथियों ने बच्चों से सीधा संवाद स्थापित कर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं रिपोर्ट कार्ड पाकर बच्चों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अभिभावकों ने कहा स्कूल में पढ़ाई के साथ वातावरण और शिक्षकों का व्यवहार सराहनीय हैं। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।साथ ही विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन करें। इस मौके पर शिक्षक पवन कुमार,अंकुर, राहुल, दीपांशु ओझा, मानसी, पूनम, पारुल, अंजली, रश्मि समेत तमाम अभिभावक मौजूद रहे।



# स्कूली बच्चों को अग्नि सुरक्षा की दी गई जानकारी

### सलोन फायर स्टेशन की टीम ने दी ट्रेनिंग, आग से बचाव के बारे में बताया

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** सलोन फायर स्टेशन की टीम ने बाबा गंगादास स्मारक विद्या मंदिर केशवापुर में छात्र-छात्राओं को अग्नि सुरक्षा की जानकारी दी। फायर स्टेशन प्रभारी ने 2 अप्रैल को स्कूल में विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया।टीम ने बच्चों को गर्मियों में आग से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के तरीके समझाए। उन्होंने बताया कि तेज हवाओं के मौसम में आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए खेतों और कूड़े के ढेर को एक जगह इकट्ठा नहीं करना चाहिए। प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट से लगने वाली आग से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आग और एलपीजी सिलेंडर से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के तरीके भी समझाए गए। बच्चों को विभिन्न प्रकार की आग को बुझाने के तरीके सिखाए गए। फायर टीम ने मॉकड्रिल के जरिए बच्चों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। इस दौरान स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा।



### शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन रामलीला आयोजित

**महुआ बाजार (बलरामपुर)।** श्री शतचंडी महायज्ञ एवं राम लीला का आयोजन हाशिम पारा में किया गया, श्री धाम अयोध्या से पधारे आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ। नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के साथ श्री राम लीला का आयोजन भी किया गया है। राम लीला समिति के द्वारा मंचन किया गया। एक बार भूपति मन माही। भै ग्लानि मोरे सुत नाही।। राजा दशरथ को एक दिन पुत्र न होने की चिंता हुई, व्याकुल होकर अपने गुरु के पास पहुंचते हैं उनके चरणों में अनुनय विनय करते है राजा दशरथ के दुख को देख कर गुरु वशिष्ठ समझाते हैं और कहते है कि धीरज रखो पुत्र होंगे। धारहु धीर होईहें सुत चारी।। वशिष्ठ श्रृंगी ऋषि को बुलाते हैं और पुत्रेष्टि यज्ञ करवाते हैं। कुछ दिन बाद दीनो पर दया करने वाले, कौशल्या नंदन अपने चार शक्तियों से अवतरित होते है। भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। हर्षित महतारी मुनि मनिहारी, अदभुत रूप निहारी।। भगवान का जन्म होती ही गोले तमाशे दगने लगे, वशिष्ठ मुनि राजा दशरथ से यज्ञ रक्षार्थ मांगने आते है, दोनों भाइयों को अपने साथ लेकर जाते है उनके यज्ञ में विघ्न डालने वाले राक्षसों का वध करने के बाद अमराई बाग में पुष्प लेने हेतु भगवान राम और लघु भ्राता लखन लाल जाते हैं। आयोजक राकेश प्रधान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दद्दन त्रिपाठी, अरुण मिश्रा, अशोक कुमार गुप्ता, पेशकार, लक्ष्मी मिश्रा, समेत सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।



# सेवानिवृत्त हुए 60 शिक्षकों का हुआ सम्मान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बेसिक शिक्षा परिषद में वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए 60 शिक्षकों का सम्मान जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की तरफ से चक अहमदपुर में किया गया। शिक्षकों का सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि जिला कोषाधिकारी अयोध्या ममता सिंह रहीं। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी, जिला कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव, बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह, सहायक वित्त एवं अधिकारी सरोज कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक समर बहादुर सिंह ने की। सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह के दौरान अपना उद्बोधन देते हुए अयोध्या की मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह ने कहा कि आप लोग सेवानिवृत्त सेवा से हुए हैं। शिक्षा का प्रकाश सदैव ही समाज में फैलाते रहिएगा। जिला कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव ने कभी न माँ-बाप की आँखों में आंसू देजीत की पंक्तियों को सुनाकर शिक्षकों को संबोधित किया। सेवानिवृत्त शिक्षक चन्द्र किरन गुप्ता ने कहा कि हम लोग पांच साल की उम्र विद्यालय जाना शुरू किये थे और 31 मार्च तक जाते रहे। हम लोग ताउम्र आगे भी जाते रहेंगे। सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान करते हुए प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने कहा कि एक शिक्षक अपने जीवनकाल में इतने उपकार करता है कि उसको शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। उसकी मेहनत से ही हजारों बच्चों का भविष्य बनता है। बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक एक दीपक की तरह है, वह हमेशा ही अपनी रोशनी से हजारों युवाओं का भविष्य बनाता है। उन्होंने कहा कि हमें आगे भी बच्चों को पढ़ाने के लिए आते रहना होगा। बीईओ बृजलाल ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए शिक्षक पेड़ पढ़ने के नीचे लगने वाली क्लॉस के दौर में आए होंगे और आज हमारे क्लासरूम स्मार्ट हो गए हैं। आपका अनुभव जरूर लोगों के काम आएगा। संरक्षक समर बहादुर सिंह ने कहा कि आज सेवानिवृत्त होने वाले सभी साथियों को मेरी शुभकामनाएं हैं। हमारा और आपका काम यही से समाप्त नहीं होता है, हम लोग भले ही सेवानिवृत्त हो गए हैं, लेकिन हमें समाज को आगे बढ़ाने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव और महामंत्री सियाराम सोनकर ने कहा कि एक शिक्षक कभी भी अपने कार्य से सेवानिवृत्त नहीं होता है, वह अपनी सेवा से भले ही रिटायर्ड हो जाता है, लेकिन उसका काम समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाना है। कार्यक्रम का संचालन संगठन प्रवक्ता सुनील यादव और नीरज रावत ने किया।



# वक्फ संशोधन बिल के मद्देनजर उतरौला में पुलिस अलर्ट, सुरक्षा कड़ी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन बिल पेश होने को लेकर उतरौला पुलिस अलर्ट रही। चौक चौराहा सहित सभी प्रमुख स्थानों मस्जिद ऑन दरगाहों व अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस तैनात रही। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने नगर में पैदल मार्च करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही क्षेत्र में गणमान्य लोगों के साथ बातचीत की और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील भी की। वक्फ संशोधन बिल को लेकर पूरे देश में बवाल मचा हुआ है। आपको जानकारी के लिए बता दें आज वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पेश होना है। जिसके चलते उत्तर प्रदेश में पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं योगी सरकार ने यूपी पुलिस के डीजीपी प्रशांत कुमार ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को चप्पे चप्पे पर नजर जमाए रखने के आदेश दिए। वहीं लोकल इंटेलिजेंस यूनिट को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए भी निर्देश दिए गए। इतना ही नहीं इस दौरान अगर सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर भड़काऊ बातें या अफवाहें देखने को मिली तो उस पर भी कड़ा एक्शन लिया जाएगा।





**सड़कों पर हो रहा फ्लैग मार्च:** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस द्वारा सड़कों पर फ्लैग मार्च निकाली गई। आपकी जानकारी के लिए बता दें, वहीं विपक्ष भी वक्फ संशोधन बिल का विरोध करते हुए डटा हुआ है। वहीं इस दौरान यह भी निर्देश दिए गए, हैं कि किसी राजनीति दल के प्रदर्शन की आड़ में कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए अलर्ट पर रहने को कहा गया है। वहीं ऐसा होने पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश है।

# अदालत के आदेश पर 11 पेड़ चोरी मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

**उतरौला ( बलरामपुर)।** सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय के आदेश पर चोरी से ग्यारह पेड काटने वाले दो लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का हुआ आदेश। शफीक सुलतान खान निवासी चमरुपुर थाना श्रीदत्तगंज ने न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला में 173(4) के तहत एक प्रार्थना पत्र दिया था कि गाटा संख्या 944,946 ग्राम चमरूपुर का खातेदार है इसी गाटे में उसने बाग लगा रखा है बीस नवम्बर 2024 को ग्राम चमरूपुर थाना श्रीदत्तगंज निवासी अब्दुल कुद्दुस व मोहम्मद आर्य नगर कस्बा उतरौला निवासी लल्लू ग्यारह पेड चोरी से काट कर उठा ले गये, जिसके सम्बन्ध में उसने थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज, पुलिस उपाधीक्षक उतरौला, पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन मुकदमा नहीं दर्ज किया गया, सिविल जज जूनियर डिवीजन उतरौला योगेश कुमार चौधरी ने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया घटना को गम्भीर मानते हुए थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज को अब्दुल कुद्दुस व लल्लू के विरुध चोरी का मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश पारित किया है।थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज अनिल कुमार दीक्षित ने बताया कि न्यायालय का आदेश मिल गया है मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गयी है।

## यूपी के 29 जिलों में आर्सेनिक की मात्रा बढ़ी

उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में भूजल में आर्सेनिक की मात्रा अधिक पाई गई है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्धारित मानक से अधिक है। इससे लगभग 2.34 करोड़ ग्रामीण आबादी प्रभावित है। इसमें शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, चंदौली, वाराणसी, प्रतापगढ़, कुशीनगर, मऊ, बलरामपुर, देवरिया और सिद्धार्थनगर जैसे जिले आर्सेनिक से प्रभावित हैं। इनमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी और उन्नाव जनपद हैं, जहां के भूजल में प्रति लीटर (ug/L) 23 से 140 माइक्रोग्राम आर्सेनिक की मात्रा पाई गई है, जो WHO की 10 ug/L की सीमा से अधिक है। सदन में पूछे गए एक पश्न के उत्तर में जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने लोकसभा में बताया कि सीजीडब्ल्यूबी द्वारा तैयार वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट-2024 के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश के 29 जिलों के अलग-अलग हिस्सों में भूजल में निर्धारित सीमा से अधिक आर्सेनिक की मौजूदगी की जानकारी मिली है। सदन में उठे एक सवाल का जवाब में जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने लोकसभा में 'भारत के गतिशील भूजल संसाधनों का राष्ट्रीय संकलन, 2024' नामक रिपोर्ट का हवाला दिया। श्री चौधरी ने कहा कि देश में कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण 446.9 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) आंका गया है, जबकि कुल वार्षिक निकाले जाने योग्य भूजल संसाधन 406.19 बीसीएम आंका गया है और सभी उद्देश्यों (जैसे घरेलू, औद्योगिक, कृषि उपयोग आदि) के लिए कुल वार्षिक भूजल लगभग 245.64 बीसीएम निकाला गया है। जिसे पूरे देश के लिए वार्षिक निकाले जाने योग्य भूजल संसाधन पर वार्षिक भूजल निकालने के अनुपात के रूप में परिभाषित किया गया है। इसके अलावा देश में कुल 6746 मूल्यांकन इकाइयों (ब्लॉक/तालुका/मंडल) में से 4951 (73.39 फीसदी) इकाइयों को 'सुरक्षित', 711 इकाइयों (10.54 फीसदी) को 'अर्ध-महत्वपूर्ण', 206 इकाइयों (3.05फीसदी) को 'महत्वपूर्ण', 751 इकाइयों (11.13 फीसदी) को 'अत्यधिक-शोषित' और शेष 127 मूल्यांकन इकाइयों (1.88 फीसदी) को 'खारे पानी' की श्रेणी में रखा गया है। भूजल प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों में पर्यावरण क्षतिपूर्ति का प्रावधान न होने के कारण केंद्रीय भूजल प्राधिकरण ने राज्य भूजल प्राधिकरण को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के तहत पर्यावरण क्षतिपूर्ति (ईसी) लगाने का निर्देश दिया है।पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाते समय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी नियमों का पालन करने की बात भी कही गई है। यह जुर्माना उन आवासीय परिसरों, कारखानों, व्यवसायों और अन्य पर लागू होगा, जो भूजल का अवैध रूप से दोहन कर रहे हैं। बता दें कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने 26 नवंबर, 2024 को दिए अपने आदेश में केंद्रीय भूजल प्राधिकरण को क्रिकेट स्टेडियमों के बारे में जानकारी एकत्र और व्यवस्थित करने का निर्देश दिया था। इसमें बोरवेल संबंधी विवरण जैसे उसकी स्थिति, अनुमति ली गई है या नहीं और कितना भूजल निकाला जा रहा है, उसकी जानकारी शामिल करनी थी। साथ ही यह भी जानकारी मांगी गई थी कि क्या सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) द्वारा साफ किए पानी का उपयोग किया जा रहा है या नहीं। साथ ही स्टेडियमों में बारिश के पानी को संजोने के लिए प्रणाली लगाई गई है या नहीं। इतना ही नहीं अदालत ने भूजल के अवैध उपयोग के लिए लगाए गए जुर्माने के बारे में भी पूछा और यह भी जानकारी मांगी है कि क्या उसका भुगतान किया गया है या नहीं।

# हरिभाऊ वाकणकर : भीमबैठका व वैदिककालीन मानव सभ्यता के खोजकर्ता

*रमेश शर्मा*

सुप्रसिद्ध पुरातत्वविद् की पुण्यतिथि (03 अप्रैल 1988) पर विशेष

डॉक्टर हरिभाऊ वाकणकर की गणना संसार के प्रमुख पुरातत्वविदों में होती है। उन्होंने भारत के विभिन्न वनक्षेत्र के पुरातन जीवन और भोपाल के आसपास लाखों वर्ष पुराने मानव सभ्यता के प्रमाण खोजे। भीमबैठका उन्हीं की खोज है। उनके शोध के बाद विश्व भर के पुरातत्वविद् भारत आये और डाक्टर वाकणकर से मार्गदर्शन लिया। उनका पूरा नाम श्रीविष्णु श्रीधर वाकणकर था लेकिन वे हरिभाऊ वाकणकर के नाम से प्रसिद्ध थे।

उनका जन्म 4 मई 1919 को मध्यप्रदेश के नीमच नगर में हुआ। पिता श्रीधरजी वाकणकर वैदिक विद्वान थे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे। बड़े भाई लक्ष्मण वाकणकर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से केमिकल इंजीनियर थे। उन्हें सिरेमिक कला में विशेषज्ञता प्राप्त थी। लिपियों के विकास विशेषकर देवनागरी के डिजिटलीकरण में विशेषज्ञ के रूप में उनकी ख्याति थी। हरिभाऊ जी की प्रारंभिक शिक्षा नीमच में ही हुई और उच्च शिक्षा केलिये बनारस गये। पारिवारिक पृष्ठभूमि ने उनके भीतर भारतीय संस्कृति के प्रति अटूट स्वाभिमान जागृत किया और राष्ट्रीय स्वयं सेवकसंघ से जुड़ने के लिये प्रेरित किया। वे बालवय में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गये थे। हरिभाऊ जी बहुत अध्ययन एवं कल्पनाशील थे, स्मरण शक्ति और स्वत्व वोध विलक्षण था। छात्र जीवन में अपनी कक्षा के साथियों और अन्य मित्रों से परस्पर चर्चा में तर्क सहित वे उन धारणाओं का खंडन करते थे जो विदेशी लेखकों ने भारतीय वाङ्मय की गरिमा कम करने के लिये स्थापित की थीं। शिक्षा पूरी कर उन्होंने इसी दिशा में कदम बढ़ाये। उन्होंने भारतीय पुरातन साहित्य का विस्तृत अध्ययन किया और पुराणों कथाओं से संबंधित विवरणों के सजीव प्रमाण खोजे।अनेक उन तथ्यों को प्रमाणित किया जिन्हें मिथक कहकर नकारा जाता रहा था। इसमें वेद वर्णित सरस्वती नदी का अस्तित्व भी है।

वाकणकर जी ने सरस्वती नदी की खोज के लिये विश्व इतिहास के इस तथ्य को आधार बनाया कि संस्कृतियों के विकास और इतिहास के प्रमाणीकरण में नदियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। वाकणकर जी ने वैदिक साहित्य में वर्णित सरस्वती नदी की खोज आरंभ की। उन्होंने उपग्रह छवि से प्रमाणित किया कि सरस्वती नदी का प्रवाह हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात से होकर गुजरता है।



ध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग चालीस किलोमीटर दूर भीमबेटका के प्राचीन शिलाचित्रों की खोज वाकणकरजी ने की थी। भीमबैठका और भोजपुर के आसपास के कुछ चित्र तो लगभग पौने दो लाख वर्ष पुराने प्रमाणित हुये। इन सभी चित्रों का कार्बन-डेटिंग पद्धति से परीक्षण किया गया। इसका सत्यापन अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं ने किया । इसी शोध के चलते उन्हें 1975 में पद्मश्री अलंकरण मिला। वाकणकर जी उज्जैन के सिंधिया ओरियंटल इंस्टीट्यूट से जुड़े थे और भारतीय कला मंदिर उनकी साधना स्थली था। वे न केवल पुरातत्वविद् थे अपितु अच्छे चित्रकार भी थे। उन्हें जितनी विशिष्टता पुरातात्विक अनुसंधान में प्राप्त थी वे उतने ही श्रेष्ठ संगठक थे। उनका पूरा जीवन ऋषि परंपपरानुरूप था। उन्होंने अपने शिष्यों की एक विशाल मंडली तैयार की। उनमें श्याम सुंदर सक्सेना, गोमती संकुशल, सचिदा नागदेव , मुजफ्फर कुरैशी, रहीम गुट्टीवाला आदि प्रमुख रहे। अपने शिष्यों की टोली के साथ उन्होंने चंबल और नर्मदा के बीहड़ों की खोज की और इंग्लैड तक यात्रा की। उनका शिष्य मंडल मानों परिवार था, उनके व्यक्तित्व का अंग था। वे सुनते अधिक थे बोलते कम थे। जो बोलते मानों ब्रह्म वाक्य होता। उन्होंने जीवन में कभी विश्राम नहीं किया। उन्होंने निरंतर यात्राएँ कीं, भारत के सभी महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थानों के साथ विश्व के अनेक स्थानों की यात्रा इसमें शामिल है। वे कभी भी एक झोला कंधे पर टाँग कर निकल पड़ते थे। जिस प्रकार उनके जीवन का आरंभ भारतीय परंपरा, संस्कृति और श्रेष्ठता को प्रतिष्ठित करने के अभियान के साथ हुआ था, जीवन का समापन भी कर्मपथ पर हुआ। उन्होंने 4 मई 1988 को सिंगापुर में जीवन की अंतिम श्वाँस ली।

आगे चलकर इस मार्ग के लिये एक परियोजना का गठन हुआ जिसके सलाहकार मंडल कै संयोजक वाकणकर जी बनाये गये। उन्होंने सिंधु घाटी सभ्यता को भी सरस्वती नदी से जुड़े होने के प्रमाण दिये। पुरातात्विक खोज के लिये उन्होने उन्होंने पूरे देश की यात्रा की। गंगा और नर्मदा के किनारे, विन्धय एवं सतपुड़ा पर्वत क्षणियों के मैदानों में लाखों वर्ष पुराने मानव सभ्यता के चिन्ह खोजे। पर उन्हें मालवा से बहुत लगाव था। इसलिये उन्होंने नीमच, रतलाम, उज्जैन, इंदौर, कायथा, शाजापुर के साथ भोपाल, रायसेन, विदिशा आदि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया और वनक्षेत्र में पदयात्राएँ कीं।

उनके जीवनवृत के अध्ययन से लगता है कि प्रकृति से उन्हें कोई अतिरिक्त ऊर्जा प्राप्त थी। वे पुरातात्विक और खंडित प्रतिमाओं को इतने ध्यान से देखते थे कि लगता था उनसे बातें कर रहे हो। कई बार तो बैठे-बैठे उठकर किसी विशिष्ट स्थान की ओर चल देते थे अथवा चलती ट्रेन में अपनी यात्रा अधूरी छोड़कर जंगल में उतर जाते थे और उन्हें वहाँ कुछ न कुछ पुरातात्विक खजाना मिल ही जाता था।

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग चालीस किलोमीटर दूर भीमबेटका के प्राचीन शिलाचित्रों की खोज वाकणकरजी ने की थी। भीमबैठका और भोजपुर के आसपास के कुछ चित्र तो लगभग पौने दो लाख वर्ष पुराने प्रमाणित हुये। इन सभी चित्रों का कार्बन-डेटिंग पद्धति से परीक्षण किया गया। इसका सत्यापन अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं ने किया । इसी शोध के चलते उन्हें 1975 में पद्मश्री अलंकरण मिला।

वाकणकर जी उज्जैन के सिंधिया ओरियंटल इंस्टीट्यूट से जुड़े थे और भारतीय कला मंदिर उनकी साधना स्थली था। वे न केवल पुरातत्वविद् थे अपितु अच्छे चित्रकार भी थे। उन्हें जितनी विशिष्टता पुरातात्विक अनुसंधान में प्राप्त थी वे उतने ही श्रेष्ठ संगठक थे। उनका पूरा जीवन ऋषि परंपपरानुरूप था। उन्होंने अपने शिष्यों की एक विशाल मंडली तैयार की। उनमें श्याम सुंदर सक्सेना, गोमती संकुशल, सचिदा नागदेव, मुजफ्फर कुरैशी, रहीम गुट्टीवाला आदि प्रमुख रहे। अपने शिष्यों की टोली के साथ उन्होंने चंबल और नर्मदा के बीहड़ों की खोज की और इंग्लैड तक यात्रा की। उनका शिष्य मंडल मानों परिवार था, उनके व्यक्तित्व का अंग था। वे सुनते अधिक थे बोलते कम थे। जो बोलते मानों ब्रह्म वाक्य होता। उन्होंने जीवन में कभी विश्राम नहीं किया। उन्होंने निरंतर यात्राएँ कीं, भारत के सभी महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थानों के साथ विश्व के अनेक स्थानों की यात्रा इसमें शामिल है। वे कभी भी एक झोला कंधे पर टाँग कर निकल पड़ते थे। जिस प्रकार उनके जीवन का आरंभ भारतीय परंपरा, संस्कृति और श्रेष्ठता को प्रतिष्ठित करने के अभियान के साथ हुआ था, जीवन का समापन भी कर्मपथ पर हुआ। उन्होंने 4 मई 1988 को सिंगापुर में जीवन की अंतिम श्वाँस ली। यह उनके व्यक्तित्व और कार्य क्षमता और ऊर्जा की विलक्षण विशेषता थी कि पुरातात्विक अन्वेषण में अपने अतुलीय और अथक कार्य के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रकल्पों में भी उनकी सक्रियता निरन्तर रही। वे 1981 में स्थापित संस्कार भारती के संस्थापक महामंत्री रहे। वनक्षेत्र में अपने शोध कार्य के साथ उन्होने संघ की योजनानुसार सामाजिक और शैक्षणिक उत्थान कार्य भी किये। पुरातात्विक अनुसंधान और सामाजिक कार्यों के साथ वाकणकरजी ने सिक्कों और शिलालेखों का संग्रह भी किया। उन्होंने ईसा पूर्व 5वीं शताब्दी से लेकर अब तक के लगभग 5500 सिक्कों और संस्कृत, प्राकृत, ब्राह्मी आदि भाषाओं के लगभग 250 शिलालेखों का संग्रह किया। उनके योगदान की स्मृति को सजीव रखने के लिये संस्कार भारती ने 4 मई 2019 से 3 मई 2020 के बीच उनकी जन्म शताब्दी वर्ष का आयोजन किया था। उनका शरीर भले आज संसार में नहीं है पर उनके अनुसंधान सजीव हैं। वे पुरातात्विक अनुसंधान के मील के पत्थर थे। उनके द्वारा स्थापित मानदंड आज भी अनुसंधानकर्ताओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

विचार

# नारी, क्या तुम श्रद्धा हो ?

*कविता सिसोदिया*

नारी मां, बहन, पुत्री, पत्नी के रूप में अपनी विशेष महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आई है। उसके आगे ईश्वर को भी झुकना पड़ा। वह सावित्री बनकर अपने अल्पायु पति को अपनी बुद्धिमत्ता और पतिव्रता के तेज से यमराज को वापस देने के लिए विवश कर देती है। नारी में पुरुषों से अधिक सहनशीलता, दया, कोमलता, ममता और संवेदनशीलता होती है। एक कथन बुजुर्गों द्वारा कहा जाता रहा है कि किसी के घर में अगर सांप निकल जाए तो उसे अधिकतर डंडे से मार दिया जाता है। मरे सांप को देखकर नागिन विलाप करती है कि वहां पर क्या कोई नारी नहीं थी जो मेरे नाग को मारने से बचा देती अर्थात भारतीय नारी इतनी दयालु और धार्मिक है कि वह सांप में भी भगवान शिव को देखती है और उसे मारने वाले को रोककर सांप को जाने देती है। पर आज के इस विकसित युग में नारी के ये गुण कहां चले गए?

आज नारी को अशिक्षा, शोषण, पर्दे की काल कोठरी से बाहर निकलकर पुरुषों के समान अधिकार और अवसर दिए जा रहे हैं। अब स्थिति यहां तक है कि आज की नारी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। सच तो यह है कि संकल्प लेने वाली नारी पुरुष पर भी भारी है। किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ना उसका अधिकार है तो अपनी गरिमा बनाए रखना उसका कर्त्तव्य है।

पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर चलने का अर्थ पुरुष के दुर्गुण, उसकी कमजोरियां ग्रहण करना नहीं है, अपितु ईश्वर प्रदत अपनी श्रेष्ठता बनाए रखना है। कहीं ऐसा तो नहीं कि घर की चारदीवारी से निकलने के बाद शिक्षित होने पर भी उस स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग किया जा रहा है कि युवतियां माता-पिता से बगावत कर अपनी पसंद की शादी करने के बाद एक बच्ची की मां बनकर भी पराए पुरुष से अवैध संबंध बनाकर उसके साथ मिलकर नशे में अपने पति को मार कर उसके टुकड़े कर ड्रम में सीमेंट में सील कर देती है। क्या यह वही नारी है जो सांप पर भी करुणा का सागर रखती है।

अरे नारी तो वह अवतार है जो दुराचारी को भी सही राह दिखाती है। कहां गई पतिव्रता अनुसूया जिसने भगवान को भी बच्चा बनाकर गोद में ले लिया, दुश्मनों के हाथ न लगने वाली लक्ष्मीबाई, वह सीता जी जिसे रावण उंगली नहीं लगा पाया। एक सत्य कथन है कि नारी की छठी इंद्री उसे आभास दिला देती है कि उक्त पुरुष के मन में क्या है। फिर भी आज की युवती मां-बाप की अनुमति के बिना किसी के भी साथ भाग कर लीव इन रिलेशन में रहने लगती है और एक दिन उन लड़कियों के भी कई टुकड़े करके कभी फ्रिज में, कभी पॉलिथीन बैग में, कभी अटैची केस में फैंके मिले। ऐसे समाचार भी आम तौर पर आते रहते हैं कि महिला को शादी का झांसा देकर शोषण किया गया। कहीं ऐसा तो नहीं कि चारदिवारी से निकलने के बाद शिक्षित होने पर भी नारी अपना रास्ता भटक गई है। नारी का सौंदर्य उसके शील, उसकी प्रतिभा, उसकी सद्चरित्रता, शालीनता और विनम्रता में है, न कि निर्लज्जता, असभ्यता एवं अहंकार में। स्त्री-पुरुष गृहस्थी रूपी रथ के दो पहिए हैं। प्रकृति से मिले स्त्री-पुरुष के अलग-अलग गुणों से दोनों के समन्वय से ही गृहस्थ जीवन सुखी होता है। समानता का तात्पर्य यह कभी नहीं है कि स्त्री घर छोड़कर बाहर ही काम करे। यदि आवश्यकता है तो बात दूसरी है, अन्यथा आवश्यकता न होने पर घर-परिवार में बुजुर्गों और संतान की अवहेलना करके धनार्जन या शौक के उद्देश्य से स्त्री का घर से बाहर जाना गृहस्थी के संतुलन को निश्चय ही डगमगा देता है। बहुत से संघर्षों को हम अपनी महत्वाकांक्षा के कारण जन्म देते हैं। आज मैट्रिक के बाद भी नारी नौकरी की तलाश में घूमती है। आज ऐसा समय आ गया है कि जब घर का कोई सदस्य किसी बीमारी या गंभीर दुर्घटना से लाचार होकर बिस्तर पर पड़ जाता है तो उसकी सहायता करने वाला परिवार में कोई नहीं होता क्योंकि सभी बाहर नौकरी करते हैं। कुछ संकुचित विचारों के पुरुषों के कारण नारी आर्थिक स्वतंत्रता चाहती है जहां पुरुष अपनी कमाई का रोब पत्नी पर चलाता है। पर सब जगह ऐसा नहीं है। पति बाहर काम करता है तो पत्नी अपना अमूल्य घर-परिवार संभालती है। वह सेवा भावना से अपने परिवार को संभालती है। पति भी बाहर से कमाकर सारा धन घर की लक्ष्मी को सौंप देता है क्योंकि नारी को लक्ष्मी माना जाता है। कम आय में भी घर को चलाने की कुशलता प्रकृति ने नारी को ही दी है। नारी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए संस्कृत में लिखा है- आदर्श स्त्री के छह गुण हैं : घर का काम सेवकों की तरह करें, शिक्षित इतनी हो कि अपने पति को मंत्री की तरह सलाह दे, खिलाने में वह माता की तरह दुलार दिखाएं, एक प्रेमिका, धर्मात्मा और क्षमाशील हो। आज नारी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही है, पर क्या वह पति को पूरी सलाह देती है, उसका मार्गदर्शन करती है, क्या प्यार से भोजन बनाकर बुजुर्गों और बच्चों को खिलाती है, यह ऐसे प्रश्न हैं जो शायद बहुत ही उलझ गए हैं। किसी समय कहा जाता था कि पुरुष अगर प्रश्न है तो नारी उसका उत्तर। आज नारी स्वयं प्रश्न बनकर रह गई है। कुछ नारियां पुरुषों को सही राह दिखाने के स्थान पर उनके साथ नशा तस्करी जैसे कई अवैध कार्यों में संलिप्त पाई गईं। प्राचीन युग की नारी अशिक्षित थी, पर बचपन में ही अपनी दादी, नानी, मां से शिक्षाप्रद धार्मिक कथाएं सुनती थी। उन्हें अच्छे संस्कार दिए जाते थे। पर आज की युवती अंग्रेजी शिक्षा पाती है। उनकी दृष्टि में विवाह एक समझौता है, जब तक चला ठीक है, नहीं तो तोड़ दिया। पर पाश्चात्य संस्कृति में भी कई उदाहरण ऐसे मिल जाएंगे जहां पति-पत्नी आजीवन एक-दूसरे का साथ निभाते हैं।

एक ओर निम्न मध्यम वर्गीय परिवार है जिनकी महिलाएं पीठ पर बच्चा बांधकर मजदूरी करती हैं। नशेड़ी पति की मार भी सहती हैं और घर का खाना, कपड़े इत्यादि भी करती हैं। गांव में स्त्री-पुरुष मिलकर कृषि का काम करते थे, पर वहां भी जमा दो करने के बाद कोई कृषि नहीं करना चाहता। दूसरी तरफ मध्यम वर्गीय परिवार की स्त्रियां अपने घर-परिवार, बच्चों-बुजुर्गों को पराया समझती हैं और बाहर नौकरी करना चाहती हैं। बहरहाल, परिवार को बारीकी से समझने की योग्यता ईश्वर ने नारी को ही दी है। नारी एक अमूल्य घर-परिवार की स्वामिनी होती है। उसका स्थान इतना उच्च है कि उस स्थान तक कोई पराया कभी नहीं पहुंच सकता। बदलती स्थितियों में नारी की नई भूमिका पर चिंतन की जरूरत है।

साहित्य



## जगरातों की अथाह विजय...!

**संजय एम तराणेकर**

इंद्रियों का संयम, आध्यात्मिक शक्ति संचय,
'नवरात्रि व्रत' जगरातों की हैं अथाह विजय।
ये वातावरण छाया हुआ विचारों का प्रदूषण,
अपने अंर्तमन की ऊर्जा जगाना ही विशेषण।
अब देवी माँ उपासना का मुख्य यहीं प्रयोजन,
मानसिक,शारीरिक,आध्यात्म शक्ति योजन।

इंद्रियों का संयम, आध्यात्मिक शक्ति संचय,
'नवरात्रि व्रत' जगरातों की हैं अथाह विजय।
चौत्र नवरात्रि रामजन्म व रामराज्य स्थापना,
करते शक्ति की पूजा, आराधना-अनुमोदना।
इस नवरात्र का महत्व होता रहा हैं सर्वाधिक,
सर्दी व गर्मी ऋतुओं का मिलन काल अधिक।

इंद्रियों का संयम, आध्यात्मिक शक्ति संचय,
'नवरात्रि व्रत' जगरातों की हैं अथाह विजय।
नवरात्रि में भुवाल माताजी के है नौ स्वरूप,
शक्ति स्वरूपा की पूजा की जाती है नवरूप।
जब प्रकृति में एक अलग होती विशिष्ट ऊर्जा,
आत्मसात करते व्यक्ति दे रहें माता को दर्जा।



## राशिफल

**मेष:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**वृषभ:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुन:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें और परिवार के अनुकूल चलें।

**कर्क:-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंह:-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही कतई न करें।

**कन्या:-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुला:-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिक:-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनु:-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

**मकर:-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

**कुंभ:-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

**मीन:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

# यमुना की सफाई व दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने की बड़ी चुनौती

*मनोज कुमार मिश्र*

27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 25 मार्च को बतौर वित्तमंत्री एक लाख करोड़ का बजट पेश करके अपनी सरकार के कामकाज की दिशा तय की। दिल्ली के लिए यह ऐतिहासिक बजट माना जा रहा है। बजट में उन सभी कामों के लिए आवंटन किया गया है, जिनके वायदे भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान किए थे। कुछ पर तो काम भी शुरू हो गया है और कुछ पर आने वाले दिनों में काम शुरू होने के संकेत हैं। मुख्यमंत्री ने पिछले बजट से करीब 31.5 फीसदी की बढ़ोतरी की है और उनका दावा है कि इस वित्तीय साल में राजस्व भी 58,750 करोड़ रुपए के मुकाबले 68,000 करोड़ रुपए मिलने वाला है। वैसे तो हर काम में पैसे के साथ-साथ पूरी तैयारी और चौकसी जरूरी है लेकिन यमुना की सफाई के साथ-साथ पानी का संकट दूर करने और दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने की बहुत बड़ी चुनौती है। ये सभी काम केवल पैसे से न होंगे। विधानसभा चुनाव के दौरान अन्य मुद्दों से ज्यादा ये दोनों मुद्दे प्रभावी रहे। सरकार बनते ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ यमुना की आरती में शामिल हुई और यमुना को साफ करने का संकल्प दोहराया। यमुना का पानी मानक के हिसाब से तो यमुनोत्री के आगे कुछ ही दूर तक साफ है लेकिन दिल्ली में पल्ला बांध (वजीराबाद) से ओखला यानी 22 किलोमीटर तो गंदे नाले से भी बदतर हाल में है। इसको साफ करने के नाम पर वर्षों से करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इस सरकार ने बजट में यमुना की सफाई के लिए नौ हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

यह वर्षों से प्रयास किया जा रहा है कि यमुना में गंदा पानी जाने से रोका जाए। यमुना को साफ कर उसे अहमदाबाद के साबरमती नदी की तरह विकसित की जाए। यमुना के किनारे कोयले बिजली बनाने वाले संयत्र सालों पहले बंद करा दिए गए। औद्योगिक कचरे या सीवर के गंदे पानी को साफ करने वाले संयंत्रों के माध्यम से साफ करके ही पानी यमुना में जाने दिया जाए। यमुना को प्रदूषित करने में अव्वल माने जाने वाले नजफगढ़ नाले में इंटरसेप्टर लगवाया गया। इस बजट में भी नए इंटरसेप्टर का प्रावधान किया गया है। 1994 में जब यमुना के पानी में दिल्ली को तब के मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना ने हिस्सा दिलाया था, तब दिल्ली का हरियाणा के साथ एक और समझौता हुआ था कि हरियाणा जितना पीने का पानी पल्ला बांध पर दिल्ली को देगा, दिल्ली उसे उतना ही पानी ओखला बांध पर सिंचाई के लिए देगी। अभी यमुना का पानी साफ होने को ही दिल्लीवासी सपना मान रहे हैं। अगर ऐसा हो गया तो दिल्ली पानी के मामले काफी आत्मनिर्भर हो जाएगी और यमुना साफ होकर दर्शनीय बन जाएगी। यमुना सफाई जितना ही कठिन काम दिल्ली को प्रदूषण मुक्त या यहां का प्रदूषण स्तर कम करना है। दिल्ली सरकार के बजट में इसको भी प्राथमिकता दी गई है। अलग-अलग तरीके से प्रदूषण नियंत्रित करने की बात कही गई है लेकिन बड़ी बात यह है कि सभी तरह के प्रदूषण (वायु, जल और हवा इत्यादि) के साथ-साथ कचरा और आपदा प्रबंधन के लिए एक ही जगह निगरानी व्यवस्था के लिए साझा केन्द्र (इंट्रीग्रेटेड कमान एंड कंट्रोल सेंटर) बनाने का प्रावधान किया गया है। कहने के लिए 1483 वर्ग किलोमीटर की दिल्ली है लेकिन एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के शहर दिल्ली से इस कदर जुड़े हुए हैं कि उन सभी को साथ लिए बिना कोई अभियान सफल नहीं हो सकता। केन्द्र सरकार के साथ मिलकर दिल्ली के सभी पड़ोसी राज्यों, दिल्ली नगर निगम और दूसरी सरकारी एजेंसियों को साथ लेकर जनता की सक्रिय भागीदारी से इसका समाधान निकाला जा सकता।

यह साबित हो चुका है कि केवल आधे कारों को हर रोज सड़क पर आने से रोकने से वायु प्रदूषण में ज्यादा कमी नहीं आने वाली है। दूसरे, सरकारी कुव्यवस्था झेल रहे सार्वजनिक परिवहन प्रणाली इस हालत में भी नहीं है कि दिल्ली सरकार इस तरह के प्रयोग बार-बार कर पाए। गिनती के बचे दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और सरकार के अधीन चलने वाली बसों की तादाद तुरंत बढ़ानी होगी। इस बजट में सार्वजनिक परिवहन पर 12,952 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सरकार ने बिजली से चलने वाली पांच हजार बसें तुरंत खरीदने का वायदा किया है।

दिल्ली के चारों ओर ईस्टर्न पेरिफेरियल और वेस्टर्न पेरिफेरियल सड़क बन जाने से दिल्ली होकर एक राज्य से दूसरे राज्य जाने वाले ट्रकों का दिल्ली के भीतर आना कम हुआ है। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने दिल्ली के लिए 50 हजार करोड़ की परियोजना बनाई थी, इसमें ज्यादातर पूरे भी हो गए हैं। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) समेत अनेक अदालतों ने दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए बार-बार कड़े आदेश दिए हैं।

दिल्ली में पंजीकृत वाहनों की तादाद एक करोड़ से ज्यादा है। लाखों वाहन एनसीआर के दूसरे राज्यों में पंजीकृत हैं जो हर रोज दिल्ली में चलते हैं। इसलिए कोई भी योजना पूरे एनसीआर के लिए बनाने के बाद ही प्रदूषण पर काबू पाया जा सकता है। दिल्ली का न अपना मौसम है और न ही दिल्ली वालों की जरूरत पूरा करने के लिए बिजली और पानी। दिल्ली की किसी भी समस्या का समाधान करना अकेले दिल्ली के बूते नहीं है।

दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली बेहतर हो ताकि सड़कों से निजी वाहनों की संख्या कम की जा सके। सड़कों को जाम से मुक्त करने के लिए ठोस प्रयास हो। दिल्ली में बाहर से आने वाले वाहनों से प्रदूषण कम करने के मानकों पर अमल करवाया जाए। प्रदूषण फैलाने वाले किसी भी उद्योग को दिल्ली में नहीं चलने दिया जाए। दिल्ली और एनसीआर में प्रदूषण रोकने के मानकों पर कड़ाई से अमल हो। पर्यावरण को राजनीतिक मुद्दा बनाने के बजाए आम जन के जीवन बचाने का मुद्दा बनाया जाए।

इसी तरह आम भागीदारी और सरकारी तंत्र के प्रयास से यह सुनिश्चित करना होगा कि यमुना में एक बूंद भी गंदा पानी न जाए और उसमें किसी तरह का कूड़ा-कचरा डालने पर कठोर दंड दिया जाए। मूल समस्या दिल्ली की अनधिकृत कालोनी और अवैध निर्माण है, जिनमें से ज्यादातर में सीवर प्रणाली है भी नहीं जहां है भी वह कारगर नहीं है। वहां की गंदगी तो सीध यमुना में जा ही रही है। जिन इलाकों में दिल्ली बसने के समय सीवर लाइन डली थी, उनमें से ज्यादातर बेकार हो चूकि है। सीवर लाइनें जाम है उसमें बहाव के लिए जगह ही नहीं है। सीवर और पानी की मुख्य लाइनों को बदलने का काम काफी समय से चल रहा है सीवर की गंदगी और गंदा पानी पाइप के रास्ते जल शोधन यंत्रों के बजाए सड़कों और नालों से सीधे यमुना में जा रहा है। इसे कब और कैसे ठीक किया जाएगा, कहा नहीं जा सकता है। प्रदूषण नियंत्र की तरह ही यमुना भी केवल पैसे के दम पर साफ नहीं हो सकती। सरकार की ताकत, मनसा और जन भागीदारी के बिना न तो दिल्ली प्रदूषण मुक्त हो पाएगी और न ही यमुना नदी साफ।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

## खबरें एक नजर में

### प्राथमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने खूब बटोरी तालियां



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** कस्बा घाटमपुर के वार्ड 6, जवाहर नगर पश्चिमी में स्थित कंपोजिट विद्यालय घाटमपुर-प्रथम,मूसानगर रोड में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब तालियां बटोरी। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वार्ड नंबर 6 जवाहर नगर पश्चिम के सभासद रोहित सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्कूल के छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यकम में खण्ड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक एवं अभिभावकगण मौजूद रहे शिक्षकों ने मुख्य अतिथि से विद्यालय की मरम्मत और सुंदरीकरण की भी मांग की मुख्य अतिथि ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।

### मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी नवरात्र में बिजली कटौती से भक्तों में रोष

**सुमेरपुर।** मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद नवरात्र के दौरान बिजली कटौती जारी हैए जिससे श्रद्धालुओं में आक्रोश बढ़ रहा है। खासतौर पर व्रत रखने वाले भक्तों को तड़के सुबह होने वाली कटौती से भारी परेशानी हो रही है। कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 5 बजे से शुरू होने वाली कटौती सुबह 9 बजे के बाद ही समाप्त होती हैए जिससे पूजन-अर्चन और पानी जैसी बुनियादी जरूरतों में बाधा उत्पन्न हो रही है। मुख्यमंत्री ने नवरात्र से पहले निर्बाध बिजली आपूर्ति का आश्वासन दिया थाए लेकिन इसके बावजूद कटौती जारी है। नवरात्र के पहले दिन से ही सुबह 5 बजे से बिजली गायब हो जाती हैए जिससे भक्तों को अंधेरे में पूजा करने में कठिनाई हो रही है। यही नहींए दोपहर और रात में भी बिजली कटौती कर परेशानी और बढ़ा दी गई है। लोगो ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब सरकार ने निर्बाध आपूर्ति का आदेश दिया हैए तो फिर कटौती क्यों की जा रही हैघ् इस संबंध में विद्युत वितरण उपखंड के एसडीओ एमपी सिंह ने कहा कि उन्हें कटौती की वजह की जानकारी नहीं है और इस मामले में अवर अभियंता ही सही जानकारी दे सकते हैं। अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि यह कटौती स्थानीय स्तर पर नहीं की जा रही हैए बल्कि 132 केवी ग्रिड से हो रही है।

### वक्फ संशोधन बिल पर प्रशासन अलर्ट, कस्बे में शांति

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश होते ही पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया। कस्बे की मुस्लिम बहुल बस्तियों में दिनभर पुलिस गश्त करती रहीए हालांकि अब तक किसी तरह के विरोध या प्रदर्शन की सूचना नहीं मिली है। बुधवार सुबह जैसे ही संसद में वक्फ संशोधन बिल प्रस्तुत किया गया स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो गया। बांकी मार्ग ईदगाह और इमलिया थोक सहित मुस्लिम बहुल इलाकों में पुलिस दिनभर गश्त करती रही। फिलहाल कस्बे में शांति बनी हुई है और किसी भी तरह के विरोध की स्थिति सामने नहीं आई है। इस मुद्दे पर अंजुमन नुरुल इस्लाम मदरसे के अध्यक्ष तुफैल अहमद ने कहा कि अन्य धर्मों के ट्रस्ट में बाहरी समुदाय के लोगों को शामिल नहीं किया जाताए लेकिन वक्फ बोर्ड में ऐसा प्रावधान किया जा रहा हैए जो उचित नहीं है। इसी को लेकर आपत्ति जताई जा रही है।

### नवविवाहिता ने ससुराल वालों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** बांक गांव निवासी एक नवविवाहिता ने अपने पति, सास, ससुर और देवर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता निर्मल सिंह उर्फ निर्मला ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसके पिता शिवकरन सिंह ने 6 मई 2023 को उसका विवाह जालौन जनपद के ऐंर गांव निवासी हरिश्चंद्र के साथ किया था। शादी के बाद से ही उसका पति हरिश्चंद्र सास विनोद कुमारीए ससुर कैलाश और देवर बाबी दहेज में 5 लाख रुपये और एक चार पहिया वाहन की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। कुछ दिनों पहलेए ससुरालवालों ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईए तो वे उसे घर में नहीं रखेंगे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है।

### बिजली संकट से परेशान लोगों ने विधायक से लगाई गुहार

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** वार्ड संख्या 16 के निवासियों ने बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या को लेकर सदर विधायक से मुलाकात की और समाधान की मांग की। विधायक की सख्ती के बाद एसडीओ विद्युत ने 10 अप्रैल तक आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया है। कस्बा सुमेरपुर के वार्ड 16 के सैकड़ों लोग पिछले डेढ़ साल से बिजली संकट का सामना कर रहे हैं। विभाग ने इलाके में बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर तो लगा दिए हैंए लेकिन हाई टेंशन लाइन के तार अब तक नहीं लगाए गएए जिससे आपूर्ति बाधित है। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोग कई बार जिलाधिकारीए अधिशासी अभियंता और अन्य अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैंए लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। बुधवार को बांकी मार्ग स्थित कार्यालय पहुंचे बलराम, उर्मिला, वंदना पाल, रोशनी, अर्जुन कामता प्रसाद प्रीति रजनी आदि ने विधायक मनोज प्रजापति से मुलाकात कर बिजली संकट दूर करने की मांग की। विधायक ने तुरंत एसडीओ विद्युत एमपी सिंह से फोन पर बातचीत कर फटकार लगाई और समस्या के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। इस पर एसडीओ ने 10 अप्रैल तक बिजली आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया। विद्युत वितरण उपखंड के अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि हाई टेंशन लाइन के लिए आवश्यक तार उपलब्ध नहीं हैं लेकिन जैसे ही तार उपलब्ध होंगे काम पूरा कर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### दहेज में बाइक व नकदी न देने पर घर से निकाला

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर की एक महिला को उसके ससुराली जनों ने दहेज में बाइक व नगदी की मांग पूरी न होने पर मारपीट घर से निकाल दिया। कोतवाली पुलिस में आरोपी पति समेत उसके पारिवारीजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर के हुसैनगंज निवासी शिवदेवी पत्नी राजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह सन 2018 में मुस्कुरा निवासी राजेश कुमार पुत्र स्वामी दीन के साथ रीति रिवाज के साथ हुई थी जिसमें उसके पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज देकर उसे ससुराल विदा किया था लेकिन उसमें उसके ससुरालीजन संतुष्ट नहीं दिखे वह एक बाइक व दहेज में कुछ रुपया को लेकर शिव देवी को प्रताड़ित करते रहते थे। अपनी मांग पूरी होते ना देख उसके पतिए सासए ससुर व जेठ ने तीन मार्च को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति राजेश कुमारए ससुर स्वामी दीन, सास माया व जेठ बृजेंद्र के खिलाफ मामला पंजीकृत घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### किसान सहकारी समिति में नहीं आया एक भी दाना गेहूं

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर में खोले गए राजकीय गेहूं खरीद केद्रों में किसानों द्वारा अपना गेहूं बेचने के लिए लाने पर खरीद केंद्रों में चहल पहल शुरू हो गई है।दो केंद्र प्रभारियों ने एक दर्जन से अधिक किसानों का गेहूं खरीद लिया है हालांकि किसान सहकारी समिति खरीद केंद्र में अभी खरीद की बोहनी नहीं हुई है। अवगत हो कि सरकार ने नगर समेत क्षेत्र के किसानों का गेहूं खरीदने के लिए नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सोलह मार्च से राजकीय गेहूं खरीद केंद्र खोलने के निर्देश किए थे जिस पर नगर के कृषि उत्पादन मंडी समिति में विपणन शाखा व क्रय विक्रय समिति ने के अलावा किसान सहकारी समिति तथा ग्राम सिसोलर, इचौली, रीवन, कुन्हेंटा व सायर आदि स्थानों में राजकीय गेहूं खरीद केंद्र खुल गए थे लेकिन एक पखवारे तक इन खरीद केन्द्रो में किसानों द्वारा अपना गेहूं खरीद केंद्रों में न ले जाने पर सन्नाटा पसरा रहा। फिलहाल मंगलवार व बुधवार को नगर के विपणन शाखा के खरीद केंद्र में 12 किसानों से 865 कुंतल गेहूं खरीदा गया इसी प्रकार क्रय विक्रय समिति खरीद केंद्र ने भी पांच किसानों से 386 कुंतल गेहूं की खरीद की है जबकि नगर के किसान सहकारी समिति खरीद केंद्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में खोले गए।

# एमएलसी के जनता दर्शन कार्यक्रम में हो रहा समस्याओं का निस्तारण

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



महोबा, हमीरपुर, बांदा क्षेत्र के एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर अपने चरखारी स्थित निवास में जब भी चरखारी में होते हैं, तक जनता दर्शन अवश्य करते हैं और आमजन की समस्यांए को सुनकर उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता करके उनके निस्तारण के लिए निर्देशित करते हैं।

एमएलसी जितेन्द्र सिंह सैंगर के सरल और जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार की वजह से क्षेत्र के अलग- अलग हिस्सों से आए लोग अपनी शिकायतें रखते हैं। जिनमें मुख्य रूप से विद्युत विभाग, राशन कार्ड, इलाज के लिए आर्थिक सहायता, वृद्धावस्था पेंशन और सड़क- नाली से जुड़ी आदि समस्याएं होती हैं। जिन्हें एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक निर्देश देकर निस्तारित कराते हैं, जिससे एमएलसी के संज्ञान में आई समस्याओं का तत्काल निस्तारण हो रहा है। इस दौरान एमएलसी ने कहा कि वह समय-समय पर जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित करते है, जिससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपनी समस्याओं को सीधे उनके समक्ष रख सकें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यहां सभी शिकायतों का ईमानदारी से समाधान करने का प्रयास किया जाता है, जिसमें अधिकांश समस्याओं का हल मौके पर ही कर दिया जाता है, जबकि कुछ मामलों में नियमानुसार समय लग सकता है।

# हाथ में सांग लेकर फरियादी ने डीएम कार्यालय के सामने हंगामा काटा

**एक घंटे बाद पुलिस ने लिया हिरासत में, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खड़े किये कई प्रश्न चिंह, एक दिन पहले महिला ने डीएम कार्यालय के सामने पढ़ी थी नमाज**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने एक फरियादी ने हाथ में सांग लेकर जमकर हंगामा काटा, उसका कहना था कि उसकी खेती का विवाद गांव में चल रहा है मगर उसकी कोई सुनने वाला नही है बाद में पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर कोतवाली ले गयी है।

जानकारी के मुताबिक आज जिलाधिकारी कार्यालय के सामने कुरारा क्षेत्र के मंगलपुर गांव निवासी अमित जो गोलगप्पे का व्यवसाय गांव



में करता है। हालांकि लोगों का कहना है कि वह कुछ मानसिक विक्षिप्त भी हैं। कलक्ट्रेट प्रांगण में दोपहर एक बजे आकर हाथ में सरिया लेकर एक घंटे तक जमकर हंगामा काटा उसका कहना है कि उसकी फरियाद कोई सुनने वाला नहीं है, एक घंटे बाद कोतवाली पुलिस मौके पर जाकर किसी तरह करीब पांच-छह सिपाहियों ने उसे दबोच कर कोतवाली ले गये। काफी देर तक पुलिस फोर्स उसे कंट्रोल नहीं कर सकी। यही नहीं हाथ में सरिया लेने के कारण पुलिस फोर्स बमुश्किल उसे दबोच पायी, युवक ने जमकर पुलिस को कोसा उसका कहना था कि कुरारा पुलिस के यहां वह गया था मगर उसे कोई न्याय नहीं मिला और उसे जिलाधिकारी के यहां भेजा गया है। परसो कलक्ट्रेट प्रांगण में एक मुस्लिम महिला ने आकर जिलाधिकारी कार्यालय के सामने नमाज पढ़ी थी जिसमे सात होमगार्डो को निलंबित कर दिया गया था इसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म था मगर आज एक फरियादी द्वादा एक घंटे तक हंगामा करने के कारण सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई प्रश्न उठ रहे है, हालांकि पुलिस ने हंगामा कर रहे युवक को छोड़ दिया है, यही नहीं जहां युवक हंगामा कर रहा था वही एमएसीटी के जज का चेंबर भी है। आज यह मामला चर्चा का विषय बना रहा है। इसके पहले और कई लोग हंगामा कर चुके है।

### प्रशासन ने दोनों गेट कराये बंद

**हमीरपुर।** दो दिन लगातर कलक्ट्रेट प्रांगण में हुई अनहोनी को लेकर कलक्ट्रेट की पिछले दोनो गेटों को बंद कर दिया गया है जिससे लोगो को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन ने ट्रांजिस्ट हास्टेल के बगल से लगा गेट व खनिज विभाग के पीछे से लगा गेट दोनों ही बंद करा दिये है जिससे कृषि विभाग व अस्पताल के लिये लोगो को बहुत ही चक्कर काटकर जाना पड़ता है, आज से गेट बंद होने के कारण दिनभर लोग परेशान रहे। गेट बंद होने को लेकर तरह-तरह की अटकले लगायी जा रही हैं।

## ग्रापए ने शोकसभा कर पत्रकार को दी श्रद्धांजलि

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के वरिष्ठ पत्रकार सलाहउद्दीन का हृदयाघात होने से सरकारी अस्पताल में निधन हो गया। मंगलवार को दोपहर राजकीय सम्मान के साथ उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। शाम को मौदहा प्रेस क्लब कार्यालय में क्लब के अध्यक्ष राजेश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई जिसमें सभी ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी ने कहा कि प्रेस जगत में हुई इस क्षति को कभी पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सभी पत्रकार



साथियों को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रेरित किया है। इस मौके पर मौदहा प्रेस क्लब के संस्थापक अरुण कुमार शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष सोनू चौधरी, रईसउद्दीन, मातादीन प्रजापति, सुबोध गुप्ता, रमैया प्रजापति व जमाल खान समेत अन्य पत्रकार गण मौजूद रहे। वहीं नगर के तहसील परिसर पर अधिवक्ता संघ ने भी सलाउद्दीन जी के निधन पर शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### छात्रा के साथ की छेड़खानी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा(हमीरपुर)।** कोचिंग पढ़ कर घर लौट रही छात्रा से मनचले ने छेड़खानी की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। मौदहा थाना क्षेत्र के एक गाँव में शाम को छात्रा कोचिंग पढ़कर घर लौट रही थी। शराब के नशे में अरतरा गाँव निवासी युवक हीरालाल पुत्र बरदानी मेरे साथ छेड़खानी करने लगा, मना करने पर गाली-गलौज कर जान से मरने की धमकी देने लगा। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट एव छेड़खानी सहित विभन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू की। कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बताया की पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर दी गई है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शक्ति डिग्री कॉलेज के संस्थापक आरसी त्रिवेदी द्वारा लिखित पुस्तक 'क्रोध की अभिव्यक्ति' का विमोचन

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़**

शक्ति डिग्री कॉलेज साँखाहरी घाटमपुर के संस्थापक रमेश चंद्र त्रिवेदी द्वारा लिखित पुस्तक क्रोध की अभिव्यक्ति का विमोचन रविन्द्र जायसवाल मंत्री स्टाम्प एवं पंजीयन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में किया। पुस्तक का विमोचन करते हुए मंत्री ने कहा कि रमेश चंद्र त्रिवेदी अपने लेखन से प्राचीन भारतीय ग्रंथों के अमूल्य ज्ञान को सरल रूप मे और वर्तमान समय पर आ रही चुनौतियों के समाधान के देते हुए अपनी पुस्तकों के रूप मे भारतीय समाज को प्रदान कर समाज और देश की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक एवं उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुसार स्ट्रेस मैनेजमेंट की इस पुस्तक को गीता और राम चरित मानस सहित प्राचीन भारतीय ग्रंथों के आधार पर लिखा गया है और लेखक



रमेश चंद्र त्रिवेदी द्वारा बताया गया है कि क्रोध और स्ट्रेस मैनेजमेंट के समाधान मे हमारे प्राचीन भारतीय ग्रंथों की आज भी प्रभावी भूमिका है। रमेश चंद्र त्रिवेदी ने रामचरित मानस पर आधारित युवाओं और स्टूडेंट्स के लिए उपयोगी पुस्तके सुन्दर काण्ड मे प्रबंधन एवं प्रशासन, मानस एक दृष्टि अनेक, आदि पुस्तके भी लिखी हैं जो कि प्रबंधन के स्टूडेंट्स और विशेषज्ञों के लिए अत्यन्त उपयोगी हैं। इस अवसर पर श्री नागेश्वर सिंह, डॉक्टर राजेन्द्र प्रताप सिंह, डॉक्टर राम जी पाठक, श्री संदीप कुमार उपस्थित रहे।

# सत्यापन कर ई-रिक्शा चालकों को एआरटीओ ने दिए कानून के टिप्स



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

ऑटो व ई रिक्शा में हुई वारदातों के बाद नींद से जागे प्रशासन ने इनका सत्यापन शुरू कर चालकों को कानून का ज्ञान देना शुरू कर दिया है। इस क्रम में एआरटीओ हमीरपुर ने बुधवार को मंडी समिति के समीप कैंप लगाकर ऑटो ई रिक्शा चालकों व ऑटो चालकों को जरूरी निर्देश दिए। ऑटो व ई रिक्शा में हुई घटनाओं के बाद प्रशासन ने क्षेत्र में संचालित ई रिक्शा व ऑटो का सत्यापन शुरू कर दिया है इस क्रम में हमीरपुर के आरटीओ अमिताभ यश ने बुधवार को नगर के मंडी समिति के समीप कैंप लगाकर ई रिक्शा व ऑटो चालकों को अपने-अपने वाहनों का सत्यापन करने के साथ-साथ उसका रजिस्ट्रेशन व उसकी फिटनेस पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि नाबालिग किसी भी वाहन को न चलाएं। सभी लोग सड़क के नियमों का पालन करें व अपने वाहन में निर्धारित सवारी ही बैठायेंएवाहनों को निर्धारित गति से अधिक चलाना घटनाओं को बढ़ावा देती है इसलिए सभी चालक सामान्य गति से ही वाहन चलाएं यदि कोई वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उसके साथ कार्यवाही तय है।

वहीं उप जिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता ने चालकों से कहा कि जीवन अमूल्य है गाड़ी चलाते समय संयम बरतने के साथ-साथ नियंत्रित गति में ही वाहन चलाएं जिससे असमय होने वाली घटनाओं पर लगाम लग सके। इस मौके पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी विनीता पहल व पीटीओ चंदन पांडेय ने भी चालकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मौजूद सभी ई रिक्शा चालकों ने एक स्वर में सभी अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर चौसा, वि.ख. सिटी, मीरजापुर

पत्रांक - मनरेगा/पंचम वित्त, पंद्रहवां वित, निविदा प्रकाशन    दिनांक- 01.04.2025

(सामग्री आपूर्ति निविदा)

वि.ख. सिटी मीरजापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्तें फार्म के साथ दिया जायेगा। उक्त संबंध में आपसे अनुरोध है कि अपने समाचार पत्र में सरकारी दर पर निविदा प्रकाशित करने का कष्ट करें। भुगतान के लिए बिल प्रस्तुत करें। विकास खंड सिटी मीरजापुर में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित मनरेगा एवं फेस 2 योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-2026 में ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट, सोलर, लाइट, स्ट्रीट लाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट, एम्बेस्टस सीट, टीन शेड, सीमेंट ईट, कट स्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप, सामग्री, डालाग्रिट, विद्युत सामग्री, स्नोसेम, डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटा स्टोन, जीएसवी, सीआई बोर्ड, पीवीसी पाइप, हयूम पाइप, कम्प्यूटर, कुर्सी, मेज, आलमारी, डब्लयूसी, पेन, बोल्डर व शौचालय शेड, हैंडपंप रिबोर, शवदाह गृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ई रिक्शा, कचड़ा दान व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्मे दिनांक 02.04.2025 से 08.04.2025 तक दिन के 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते है। निविदा दिनांक 09.04.2025 से दोपहर 2 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक लिया जा सकता है।

**सविता सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं.शाहपुर चौसा**
**वि.ख. सिटी, मिर्जापुर**

**आलोक श्रीवास्तव**
**सचिव/ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा.पं.शाहपुर चौसा**
**वि.ख. सिटी, मिर्जापुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भोड़सर, वि.ख. सिटी, मीरजापुर

पत्रांक - मनरेगा/पंचम वित, पंद्रहवां वित्त, निविदा प्रकाशन    दिनांक- 01.04.2025

(सामग्री आपूर्ति निविदा)

वि.ख. सिटी मीरजापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्तें फार्म के साथ दिया जायेगा। उक्त संबंध में आपसे अनुरोध है कि अपने समाचार पत्र में सरकारी दर पर निविदा प्रकाशित करने का कष्ट करें। भुगतान के लिए बिल प्रस्तुत करें। विकास खंड सिटी मीरजापुर में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित मनरेगा एवं फेस 2 योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-2026 में ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट, सोलर, लाइट, स्ट्रीट लाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट, एम्बेस्टस सीट, टीन शेड, सीमेंट ईट, कट स्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप, सामग्री, डालाग्रिट, विद्युत सामग्री, स्नोसेम, डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटा स्टोन, जीएसवी, सीआई बोर्ड, पीवीसी पाइप, हयूम पाइप, कम्प्यूटर, कुर्सी, मेज, आलमारी, डब्लयूसी, पेन, बोल्डर व शौचालय शेड, हैंडपंप रिबोर, शवदाह गृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ई रिक्शा, कचड़ा दान व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्मे दिनांक 02.04.2025 से 08.04.2025 तक दिन के 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते है। निविदा दिनांक 09.04.2025 से दोपहर 2 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक लिया जा सकता है।

**धनपती देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. भोड़सर**
**वि.ख. सिटी, मिर्जापुर**

**आलोक श्रीवास्तव**
**सचिव/ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा.पं. भोड़सर**
**वि.ख. सिटी, मिर्जापुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अहमलपुर, वि.ख. सिटी, मीरजापुर

पत्रांक - मनरेगा/पंचम वित, पंद्रहवां वित्त, निविदा प्रकाशन    दिनांक- 01.04.2025

(सामग्री आपूर्ति निविदा)

वि.ख. सिटी मीरजापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्तें फार्म के साथ दिया जायेगा। उक्त संबंध में आपसे अनुरोध है कि अपने समाचार पत्र में सरकारी दर पर निविदा प्रकाशित करने का कष्ट करें। भुगतान के लिए बिल प्रस्तुत करें। विकास खंड सिटी मीरजापुर में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित मनरेगा एवं फेस 2 योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-2026 में ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट, सोलर, लाइट, स्ट्रीट लाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट, एम्बेस्टस सीट, टीन शेड, सीमेंट ईट, कट स्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप, सामग्री, डालाग्रिट, विद्युत सामग्री, स्नोसेम, डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटा स्टोन, जीएसवी, सीआई बोर्ड, पीवीसी पाइप, हयूम पाइप, कम्प्यूटर, कुर्सी, मेज, आलमारी, डब्लयूसी, पेन, बोल्डर व शौचालय शेड, हैंडपंप रिबोर, शवदाह गृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ई रिक्शा, कचड़ा दान व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्मे दिनांक 02.04.2025 से 08.04.2025 तक दिन के 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते है। निविदा दिनांक 09.04.2025 से दोपहर 2 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक लिया जा सकता है।

**राधेश्याम पाण्डेय**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. अहमलपुर**
**वि.ख. सिटी, मिर्जापुर**

**आलोक श्रीवास्तव**
**सचिव/ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्रा.पं. अहमलपुर**
**वि.ख. सिटी, मिर्जापुर**


# अवैध धन खुदाई की सूचना पर प्रशासन ने जेसीबी सहित एक को लिया हिरासत में

**चरखारी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

**अरविन्द्र सिंह चौहान ने विस्तृत जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की**

तहसील क्षेत्र में गुप्त रूप से की जा रही अवैध धन खुदाई का बड़ा मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए खुदाई को रुकवाया और जेसीबी मशीन समेत आरोपियों को हिरासत में लिया। पूर्व पालिकाध्यक्ष एडवोकेट अरविन्द्र सिंह चौहान ने उपजिलाधिकारी चरखारी को सूचना दी कि उनके ग्राम जतौरा में मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि 30-31 मार्च को अज्ञात लोगों द्वारा जतौरा मोड़ के पास संदिग्ध खुदाई की गई थी। 2 अप्रैल 2025 को दोपहर करीब 12 बजे पुनः खुदाई होने की सूचना मिली। मौके पर पहुँचकर प्रार्थी ने देखा कि एक जेसीबी मशीन से गहरा गड्ढा खोदा जा रहा था। वहाँ पूजा सामग्री, मुर्गे का कटा हुआ सिर और एक पुलिस लिखी हुई मारूति वैन खड़ी थी। साथ ही एक काली स्कॉर्पियो भी मौजूद थी, जो प्रार्थी के पहुँचते ही तेजी से निकल गई। जाँच करने पर पता चला कि यह जमीन ग्राम रिवई निवासी सीताराम कुशवाहा की है, जो खुद मौके पर मौजूद थे। पूछताछ में उन्होंने खुदाई को कुआँ खुदवाने का काम बताया, लेकिन मौके पर मौजूद बंगाल और असम के दो लोगों ने खुलासा किया कि यहाँ पहले भी खुदाई कर 'माल' निकाला गया था और अभी भी जमीन के नीचे बहुमूल्य सामग्री छुपी हुई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी ने तत्काल नायब तहसीलदार और कानूनगो को मौके पर भेजा। प्रशासनिक टीम ने पहुँचकर जेसीबी मशीन जब्त कर ली और खुदाई कर रहे लोगों को हिरासत में लिया। खुदाई किए गए गड्ढे को मिट्टी से भरवा दिया गया। एडवोकेट अरविन्द्र सिंह चौहान ने प्रशासन से इस गहरे षड्यंत्र की विस्तृत जाँच कर कठोर कानूनी कार्रवाई की माँग की है। साथ ही उन्होंने अपनी सुरक्षा की भी अपील की है। इस मामले में नायब तहसीलदार हेमकांत त्रिपाठी ने बताया कि धन खुदाई की सूचना पर मौके पर जाकर खुदाई कार्य रुकवाया गया है कोई कीमती धातु नहीं मिली मौजूद जेसीबी को चरखारी थाना व खेत मालिक को तहसील लाया गया है आगे की जाँच की जा रही है जाँच के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जबकि हिरासत में लिये गये किसान सीताराम कुशवाहा ने बताया कि वह अपने खेत में कुआं की खुदाई करा रहा था प्रशासन को किसी ने गलत सूचना दे दी है।

### किसानों की भूमि की नाप करवाकर मुआवजा दिलाये जाने की मांग

**महोबा।** किसानों की अधिगृहीत जमीन से ठेकेदार अत्यधिक जमीन से मिट्टी निकाल रहा है। जिसकी शिकायत बुन्देलखण्ड किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से कर जांच करवा दोषी ठेकेदार पर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। बुन्देलखण्ड किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को सौपे प्रार्थना पत्र में उल्लेख करते हुये बताया कि ग्राम बिलबई में एनएच 43 के निर्माण हेतु शासन के द्वारा किसानों की जमीन अधिगृहीत की गई है। अधिगृहीत की गई जमीनों का नियमानुसार बैनामा आदि भी करा लिया गया है। किन्तु बंसल कम्पनी के द्वारा किसानों की अधिगृहीत भूमि से अधिक पर मिट्टी आदि डालकर एनएच 43 का निर्माण किया जा रहा है। किसानों के द्वारा की गई शिकायत पर जिलाधिकारी के द्वारा नाप करवाकर चिन्ह भी लगवा दिये गये थे। किन्तु बंसल कम्पनी के कर्मचारियों के द्वारा लगाये गये चिन्ह गिरा दिये गये है। किसान यूनियन ने जिलाधिकारी से उच्च स्तरीय नाप टीम बनाकर कृषि भूमि की नाप कराकर किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलवाये जाने की मांग की। अन्यथा बुन्देलखण्ड किसान यूनियन आन्दोलनात्मक रुख अपनाने को विवश होगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# पंचायत भवन का राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

अब ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं की जानकारी और राजस्व अभिलेखों के लिए तहसील या ब्लॉक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। प्रदेश सरकार की नई व्यवस्था के तहत पंचायत भवनों को सुविधाजनक बनाया जा रहा है, जहां ग्रामीणों को आवश्यक सेवाएं मिलेंगी।

बुधवार को डिगसरी गांव में




नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण करते हुए खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि सरकार आम जनता को उनके गांव में ही सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है। इसी उद्देश्य से गांवों में अन्नपूर्णा भवन (राशन के लिए), वैलनेस सेंटर (स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए), आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालयों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंचायत भवनों में पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई है, जो ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार के राजस्व अभिलेख एवं अन्य प्रमाण पत्र जारी करने में सहायता करेंगे। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से सभी सरकारी योजनाओं के आवेदन भी अब पंचायत भवन से ही प्राप्त किए जा सकेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी विनय मिश्रा, एडीओ पंचायत शैलेंद्र दुबे, ग्राम प्रधान सुरेंद्र मिश्रा सहित कई गणमान्य नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस पहल से ग्रामीणों को सुगम और त्वरित सेवाएं प्राप्त होंगी, जिससे उनका समय और संसाधन बचेगा।

# जिला समाज कल्याण अधिकारी के हाथों पाठ्य पुस्तक व बस्ता पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे



**बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा एवं जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी ने बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा नि:शुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को पाठ्य-पुस्तकें एवं स्कूल बैग, स्टेशनरी पानी की बोतलें वितरित किया। इस मौके पर स्कूल में लगाएं गये वाटर कूलर का भी शुभारम्भ किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति की जागरूकता के लिए आयोजित पोस्टर, चार्ट प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## सूचना

एसएमएफजी गृहशक्ती इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गीता सिंह पत्नी कृष्ण बहादुर सिंह निवासी पूरे नवरंग बछरावा रोड त्रिवेदीपुर लालगंज, जिला रायबरेली है जिन्होंने एक प्लॉट जिसका गाटा नं. 78 मि., ग्राम-त्रिवेदीपुर मे कमला देवी पत्नी ओम प्रकाश सैनी से 28/07/2020 को खरीदा इस प्लॉट को कमला देवी पत्नी ओम प्रकाश सैनी ने कला देवी पत्नी उमा शंकर बाजपेई से खरीदा जिसकी जिल्द संख्या 1432 पेज 325/352 क्रमांक 568 है, फिर इस प्लॉट को कला देवी पत्नी उमा शंकर बाजपेई ने ये प्लॉट 01/11/2007 में वृंदावन पुत्र राम आसरे से खरीदा जिसकी जिल्द संख्या 803 पेज 173/218 से क्रमांक 2074 सब रजिस्टार लालगंज में रजिस्टर्ड है उपरोक्त प्लॉट का क्षेत्रफल 121.086 वर्ग मीटर है जिसकी चौहद्दी निम्नवत है पूरब में प्लॉट कृष्ण बहादुर सिंह पश्चिम में रास्ता 18 फुट चौड़ा उत्तर प्लॉट क्रेता दक्षिण प्लॉट श्रीमती विनीता सैनी है उपरोक्त प्लॉट में श्रीमती गीता सिंह पत्नी कृष्ण बहादुर सिंह को एसएमएफजी गृहशक्ती इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड शाखा रायबरेली द्वारा होम लोन दे के बंधक किया जा रहा है यदि किसी अन्य व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्था या बैंक को या सहखातेदार को उपरोक्त मकान के क्रय विक्रय या बंधक किए जाने में कोई आपत्ति हो तो इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर कंपनी के अधिवक्ता को लिखित रूप से संबंधित दस्तावेजों के साथ आपत्ति दर्ज करा सकता है उपरोक्त साम्यवादी के बाद कोई भी दावा विचार योग्य नहीं माना जायेगा।

**आपत्ति हेतु संपर्क करें**
**संजीव कुमार शुक्ला**
**पता :- 2nd फ्लोर एन एन कॉम्प्लेक्स एबोव केनरा बैंक सुपर मार्केट रायबरेली**
**मो. - 9415190904**

## खबरें एक नजर में

### गेहूं की मड़ाई करते फंसा दुपट्टा, बालिका की मौत



**सिरौली गौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना सफदरगंज इलाके की मौलाबाद गांव में गेहूं की मडाई के दौरान एक बालिका का दुपट्टा थ्रेसर में फसने से गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने सफेदाबाद स्थित हिंद अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मंगलवार की शाम को मौलाबाद गांव के रहने वाले ओम प्रकाश खेत में ट्रैक्टर से चलने वाले थ्रेसर से से गेहूं की मडाई कर रहे थे। पास में उनकी 11 वर्षीय पुत्री रिया खेल रही थी। परिजन मडाई के काम में व्यस्त थे। इस बीच उसका दुपट्टा थ्रेसर की जद में आने से फस गया। दुपट्टा गले में पड़ा था। कई राउंड घूमने के बाद बालिका मौके पर ही गिर गई। चीखने की आवाज से परिजनों का ध्यान उधर गया। देखा वह घायल होकर पड़ी है। आनन फानन में परिजनों ने सफेदाबाद स्थित हिंद अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पारिवारिक जनों ने बिना पुलिस के सूचना के अंतिम संस्कार कर दिया है।

### हैंडपंप दे रहा दूषित पानी, प्रधान नहीं ले रहा सुध



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड अंतर्गत विद्दी का पुरवा चौराहे पर स्थित इंडिया मार्का सरकारी हैंडपंप से दूषित पानी निकल रहा है। यह हैंडपंप वर्षों से खराब है। चौराहे पर मंगलवार और शुक्रवार को बाजार लगता है। यहां सैकड़ों लोग सब्जी और अन्य सामान खरीदने आते हैं। सरकार ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए नलों की मरम्मत और रिबोरिंग के लिए ग्राम पंचायत को धन भी दिया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदार लोगों की लापरवाही के कारण इस हैंडपंप की रिबोरिंग नहीं हो पाई है। स्थानीय नागरिक प्रदीप शाहू, रामू शाहू, लक्ष्मी शर्मा और करन यादव ने हैंडपंप की रिबोरिंग कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि दूषित पानी पीने से लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। इस मामले में ग्राम प्रधान और सचिव से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव न हो सका।

### बिना लाइसेंस, फिटनेस के अपंजीकृत ई-रिक्शा व आटो के विरुद्ध चला अभियान, 19 ई-रिक्शा सीज



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सड़कों पर अनाधिकृत रूप से बिना लाइसेंस, फिटनेस के अपंजीकृत ई-रिक्शा व आटो के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज लखनऊ-अयोध्या हाइवे चौपुला के पास सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला व क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक, यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने फिटनेस प्रमाणपत्र और वैध लाइसेंस की जांच करते हुये 19 ई-रिक्शा को सीज किया। इसके साथ ही 1 बकाया टैक्स व 1 फिटनेस ओवरलोड़ वाहन को सीज किया।

### किशोरी से दुष्कर्म की हुई घटना, मुकदमा दर्ज

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** असंद्रा थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते मंगलवार को देर शाम घर से बाहर निकली किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी कल देर शाम घर के बाहर निकली थी। आरोप है कि रास्ते में घात लगाए बैठे गांव के ही युवक ने उसे दबोच लिया और शौचालय के अंदर ले जाकर दुष्कर्म किया। शिकायत पर बुधवार दोपहर एसएसआई राकेश यादव ने एसआई विशेश्वर प्रताप सिंह और महिला कांस्टेबल के साथ घटनास्थल पर जाकर मुआयना किया। पुलिस ने आरोपी अंकित शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। इंस्पेक्टर असंद्रा आलोक मणि त्रिपाठी का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर जाकर नमूने एकत्र किए है।

### पाढ़ टूटने से तीन मजदूर घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत मालिनपुर गांव में बुधवार की शाम पाड़ टूट जाने से तीन मजदूर घायल हो गए। गंभीर घायल एक मजदूर को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी ननकऊ पाल का गांव के किनारे मकान निर्माण चल रहा है। वर्तमान में मकान में प्लास्टर किया जा रहा था। शाम लगभग साढ़े चार बजे मिस्त्री व मजदूर पाड़ पर चढ़कर प्लास्टर का कार्य निपटा रहे थे कि तभी पाढ़ के टूट जाने से तीनो नीचे आ गए। घायल मजदूर और मिस्त्री को एंबुलेंस के सहारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया जिसमें गंभीर रूप से घायल सुबेहा कस्बा निवासी किरसन पुत्र ब्रह्मा 45 वर्ष को हाथ में फैक्चर के चलते जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वही इस दुर्घटना में घायल रिंकू पुत्र अच्छेलाल सुबेहा 28 वर्ष एवं कोतवाली क्षेत्र के धनऊ का पुरवा निवासी संतराम पुत्र मोहन लाल 45 वर्ष को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### एसडीएम ने कराई गेहूं की कटाई

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** रवि फसल अंतर्गत तहसील क्षेत्र के ग्राम रुपपुर मजरे किशुनदास पुर के शिवराज पुत्र श्रीराम के गेहूं के खेत में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की मौजूदगी में राजस्व टीम ने गेहूं फसल की क्राफ्ट कटिंग करवा कर गेहूं की पैदावार का आकलन किया है। बुधवार को तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के ग्राम कोटवाधाम में तहसीलदार शरद सिंह ने गेहूं की फसल की गाटा संख्या 616 में क्राफ्ट कटिंग करवा कर गेहूं के उत्पादन का आकलन किया। जिसमें 26,570 किलो ग्राम गेहूं का उत्पादन 0,005 हे प्राप्त हुआ। इस मौके पर लेखपाल प्रदीप कुमार वर्मा,बेचन लाल, साहेब प्रसाद यादव राजवीर सिंह,राम आशीष शर्मा इत्यादि राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# परिवार की खुशहाली, तरक्की के लिए नशे से रहें दूर : सुषमा वर्मा

- सप्तऋषियों की धरती रहे नशामुक्त : सुधीर तिवारी
- बेसिक उत्थान व ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया गया नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ शोसल डिफेंस (एनआईएसडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित नशामुक्त भारत अभियान के तहत एक युद्ध, नशे के विरूद्ध नशामुक्ति जागरूकता व शपथ कार्यक्रम का आयोजन बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा बनीकोडर ब्लाक के ग्राम छन्दवल में आयोजत किया गया।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह




सुधीर तिवारी, हास्य व्यंग के रचनाकार अनिल कुमार श्रीवास्तव ''लल्लू'' गीतकार साहब नारायण शर्मा, सोहन आजाद एवं समाजसेवी आईपी सिंह सहित 155 ग्रामीण महिला-पुरूष व पौने दो सौ की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित करके हुई। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा ने कहा परिवार की कलह और पतन का कारण नशा होता है, खुशहाली और परिवार की तरक्की के लिए युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी ने कहा कि बाराबंकी सप्तऋषियों की धरती है, यहां भगवान राम पढ़ने आये थे इस गौरवाशाली धरती को नशे की लत से दूर रखें। आईपी सिंह ने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद को तो गर्त में ले जाता है, वह दूसरों को भी निगल लेता है इसलिए गांव समाज को नशामुक्त बनाएं। यागाचार्य डॉ. शशि कुमार अवस्थी ने स्वस्थ्य रहने के लिए दुर्व्यसनों को त्यागने और युवाओ को नशे से दूर रहने के प्रेरित किया। हास्य व्यंग के कवि अनिल कुमार श्रीवास्तव 'लल्लू' ने नशामुक्ति की रचना पढ़ी वहीं गीतकार साहब नारायण शर्मा व सोहन आजाद ने नशामुक्ति के गीत पढ़कर लोगों को समझाया। चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल के छात्र-छात्राओं ने जीना है तो पापा शराब मत पीना गीत पर शानदार अभिनय करके लोगों को दशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस मौके पर संस्थाध्यक्ष रत्नेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया, प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के लिपिक सुबोध श्रीवास्तव, संस्था उपाध्यक्ष श्यामलाल गौतम, त्रिलोकीनाथ, रामकैलाश, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, प्रिया मौर्या, सरिता यादव, अनीता, सरस्वती, सरोज, जियालाल सहित तमाम गणमान्य व सैकड़ों महिला-पुरूष उपस्थित रहे।

### बाराबंकी को नशामुक्त करने की लिया शपथ

कार्यक्रम में सभी शपथ ली कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अत: यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि- मैं स्वयं नशे से दूर रहकर, अपने परिवार एवं मित्रों को भी नशामुक्त कराएँगे। क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए हम सब मिलकर दृढ़ निश्चय करते हैं कि हम अपने जिला बाराबंकी को नशामुक्त कराने में अपना योगदान करेंगे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड, प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में कक्षा शिशु से मानया, यादवी यादव (कक्षा एक), नीशू (कक्षा दो), विमल (कक्षा तीन), प्रिया तोमर (कक्षा चार), नव्या (कक्षा पांच), आलिया (कक्षा छह), रिया तोमर व जाहन्वी (कक्षा सात), अभिराज सिंह (कक्षा आठ), आयुषी सेंगर व मुस्कान (कक्षा नौ), आराधना सिंह (कक्षा 11) ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा



अभिनीश, रितिक, सायदा, संगीत, आशिका देवी, शैलजा, हरषु, प्रगति, ऋषिक चतुर्वेदी, अरूष विश्वकर्मा, रतन सिंह, अल्का, अविका सेंगर ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रशासन द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विनोद यादव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले छात्र हमेशा आगे बढ़ते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और जो विद्यार्थी कठिन परिश्रम करते हैं, वे निश्चित ही उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति और अधिक प्रेरित करें, ताकि वे जीवन में नई ऊंचाइयों को छू सकें। समारोह के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें आगे की परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित किया।

### सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** प्राथमिक शिक्षक संघ जिला उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लॉक मंत्री कुलदीप मिश्रा, ब्लॉक कोषाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा आगामी 3 अप्रैल को सेवानिवृत शिक्षकों का भव्य विदाई समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा के अलावा अनुसूचित जाति/ जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत एवं हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी आदि हिस्सा ले रहे।

# भजन सम्राट रामकिशोर मुखिया के बुंदेली भजनों ने बांधा समां



- माँ जालौन देवी करती भक्तों की सभी मन्नतें पूरी : गौतम त्रिपाठी

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**

जालौन देवी माता मंदिर पर आयोजित चैत्र नवरात्रि महोत्सव के तीसरे दिन की भजन संध्या में भजन सम्राट रामकिशोर मुखिया ललितपुर के बुंदेली भजनों ने पांडाल में उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर मैया की जय जयकार करने पर विवश कर दिया।

कार्यक्रम में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर मैया के चरणों मे हाजिरी लगाई।

भजन संध्या कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह गौतम त्रिपाठी नाहिली ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम आयोजक ब्लाक प्रमुख रामपुरा अजीत सिंह सेंगर की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि इस शक्तिपीठ से अजीत सिंह जैसे भक्त के जुडने के बाद मैया की ख्याति में निश्चित रूप से चार चांद लगे है हम मैया से उनके मंगल जीवन की कामना करते है। उन्होंने कहा कि इस दरबार पर जो भी भक्ति भाव से आता है उसकी सभी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण होती है।इस शक्तिपीठ पर जिले ही नही बल्कि प्रदेश व अन्य प्रांतों के भक्त भी मथ्था टेकने आते है।

कार्यक्रम आयोजक अजीत सिंह सेंगर ने उपस्थित सभी भक्तों का अभिनन्दन करते हुए सभी का आभार प्रकट किया साथ ही क्षेत्र से पधारे भक्तो को माता रानी की चुनरी ओढाकर उनका सम्मान किया।

इस मौके पर शिक्षक नेता धर्मेंद्र सिंह चौहान, बब्लू सिंह डिकौली,सन्तोष त्रिपाठी,यश पटेल, दम्मू दीक्षित नवादा, एसके सिंह, मण्डल अध्यक्ष ईंटों योगेश त्रिपाठी, रामपुरा मण्डल अध्यक्ष सन्तोष प्रजापति, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अमित बादल, गजेन्द्र राजपूत, सुरेन्द्र दीक्षित नवादा, लाले महाराज ऊमरी, आनन्द तिवारी गुपलापुर, सौरभ पांडेय, बिहारी महाराज जीपुरा, रिंकू सेंगर मडोरी, कुलदीप सिंह, हरेन्द्र चन्देल, राहुल सेंगर, अन्नू सेंगर सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# हर्ष पूर्ण रहा दीक्षांत समारोह का समापन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषुकदाचन:' अर्थात् कर्म करना मानव की स्वाभाविक प्रवृत्ति है ।कर्मों का फल हमारे सुख के लिए नहीं है ।कर्मों का फल भगवान के सुख के लिए है। कर्म करते समय हमें यह याद रखना चाहिए कि हम इनके फलों के भोक्ता नहीं हैं। कर्वाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय में दीक्षांत समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।विद्यालय समिति के अध्यक्ष( चेयरमैन)श्री शिव प्रसाद यादव जी व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अंशुल तिवारी जी विद्यालय प्रबंधन प्रमुख शिवमंगल जी ने माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर पुष्पहार किया तथा सभी के लिए सद्बुद्धि की प्रार्थना की। विद्यालय प्रांगण में सभी छात्र-छात्राओं अभिभावकगणों का स्वागत स्वागत गीत व नृत्य की प्रस्तुति के साथ किया गया ।दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में सभी




कक्षाओं के सभी वर्गों में प्रथम पाँच स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर आशीर्वाद प्रेषित किया ।दीक्षांत समारोह में माननीय यादव जी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन,सफलता व दक्षता और बेहतर समय प्रबंधन को बढ़ावा देता है, जो व्यक्तियों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में मार्गदर्शन करता है। छात्रों के लिए अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अनुशासन को अपनाना आवश्यक है, जो अंतत: समग्र विकास और सफलता की ओर ले जाता है। उन्होंने दीक्षांत दिवस के विषय में बताया, आज का दिन आपके परिणाम का दिन है, जो आपकी मेहनत,लगन व कर्त्तव्यनिष्ठता तथा प्रेरणा का प्रतीक है ।इस परिणाम रूपी वृक्ष को आप सभी के पूर्वजों व माता-पिता के आशीर्वाद रूपी जल से सींचा गया है तथा सभी गुरुजनों की देखरेख व काट-छांट द्वारा प्रस्तुत हुआ है, जिसको वर्तमान में स्वीकार करते हुए मन में ऊर्जा व उत्साह का संचार करना है ।तथा अगली कक्षा में और बेहतर करने के लिए निरंतर अध्ययनरत रहना है। ईश्वर से बेहतर परिणाम की आशा करते हुए उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। यादव जी ने छात्रों को उनके जीवन के नये पड़ाव के प्रारंभ के लिए यशस्वी भव का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दईपुर, वि.ख. सिटी, मीरजापुर

**पत्रांक - मनरेगा/पंचम वित, पंद्रहवां वित्त, निविदा प्रकाशन** **दिनांक- 01.04.2025**

**(सामग्री आपूर्ति निविदा)**

वि.ख. सिटी मीरजापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते फार्म के साथ दिया जायेगा। उक्त संबंध में आपसे अनुरोध है कि अपने समाचार पत्र में सरकारी दर पर निविदा प्रकाशित करने का कष्ट करें। भुगतान के लिए बिल प्रस्तुत करें। विकास खंड सिटी मीरजापुर में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित मनरेगा एवं फेस 2 योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-2026 में ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईंट, सोलर, लाइट, स्ट्रीट लाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट, एम्बेस्टस सीट, टीन शेड, सीमेंट ईट, कट स्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप, सामग्री, डालाग्रिट, विद्युत सामग्री, स्नोसेम, डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटा स्टोन, जीएसबी, सीआई बोर्ड, पीवीसी पाइप, हयूम पाइप, कम्प्यूटर, कुर्सी, मेज, आलमारी, डब्लयूसी, पेन, बोल्डर व शौचालय शेड, हैंडपंप रिबोर, शवदाह गृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ई रिक्शा, कचड़ा दान व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्मे दिनांक 02.04.2025 से 08.04.2025 तक दिन के 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते है। निविदा दिनांक 09.04.2025 से दोपहर 2 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक लिया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| **गीता देवी** | **आलोक श्रीवास्तव** |
| **ग्राम प्रधान** | **सचिव/ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी** |
| **ग्रा.पं. चन्दईपुर** | **ग्रा.पं. चन्दईपुर** |
| **वि.ख. सिटी, मिर्जापुर** | **वि.ख. सिटी, मिर्जापुर** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत बरकछा कलां, वि.ख. सिटी, मीरजापुर

**पत्रांक - मनरेगा/पंचम वित, पंद्रहवां वित्त, निविदा प्रकाशन** **दिनांक- 01.04.2025**

**(सामग्री आपूर्ति निविदा)**

वि.ख. सिटी मीरजापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते फार्म के साथ दिया जायेगा। उक्त संबंध में आपसे अनुरोध है कि अपने समाचार पत्र में सरकारी दर पर निविदा प्रकाशित करने का कष्ट करें। भुगतान के लिए बिल प्रस्तुत करें। विकास खंड सिटी मीरजापुर में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित मनरेगा एवं फेस 2 योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-2026 में ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईंट, सोलर, लाइट, स्ट्रीट लाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट, एम्बेस्टस सीट, टीन शेड, सीमेंट ईट, कट स्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप, सामग्री, डालाग्रिट, विद्युत सामग्री, स्नोसेम, डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटा स्टोन, जीएसबी, सीआई बोर्ड, पीवीसी पाइप, हयूम पाइप, कम्प्यूटर, कुर्सी, मेज, आलमारी, डब्लयूसी, पेन, बोल्डर व शौचालय शेड, हैंडपंप रिबोर, शवदाह गृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ई रिक्शा, कचड़ा दान व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्मे दिनांक 02.04.2025 से 08.04.2025 तक दिन के 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते है। निविदा दिनांक 09.04.2025 से दोपहर 2 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक लिया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| **गुलशन देवी** | **आलोक श्रीवास्तव** |
| **ग्राम प्रधान** | **सचिव/ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी** |
| **ग्रा.पं. बरकछा कलां** | **ग्रा.पं. बरकछा कलां** |
| **वि.ख. सिटी, मिर्जापुर** | **वि.ख. सिटी, मिर्जापुर** |

## कार्यालय ग्राम पंचायत कतरन, वि.ख. सिटी, मीरजापुर

**पत्रांक - मनरेगा/पंचम वित, पंद्रहवां वित्त, निविदा प्रकाशन** **दिनांक- 01.04.2025**

**(सामग्री आपूर्ति निविदा)**

वि.ख. सिटी मीरजापुर के ग्राम पंचायत में पंचम राज्य वित्त/पंद्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में परियोजनाओं पर सामग्री आपूर्ति किया जाना है। उक्त निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता फर्मे सामग्री हेतु निविदा फार्म प्रस्तुत कर सकते है। नियम व शर्ते फार्म के साथ दिया जायेगा। उक्त संबंध में आपसे अनुरोध है कि अपने समाचार पत्र में सरकारी दर पर निविदा प्रकाशित करने का कष्ट करें। भुगतान के लिए बिल प्रस्तुत करें। विकास खंड सिटी मीरजापुर में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित मनरेगा एवं फेस 2 योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2025-2026 में ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यो के लिए ईट, रोडी, भस्सी, सीमेंट, मोटी बालू, लोकल महीन बालू, गिट्टी, पटिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईंट, सोलर, लाइट, स्ट्रीट लाइट, सरिया, स्टोन, डस्ट, एम्बेस्टस सीट, टीन शेड, सीमेंट ईट, कट स्टोन, पेंट, गेट, दरवाजा, टाइल्स, हैंडपंप, सामग्री, डालाग्रिट, विद्युत सामग्री, स्नोसेम, डस्टम्पर, प्राइमर, प्लाईवुड, कोटा स्टोन, जीएसबी, सीआई बोर्ड, पीवीसी पाइप, हयूम पाइप, कम्प्यूटर, कुर्सी, मेज, आलमारी, डब्लयूसी, पेन, बोल्डर व शौचालय शेड, हैंडपंप रिबोर, शवदाह गृह, सामुदायिक शौचालय, डस्टबिन, ठेला, ई रिक्शा, कचड़ा दान व अन्य सामग्री के क्रय हेतु अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्मे दिनांक 02.04.2025 से 08.04.2025 तक दिन के 11 बजे से 2 बजे तक अपनी सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर प्रस्तुत कर सकते है। निविदा दिनांक 09.04.2025 से दोपहर 2 बजे क्रय निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव अथवा रोजगार सेवक पंचायत सहायक से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक लिया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| **आशा देवी** | **आलोक श्रीवास्तव** |
| **ग्राम प्रधान** | **सचिव/ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी** |
| **ग्रा.पं. कतरन** | **ग्रा.पं.कतरन** |
| **वि.ख. सिटी, मिर्जापुर** | **वि.ख. सिटी, मिर्जापुर** |

# कोटेदार से 6 लाख रुपए की लूट का पुलिस ने किया खुलासा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों बैंक में रैकी कर जा रहे कोटेदार से 6 लाख रुपए अज्ञात चोरों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने घटना में शामिल अन्तर्राज्यीय गिरोह का सरगना सहित दो को गिरफ्तार किया। कब्जे से घटना एक लाख पांच सौ रूपये एवं चोरी की पैसों से खरीदी गयी बाइक बरामद की। बीते 10 मार्च को शहर के वोर्डिंग ग्राउन्ड के सामने पेट्रोल पम्प से वादी राशन कोटेदार रामआसरे पुत्र गयाराम राजपूत नि. ग्राम अकौडनपुरवा थाना कन्नौज की मोटर साईकिल से 6 लाख रूपये व अन्य कागजात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिये गये थे। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अज्ञात

- कब्जे से एक लाख पांच सौ रूपये की नगदी व बाइक बरामद
- घटना में शामिल अन्तर्राज्यीय गिरोह का सरगना सहित दो गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

निरीक्षक त्रदीप सिंह प्रभारी सर्विलान्स सेल एवं उपनिरीक्षक कमल भाटी प्रभारी एसओजी की संयुक्त टीम ने कैलाश कोल्ड स्टोर के पास जीटी रोड मकरन्दनगर मुखविर की सूचना पर संदिग्ध व्यक्ति वाहन



खुलासा करते एसपी विनोद कुमार सीओ कमलेश कुमार व मौजूद आरोपित

चेकिंग में विनोद कुमार दोहरे उर्फ पउआ पुत्र राजेन्द्र नि. जमुआ भट्टा कस्बा व थाना दिबियापुर औरैया, शाहरूख खान पुत्र कल्लू खान नि. मो. इन्द्रानगर कस्बा व थाना दिबियापुर औरैया को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से घटना में चोरी किये गये एक लाख पांच सौ रूपये एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 04 अदद मोबाइल एवं चोरी से पैसे से खरीदी गयी टीवीएस राईडर मोटर साईकिल बरामद की। अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि कोटेदार से हुई लूट की घटना का सीसीटीवी व साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से एक लाख पांच सौ रुपए की नगदी और उन्ही रुपयों से खरीदी गई बाइक को बरामद किया। घटना में शामिल गैंग का एक सरगना और उसका साथी गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल दो अन्य की तलाश जारी है। जल्द ही फरार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। बताया कि गिरफ्तार विनोद कुमार शातिर किस्म का अपराधी है। जिस पर एक दर्जन के करीब मुकदमें पंजीकृत है।

# डीपीएस में हुआ एनुअल रिपोर्ट कार्ड डिस्ट्रीब्यूशन

## कक्षा 8 की छात्रा साक्षी त्रिपाठी ने 99.34 प्रतिशत प्राप्त करके पूरा स्कूल किया टॉप

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

शहर के प्रतिष्ठित संस्थान दयाल पब्लिक स्कूल निकट कालिका देवी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों का एनुअल रिपोर्ट कार्ड डिस्ट्रीब्यूशन हुआ। संस्था के संरक्षक दयाशंकर दीक्षित ने मां सरस्वती का पूजन-अर्चन माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा यह बच्चे ही देश की धरोहर व देश का भविष्य हैं।

यदि इस प्रकार के प्रोत्साहित कार्यक्रम होते रहेंगे तो इन बच्चों का मनोबल काफी बढ़ जाएगा और यह स्कूल के साथ अपने माता पिता का भी नाम रोशन करेंगे। कक्षा 8 की छात्रा साक्षी त्रिपाठी ने 99.34 प्रतिशत प्राप्त



करके पूरा स्कूल टॉप किया। संरक्षक दयाशंकर दीक्षित ने शील्ड व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसी क्रम मे प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 9 तक के जिन छात्रों ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्हें भी शील्ड व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिन छात्रों ने क्लास में कोई रैंक प्राप्त नहीं की थी उन सभी को प्रबंधक संदीप वर्मा, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार पांडेय व कोऑर्डिनेटर शुभम सक्सेना नें सांत्वना पुरस्कार दिए। इस मौके पर सभी अभिभावकों सहित विद्यालय के चेयरमैन आशीष दीक्षित, डायरेक्टर राधा दीक्षित, सभी कक्षाध्यापक व स्टाफ मौजूद रहा।

# नपं की जनरेटर लाइन से घरों में न जलाएं बल्बः ईओ



टाउन कर्मचारियों की बैठक लेते ईओ सुनील कुमार सिंह

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत के कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें ईओ ने नगर में हाउस टैक्स लाइट व सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई जिसमें हाउस टैक्स कम वसूली पर नाराजगी जताते हुए दस कर्मचारियों की टीम गठित करने के साथ हाउस टैक्स बसूली अधिक से अधिक किये जाने के निर्देश दिये है। समधन नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बुधवार दोपहर टाउन कर्मचारियों के कार्यो की बिन्दुबार समीक्षा करते हुए कहा कि हाउस टैक्स बसूली में और तेजी लाने के लिये दस कर्मचारियों की टीम गठित करने के निर्देश दिये जिससे कर्मचारी घर घर जाकर जांच करने के साथ अधिक से अधिक हाउस टैक्स वसूल किया जा सके। अब तक कम वसूली पर गहरी नाराजगी जताई है इसके साथ सफाई व्यवस्था में लगे कर्मचारी डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण करके आरआरसी सेन्टर में एकत्रित करके सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिये सफाई नायकों को कहा है बिजली न होने पर नगर में जनरेटर से मैन सड़क किनारे रोशनी के लिये लगी लाइटों के लिये जाने वाली लाइन से कुछ लोगों की ओर से कटिया डालकर बल्ब जलाने की शिकायतों के मद्देनजर पांच कर्मचारियों की टीम गठित करने के साथ ऐसे लोगों को चिन्हित करने के निर्देश दिये है। जिससे कठोर कार्रवाई अमल में लाई जा सके इस अवसर पर विवेक कुमार गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, हनीफअहमद, बकार अहमद, रफी अहमद, अशोक कुमार, आनन्द कुमार, कासिम, नन्हे के अलावा सफाई नायक सुनील कुमार, नरेश चंद्र व बबलू आदि मौजूद रहे।



## अच्छे भविष्य के लिए बच्चों को बनाएं शिक्षितः डॉ एस चन्द्रा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्राथमिक विद्यालय रामपुर बैजू में आयोजित पांचवी कक्षा के बच्चों की फेयरवेल पार्टी में सुप्रसिद्ध ऑर्थो सर्जन डॉ एस चन्द्रा ने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सौरिख रोड स्थित ब्रिजदयाल आर्थो केयर एंड मल्टी स्पेशियल्टी हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध ऑर्थो सर्जन डॉक्टर एस चंद्रा ने कहा बच्चे हमारे देश की धरोहर हैं अतः इनका ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है। उनका भविष्य बनाना है तो उन्हें शिक्षित एवं संस्कारित बनाएं। उन्होंने मेधावी बच्चों कक्षा 1 से पायलए कक्षा 2 से जोयाए कक्षा 3 से अनमोल कक्षा 4 से रिशु एवं कक्षा 5 से मोहनी को प्रथम आने पर पुरस्कृत किया। प्रधानाध्यापिका इशरत जहां ने डॉक्टर एस चंद्रा के प्रति आभार जताया। इस दौरान शिक्षक शरद मिश्रा, पवन कटियार, बीनू भदोरिया, प्रियंका, चन्दा बानो, रेनू कुमारी, शिक्षामित्र बीनू देवी एवं कल्पना भारती सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मतदान से होगा गल्ला आलू व्यापारी संघ का चुनाव

- व्यापारियों की बैठक में लिया गया निर्णय

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नवीन मंडी में आयोजित व्यापारियों की बैठक में आम सहमति से तय किया गया कि गल्ला आलू व्यापारी संघ का चुनाव मतदान से कराया जाए। वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल 31 मई तक है अतः मई माह में ही मतदान की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी ने कहा चुनाव सर्वसम्मति से होना चाहिए। मैदान में आदेश चच्चा और राजू ठाकुर हैं। मेरा सुझाव है कि इन दोनों को एक-एक साल के लिए अध्यक्ष पद सौंप दिया जाए लेकिन नीरज भाटिया ने इसका विरोध किया और कहा कई लोग चुनाव लड़ना चाहते



हैं। रोबिन यादव ने कहा अभी तक चुनाव होते आए हैं अतः इस बार भी चुनाव होना चाहिए।

हरिभान सिंह ने भी चुनाव कराने का समर्थन किया। इनके अलावा नीतू गुप्ता विवेक यादव आदेश गुप्ता मोहन और वर्तमान अध्यक्ष पीयूष गुप्ता प्रीतू ने भी विचार व्यक्त किए। संरक्षक आलोक गुप्ता टिल्लू ने मई माह में चुनाव कराने की घोषणा करते हुए कहा इस बार चुनाव कमेटी में पियूष गुप्ता प्रीतू मानू रहमानी नागेंद्र दुबे एवं मीडिया प्रभारी पंकज प्रसाद दुबे शामिल रहेंगे। यह सभी जल्दी ही विचार विमर्श करके चुनाव प्रक्रिया की घोषणा करें। बैठक में महामंत्री आसिफ शेख आशु उपाध्यक्ष आदेश यादव कोषाध्यक्ष साजिद रहमानी कासिब मंसूरी काशू, अभिषेक यादव, अरविंद गुप्ता, कुलदीप पाल व राजीव पांडेय सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# कॉलेज में मील का पत्थर साबित होगी पहली डिजिटल लाइब्रेरी




**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

हीरालाल वीएन इंटर कालेज में आयोजित समारोह में प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सनातन संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता टिल्लू ने कहा कालेज में संस्थापक हीरालाल वैश्य की प्रतिमा का अनावरण तथा पहली डिजिटल लाइब्रेरी के लिए भवन निर्माण मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने कहा शिक्षक ही समाज का निर्माता होता है। मुख्य अतिथि प्रेम नारायन दुबे ने कहा शिक्षक कभी रिटायर नहीं होताए वो आजीवन शिक्षक ही रहता है और शिक्षा देता है। अच्छे शिक्षक ही एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण करते हैं। इनके अलावा यदुनाथ सिंह बैस, नारायन गुप्ता व डॉ. जयप्रकाश त्रिपाठी ने भी विचार व्यक्त किए। इससे पहले आचार्य सत्यम चतुर्वेदी ने जितेंद्र सिंह यादव एवं निशा यादव से राम दरबार का पूजन करवा

- प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव को दी भावभीनी विदाई

कर सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ कराया। पंडित जयकरन त्रिपाठी एवं अंकुर शुक्ला ने भजन सुना कर सभी को भावविभोर कर दिया। जितेंद्र सिंह यादव के प्रधानाचार्य पद से सेवानिवृत्त होने के उपरांत वरिष्ठ प्रवक्ता राधाबल्लभ मिश्रा को प्रधानाचार्य बनने पर बधाई देकर स्वागत किया गया। सत्यपाल सिंह बा गौरव सिंह के संचालन में हुए कार्यक्रम में संदीप दुबे, प्रताप सिंह यादव, मोहन सिंह यादव, महावीर सिंह, अशोक गुप्ता, जयवीर सिंह एडवोकेट, महेंद्र सिंह प्रधान, विवेक दीक्षित सहित प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य, समस्त विद्यालय परिवार और आगंतुक उपस्थित रहे।

# परमात्मा के साथ है मन का जुड़ाव





**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

- संत निरंकारी भवन में सत्संग

संत निरंकारी भवन में आयोजित सतसंग में महात्मा हरिश्चंद्र ने कहा हमारे मन का जुड़ाव परमात्मा के साथ है। जब हम ज्यादा से ज्यादा इस परमात्मा के साथ मन को जोडेंगे तब इसके अहसास में रहेंगे।

उन्होंने कहा हर काम में इस प्रभु परमात्मा को शामिल करेंगे तो फिर मन डांवाडोल नहीं होगा। जब परमात्मा को ही हर समय दिल में रखते हैं तो मन सहज रहता है। इस परमात्मा को दिल में बसाएंगे तो मन में सारे भाव अच्छा काम करेंगे। जैसे आग पर तवा रख दें तो आग रोटी बनाने के काम आएगी। ठंड में कमरे में आग जला ले तो ठंड से आराम मिलेगा। इसी तरह से अगर सही रास्ते पर सही सोच के साथ सही दिल के भाव हैं तो हमारे जीवन में कोई भी कष्ट नहीं होगा। परमात्मा के साथ तन मन धन से भक्ति करना ही सत्य वचन का अहसास होता है। क्योंकि ईश्वर परम सत्य है बाकी सब मिथ्या संसार का नाश हो सकता है। लेकिन यह अजर अमर अविनाशी हैं। इसका अन्त नहीं हैं। यह परम सत्य है। इसके अलावा अन्य महात्माओं ने भी प्रवचन व भजनों से संगत को निहाल किया।

## ईद की नमाज़ अदा कर एक-दूसरे के गले मिल दी मुबारकबाद

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** नगर व क्षेत्र में ईद.उल.फितर का त्योहार गंगा जमुनी तहजीब के साथ मनाया गया ईदगाहों पर ईद उल फित्तर की नमाज़ अदा कर लोगों ने एक दूसरे के गले मिल कर मुबारकबाद दी गई। वही ईदगाहों पर अधिकारियों ने भी दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया। सोमवार की सुबह ईद.उल.फित्तर की नमाज पढ़ने के लिए सभी मुस्लिम लोग नहा धोकर ईदगाहों पर अपने अपने समय पहुंचने लगे थे और त्योहार मनाने के लिए नन्हे मुन्ने बच्चों में काफी उत्साह देखा गया नमाज़ के बाद लोगों आपसी भाईचारे के साथ एक दूसरे के घरों पर पहुंचकर सारे गिले.शिकवे भुलाकर ईद की मुबारकबाद दी गई। इसी दौरान जनप्रतिनिधियों समधन नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम के आवास पर समाजसेवी सैय्यद अहमद उसैव वटटूए मोहल्ला आज़ाद नगर में सपा कार्यकर्ता इरफान गेस्ट के प्रबन्धक फैसल हुसैन के आवास पर पूर्व चेयरमैन मोहम्मद नकीम खान के आवास पर कनीशा कोल्ड स्टोरेज के प्रबन्धक मोहम्मद नफीस बल्ले के आवास के अलावा आदि लोगों ने जगह.जगह ईद की मुबारकबाद दी पूरे दिन ईद मिलन कार्यक्रम चला उधर सुरक्षा व्यवस्था में समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह समधन नगर की ईदगाहों पर पुलिस बल तैनात रखा था साथ में खुद भी ईदगाहों पर पहुंचकर जायज़ा लेते रहे।

# छठवें दिन भी जारी रहा अधिवक्ताओं का आंदोलन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी न्यायिक के विरोध में धरना प्रदर्शन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर व महासचिव ललित प्रताप सिंह के नेतृत्व में छठवें दिन भी तहसील परिसर में जारी रहा।

पूर्व अध्यक्ष जीतू श्रीवास्तव ने कहा वादकरियों के हितों को देखते हुए तहसील व जिला प्रशासन को अतिशीघ्र ठोस पहल कर समाधान कराने के लिए विचार करना चाहिए क्योंकि न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ता दोनों का ही लक्ष्य अधिवक्ता हित में कार्य करना। है न कि हठधार्मिता बनाए रखकर न्यायिक कार्यों में बाधा पैदा करना। इनके अलावा पूर्व अध्यक्ष शिवनाथ सिंह



यादव, पूर्व अध्यक्ष राजेश शाक्य, कन्हई सिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा, राजीव हजेला, राजकुमार सिंह, हरिशंकर मिश्रा, प्रमोद दुबे, रावेन्द्र चौहान, फ्हीम जमा खां, विकास गुप्ता व घनश्याम यादव, सहित कई अधिवक्ताओं ने संबोधन किया। आज भारतीय किसान यूनियन औनू के जिलाध्यक्ष संजीव ठाकुर, किसान क्रांति दल के जिलाध्यक्ष अमन यादव, भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय सचिव व जिला प्रभारी आरपी सिंह बैस एवं बार एसोसिएशन कानपुर देहात के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ कटियार ने धरना स्थल पर पहुंचकर अधिवक्ताओं के आंदोलन को समर्थन दिया। महासचिव ललित प्रताप सिंह ने बताया बार एसोसिएशन द्वारा उपजिलाधिकारी न्यायिक के विरुद्ध चलाये जा रहे आंदोलन में 3 मार्च को सुबह 10 बजे बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय धरना स्थल पर पहुँच कर आंदोलन को गति प्रदान करेंगे।

# चूल्हे की चिंगारी से नौ घरों की गृहस्थी जलकर राख

- दकमल व ग्रामीणों ने पाया आग पर काबू

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र की चौकी नौरंगपुर के ग्राम पडुआपुर में सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से नौ घरों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। सुबह खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से लगी आग ने भीषण रूप लेकर नौ घरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने राहत कार्य कर आग बुझाने का प्रयास किया। दमकल के पहुंचने पर आग पर काबू पाया जा सका। बुधवार की सुबह लगभग नौ बजे



घटना स्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

ग्राम पडुआपुर निवासी कुलदीप की पत्नी लक्ष्मी देवी चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी चूल्हे की चिंगारी से उसके छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते आग भीषण हो गई और उसने आसपास के नौ घरों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय गांव के अधिकतर लोग गेहूं की कटाई करने के लिए खेतों में थे। तभी सुबह-सुबह अचानक आग लग गई। जब ग्रामीणों ने दूर से गांव में आग को देखा तो भाग कर गांव की तरफ दौड़े। मौके पर स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर दमकल की गाड़ी को बुलाया। तब जाकर कहीं आप पर काबू पाया जा सका।

वही खंड विकास अधिकारी गुगरापुर श्रीराम सिंह, पंचायत सचिव विनोद गौतम, क्षेत्रीय लेखपाल बृजेश बाथम ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का आकलन किया। आग की चपेट में आने से रामवेटी पत्नी सुरेश, लालाराम पुत्र सुरेश, गुड्डू पुत्र सुरेश, रामलड़ैते पुत्र मुन्ना लाल, समर बहादुर पुत्र छोटे लाल, संजीव पुत्र रामभजन, श्याम बाबू पुत्र रामकिशन, राहुल पुत्र सुरेश के घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई।

## आवश्यक सूचना

जीवन बीमा निगम कन्नौज शाखा द्वारा जारी मेरी पॉलिसी संख्या 263662233 में भूलवश मेरा नाम शुवांगी पाल दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड व अन्य शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम शिवांगी पाल दर्ज है। दोनो मेरे ही नाम है। मुझे इन दोनो नामों से जाना जाता है। बीमा पॉलिसी में भी मेरा नाम संशोधित शिवांगी पाल दर्ज किया जाए। शिवांगी पाल पुत्री विनोद कुमार पाल निवासी ग्राम पनवरा पोस्ट जलालपुर पनवारा, तहसील व जनपद कन्नौज।

# वक्फ बिल को लेकर भ्रमणशील रही कोतवाली पुलिस



पुलिस कर्मियों के साथ नगर में रूटमार्च करते कोतवाल।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

वक्फबिल पर संसद में चल रही चर्चा के दौरान विरोध की आशंका को लेकर कोतवाली पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर नगर सहित क्षेत्र में रूटमार्च कर भ्रमण किया। शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर जनता से सामाजिक सौहार्द कायम रखने की अपील की। बुधवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर गली, गांधी नगर, रामगंज, रेलवे रोड, तिराहा व चौराहा सहित आसपास के क्षेत्र में भ्रमण कर शांति व सुरक्षा का संदेश दिया। कोतवाल ने बताया कि बिल को लेकर किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और न ही स्वयं सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट करें। सामाजिक सौहार्द व भाईचारा बिगाड़ने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार, ज्ञानेन्द्र सिंह, राजेश प्रताप सिंह, मोहन लाल सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## पेट्रोल डालकर विवाहिता को जलाने का प्रयास

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर दहेजलोभी ससुरालियों ने विवाहिता से मारपीट की और पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया। इसके बाद उसे घर से निकाल कर धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चौकी नौरंगपुर के ग्राम चचासाण्डा निवासी प्रीती पत्नी पुष्पेन्द्र सिंह सिकरवार ने एसपी के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका विवाह आगरा के थाना कमला नगर त्रिवेणी नगर मुगल रोड निवासी पुष्पेन्द्र सिंह से 22 फरवरी 2023 को हुआ था। विवाह के बाद ससुराली दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। इसके पति पुष्पेन्द्र सिंह सिकरवार, ससुर मुन्ना सिंह, सास कृष्णादेवी, देवर मानवेन्द्र सिंह, विश्वेन्द्र सिंह, ननद पूजा देवी सिकरवार ने दहेज में एक प्लाट व 20 लाख रुपये की मांग कर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। इसके बाद गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की नियत से पेट्रोल डालकर आग जिंदा जलाने का प्रयास किया। इसके बाद 08 अप्रैल 2023 को ससुरालियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पौधारोपण कर जन्मदिन को बनाया यादगार



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक एवं पर्यावरण विद् रंजू सिंह लकी ने पौधारोपण करके अपने जन्मदिन को यादगार बनाया। आवास विकास कॉलोनी स्थित पार्क नम्बर 1 में उन्हींने संजय मिश्रा अरविन्द दुबे, सुधा मिश्रा, सुहानी यादव व योगेश के साथ आंवला के पौधे लगाए और उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य सवा लाख पौधे लगाने का है। आप सब से अनुरोध करती हूँ कि आप सभी कम से कम 5 पौधे अवश्य लगाएं। आप दूसरों के लिए नहीं तो अपने लिए लगाइए। तापमान बहुत ज़्यादा प्रति वर्ष बढ़ रहा है। यदि आप लोग अभी से पौधों पर ध्यान नहीं दोगे तो आने वाले समय में बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। 2011 से मैंने अपने जन्मदिन बच्चों व माता पिता के जन्मदिन से ही पौधारोपण की शुरुआत की थी। किसी को उपहार देने के लिए मैं पौधे ही पसंद करती हूं।

## आवश्यक सूचना

सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल छिबरामऊ, कन्नौज में मेरी पुत्री अदिति सिंह की जन्मतिथि भूलवश 25.07.2011 गलत अंकित हो गई है। जबकि सही जन्मतिथि 01.07.2010 है। अतः सभी अभिलेखों में सही जन्मतिथि अंकित किया जाना आवश्यक है। इसमें मेरी व मेरी पत्नी की पूर्ण सहमति है।

**सुखवीर सिंह पुत्र रघुवीर सिह निवासी मोहल्ला शास्त्री नगर, बस्तीराम छिबरामऊ,कन्नौज।**

# निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर काम कर रहे राजमिस्त्री की फावड़े से गला काटकर हत्या

- पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान दो लोगों को लिया हिरासत में, पूछताछ जारी
- जनपद बरेली निवासी ठेकेदार के साथ काम करने आया था मृतक युवक साजिद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ठेकेदार के साथ निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर काम कर रहे बरेली के राजमिस्त्री (28) की साथी कर्मचारियों ने विवाद होने पर फावड़े से काटकर निर्मम हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने घटना के संबंध में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा मंझना में शमशाबाद रेलवे स्टेशन के ऊपर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज पर काम करने के लिए जनपद बरेली के थाना इज्जत नगर के गांव शिकारपुर चौधरी निवासी 28 वर्षीय राममिस्त्री साजिद पुत्र शराफत खान बीते कई महीनों पूर्व अपने घर से रेलवे में प्राइवेट तौर पर काम करने के लिए जनपद बरेली के ही ठेकेदार संदीप अग्रवाल के साथ आया था। वह कस्बा मंझना में सरकारी रेलवे क्वार्टर में रह रहा था। सूत्रों के बताए निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर अन्य लोग भी कार्य कर रहे थे। जिनसे साजिद की मित्रता हो गयी। सूत्रों के बताए मुताबिक नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम घमुइया रसूलपुर निवासी प्रवेश उर्फ भूरा पुत्र उदयवीर कस्बा मंझना निवासी संजीव गंगवार के घर में किराए पर रह रहा था। वहीं पर रहकर नईगीरी की दुकान करने के बाद वह रेलवे के ठेकेदार के नीचे काम करने लगा। उसकी बरेली निवासी साजिद से मित्रता हो गई तथा आपस में साथ रहने लगे और काम करने लगे। बीती रात क्वार्टर में खाना बना खा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों में कुछ कहासुनी हो गई। जिस पर प्रवेश उर्फभूरा ने पास में रखे फावड़े से साजिद के गले पर हमला कर दिया। जिससे साजिद की गला कटने से मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद प्रवेश उर्फ भूरा मौके से फरार हो गया। फिलहाल घटना का स्पष्ट कारण अभी पता नहीं चल सका है। आरोपी के हिरासत में आने के बाद ही घटना से पर्दा उठ सकेगा। वहीं जब सुबह जनपद कासगंज के थाना दरियागंज पटियाली थाने की चौकी दरियागंज क्षेत्र के गांव ककराला निवासी मेट सुरेंद्र सिंह जब सुबह सामान भरने आए और मजदूरों को जगाने के लिए रजनीश कुमार, रविंद्र कुमार दोनों रेलवे कर्मचारियों को क्वार्टर में रहे लोगों को उठाने के लिए भेजा, तो दोनों ने कमरा खोलकर देखा, तो वहां भारी मात्रा में खून बह रहा था और मृतक का गला कटा हुआ था। जिससे दोनों डर गये और दौड़कर उन्होंने मेट सुरेंद्र को सूचना दी। सूचना पाते ही धीरे-धीरे काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गये।


घटनास्थल पर जांच करते सीओ व थानाध्यक्ष

इसकी सूचना ग्राम प्रधान सत्येंद्र सिंह के द्वारा थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी तथा कस्बा मंझना के इंचार्ज दरोगा इंद्रजीत सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी की। सूत्रों से ही मिली जानकारी के अनुसार कस्बा मंझना निवासी दो लोगों को थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं मेट सुरेंद्र सिंह के बताये अनुसार मृतक बरेली निवासी ठेकेदार संदीप अग्रवाल के ठेके में काम करता था जो की ईद पर घर जाने के लिए था, लेकिन वह घर नहीं पहुंच पाया और बुधवार को रेलवे के क्वार्टर संख्या जी 31केई में मृतक का शव पड़ा मिला। थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी। सूचना पाकर फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद राजेश द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे और शव के पंचनामा की कार्रवाई की। वहीं मामला रेलवे का होने पर कायमगंज जीआरपी चौकी इंचार्ज दरोगा रामकेश यादव तथा फर्रुखाबाद रेलवे थाने के इंस्पेक्टर ओमप्रकाश मीणा अपने साथी दरोगा अंकुश के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। नवाबगंज थाना पुलिस ने शव के पंचनामा की कार्यवाही की तथा शव को अपने कब्जे में लेकर थाना नवाबगंज चले गये और शव पिकअप के द्वारा मोर्चरी में भेज दिया गया। वहीं थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर कार्रवाई की जाएगी।

# डीआई ने तीन मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण, मिलीं खामियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय द्वारा अस्पताल रोड स्थित सपना मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। मेडिकल संचालक द्वारा नियमित विक्रय अभिलेख जारी नहीं किया जा रहा था। संदिग्ध के आधार पर 2 दवाओं के नमूने एकत्र किए गए। इसके पश्चात श्री गणेश मेडिकल स्टोर तलैया लेन स्थित का आईजीआरएस की शिकायत पर औचक निरीक्षण किया गया। जहां पर मरीज और उसके परिवार के लिए नियमित रूप से बिक्री बिल तैयार नहीं किया जाना पाया गया। जहाँ पर औषधि नियमावली 1945 के नियम 65 का उल्लंघन पाया गया और 2 नमूने एकत्र किए गए हैं। इसके बाद जय श्री बालाजी मेडिकल स्टोर खटकपुरा सिद्दीकी का औचक निरीक्षण किया गया। जहां पर संचालक द्वारा विक्रय बीजक निर्गत नहीं किया जा रहा था। मौके पर 1 संदिग्ध औषधीय के नमूने संकलित किए गए। भरे गए नमूने को राजकीय प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश लखनऊ जांच एवं प्रशिक्षण हेतु भेजा गया। निरीक्षण किए गए तीनों प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। फर्म संचालक द्वारा विक्रय बीजक निर्गत न करने हेतु 7 दिवस का समय देते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।


मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करते जिला औषधि निरीक्षक

# आजाद समाज पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा अध्यक्ष सांसद भवन नई दिल्ली को संबोधित ज्ञापन आजाद समाज पार्टी ने अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी को सौंपा। आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष नितिन कुमार द्वारा लोकसभा अध्यक्ष सांसद भवन नई दिल्ली को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा गया कि लोकसभा सांसद मुकेश राजपूत द्वारा दिनांक 30.03.2025 को सातनपुर मंडी में लोधी सम्मेलन में अपने समाज के सामने खुले मंच से भाषण देकर कहा था कि सबसे ज्यादा दारुबाज जाटव समाज है। किसी भी त्यौहार जैसे होली, दीपावली पर मिलने या चुनाव में वोट मांगने भी जाएं तो यह देख देखना पड़ता है कि शाम को सभी लोग शराब पिए होंगे। इसीलिए इच्छा नहीं होती है कि वोट मांगें। सांसद के द्वारा की गई टिप्पणी से दलित समाज में काफी आक्रोश व्याप्त है। जिसके चलते हमारी पार्टी प्रदर्शन के द्वारा सांसद को चेतावनी देती है कि वह हमारे समाज से माफी मांगें। अन्यथा इसके लिए उन्हें भारी कीमत चुकानी होगी।


अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

# डंपर से कुचलकर साइकिल सवार युवक की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के बीच चौराहे पर साइकिल सवार युवक को डंपर ने रौंद दिया। जिससे युवक के पैर टूट गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस तथा थाना पुलिस ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद पुलिस ने डंपर व उसके चालक को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला डिलारा निवासी सेवाराम पुत्र विश्वनाथ 40 वर्ष किसी काम से साइकिल से नवाबगंज बाजार आया था। जैसे ही कस्बे के मेन चौराहे पर पहुंचा, तभी मंझना की तरफ से आए डंपर ने साइकिल सवार के ऊपर डंपर चढ़ा दिया। जिससे युवक के दोनों पैर टूट गये। सूचना पाकर पहुंचे थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने मौके पर समस्त थाना पुलिस को बुलाकर डंपर और उसके चालक को हिरासत में लिया। घटना की सूचना 108 एंबूलेंस को दी गयी। घायल को अस्पताल पहले सीएचसी ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गयी। काफी संख्या में पुलिस बल होने के कारण कोई घटना घटित नहीं हुई।


रोते बिलखते मृतक के परिजन

# धूमधाम से किया गया भगवान विमलनाथ का मस्तिकाभिषेक

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

अलग-अलग प्रांतों से कंपिल आए तपस्वियों ने भगवान विमलनाथ का मस्तिकाभिषेक धूमधाम से किया गया। जिसके बाद लोगों ने पूजा अर्चना कर तीर्थ नगरी का भ्रमण कर लोक कल्याण की कामना की। इस दौरान भक्तगण, नगरवासी व अन्य लोग मौजूद रहे।

नगर कंपिल में स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर में मंगलवार शाम तेरह सौ तपस्वियों की यात्रा चेन्नई से शुरू होकर मंदिर पहुंची। बुधवार सुबह तपस्वियों ने भगवान विमलनाथ का मस्तिकाभिषेक गंगा जल, तीर्थरज, वेद औषधियों वर्धमाना शक्रिस्तों द्वारा किया। ट्रस्ट के मंत्री पुखराज डागा ने बताया इस विशेष पूजा का आयोजन श्री कुमार पाल चैत्र मास ओली समिति द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रकाश भाई मरडिया काबीलालवी जैन, भक्ति मल जैन ने बताया इस यात्रा का संयोग तेरह वर्षों बाद बनता है। इसलिए इस यात्रा की विशेष पूजा तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ की जन्मस्थली कंपिल में विशिष्ट संयोग में की गई। यह यात्रा चेन्नई से शुरू होकर उत्तर प्रदेश के हस्तिनापुर में 08 अप्रैल को समाप्त होगी। इस यात्रा का उद्देश्य संपूर्ण तीर्थ क्षेत्र के विकास के लिए धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। सभी यात्रियों ने मुख्य अतिथि मिथलेश अग्रवाल, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष उदयपाल यादव का फूल मालाओं से सम्मान किया गया। यात्रियों ने कंपिल नगरी की भव्यता की सराहना की। यात्रियों ने आवागमन के लिए व्यवस्थाएं बढ़ाने के लिए अनुरोध किया। जिससे आवागमन में सुगमता हो सके। इस दौरान उत्तम चन्द्र, वाजरा, राजभाई मरडिया, हिमांशु, जीशान, चिराग परख, बांटी, विनोद, सचिन पांडे, विनोद, पुजारी सुनील मिश्रा, मुकुल शर्मा, राजेश शाक्य, विनोद जाट, अभय शर्मा व अन्य नगरवासी मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते समाजसेवी पुखराज डागा

## दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट बच्चों सहित दो महिलाएं घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धारा नगला निवासी सौदान सिंह यादव ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया 2 दिन पूर्व अजय पुत्र शैतान सिंह अपनी बैलगाड़ी से कमालगंज आ रहा था। बैलगाड़ी में काफी मात्रा में सामान भरा हुआ था। रास्ते में चरन सिंह एवं उनके पुत्र और लंकुश निवासी उपरोक्त ने कहा बैलगाड़ी पर हमें भी बैठा लो, तो बैलगाड़ी में सामान ज्यादा भरा होने के कारण अजय पुत्र शैतान सिंह ने मना कर दिया। इसी बात की रंजिश में बुधवार को उपरोक्त लोग अपने साथ करीब एक दर्जन परिजनों को लेकर आए और घर पर पत्थर चलाने चालू कर दिए। जिससे घर में खलबली मच गई। घर की महिलाएं इधर-उधर भागने लगी और इस पर भी उन लोगों का दिल नहीं भरा, तो घर में घुसकर महिलाओं एवं बच्चों को भी मारापीटा। हमारे बाबा जंडैल सिंह ने बचाने की कोशिश की, तो उन्हें भी लाठी-डंडों से मारापीटा एवं धारदार हथियारों से मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी पांच घायलों को सीएचसी कमालगंज लाया गया। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा है।

# मरीजों के प्रति संवेदनशील रहने के सीएमओ ने दिये निर्देश

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों व कर्मचारियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील रहने के निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार बुधवार को सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं और नवजातों की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता और चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता की जॉच की। सीएमओ ने टीकाकरण केन्द्र सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं को समय पर सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। नवजात शिशुओं की देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर सेवाओं का फीडबैक भी लिया। डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजो के प्रति संवेदनशील रहने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि मरीजों की जरूरत को प्राथमिकता दी जाए और किमी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान स्टेनो कश्मीर सिंह, कायमगंज चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य मौजूद रहे।


अभिलेख देखते मुख्य चिकित्साधिकारी

# तमंचाधारी युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

लूट के उद्देश्य से युवक की बाइक पर बैठे तमंचाधारी युवक को खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के बबना रोड से बराकेशव जाने वाले मार्ग पर बीते दिन जनपद एटा के थाना नयागांव के नगरिया गांव निवासी युवक अपने घर से चलकर नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला हीरा सिंह आ रहा था, तभी नगला हीरा सिंह बराकेशव रोड पर खड़े एक युवक ने उससे लिफ्ट मांगी और युवक की बाइक पर बैठकर चल दिया, तभी गांव नया नगला के पास जाकर युवक उतरा और पीड़ित के बताए अनुसार उसने कनपटी पर तमंचा लगा दिया तथा मोबाइल लेकर तोड़ डाला। जब पीड़ित चिल्लाया तो खेतों पर काम कर रहे लोगों ने दौड़कर आरोपी को तमंचा सहित पकड़ लिया और थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे नवाबगंज थाने के बबना चौकी इंचार्ज को आरोपी को सौंप दिया। बुधवार को थाना पुलिस ने आरोपी युवक अंकित पुत्र धीरेंद्र सिंह निवासी गांव मिर्जापुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज को एक तमंचा व कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


पुलिस हिरासत में युवक

# भक्तों ने मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना कर की सर्व मंगल की कामना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चैत्र नवदुर्गा के चौथे दिवस नगर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दुर्गा देवी के चतुर्थ स्वरुप कूष्मांडा का पूजन किया। लोगों ने उपवास रखकर मां की उपासना की। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर महिला व पुरुष पुलिस तैनात रही।

नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कूष्माण्डा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मन्द, हल्की हँसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कूष्माण्डा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अन्धकार ही अन्धकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्माण्ड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इनकी उपासना से सारे कष्टों से मुक्त होकर सहज ही परम पद के अधिकारी बन सकते हैं। यह देवी कल्याणकारी है। पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। पल्ला मठिया, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णो देवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदि सहित नगर के कई छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका और सर्वमंगल की कामना की। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर पुलिस तैनात रही। शाम के समय व्रत रखे महिलाओं ने माता के भजन कीर्तन किये। मंदिरों में ऊं मंगला काली, भद्र काली, कपाली के गूंज रहे मंत्रों से एक वारगी माहौल आध्यात्मिक नजर आ रहा है।


मठिया देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

# प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नई बस्ती रोड स्थित विद्यालय एच0ओ0 एकेडमी कायमगंज में प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किए गए।

इस अवसर पर वक्ताओं ने शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि अनुराग मिश्रा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कायमगंज ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई लिखाई के साथ खेलकूद में भी भाग लेना चाहिए और मोबाइल जैसी चीजों से दूर रहना चाहिए।

नगर पालिका कायमगंज के अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने कहा कि गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। शिक्षा से ही सामाजिक समरसता के द्वार खुलते हैं और आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर रामबाबू मिश्रा रत्नेश ने कहा कि आज शिक्षक, संरक्षक और शिक्षार्थी के बीच में सामंजस्य नहीं है। यही कारण है कि शिक्षा अपने रास्ते से भटक गई है। प्राथमिक शिक्षा की हालत बहुत ही खराब है। इन स्कूलों में तामझाम देने की बजाय शिक्षा का समुचित प्रबंध होना चाहिए। आज इन स्कूलों में अध्यापक नहीं है और सरकारी काम इतना अधिक रहता है कि शिक्षकों को पढ़ाने की बजाय और सारे कार्य करने पड़ते हैं। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा कि संरक्षकों को चाहिए कि वह अपने बच्चों को सही दिशा दें और विद्यालय आकर अपने बच्चों के बारे में शिक्षकों से परामर्श करें। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा का माध्यम कोई भी हो उसमें अनुशासन और संस्कार बहुत जरूरी हैं। इस अवसर पर अनुज शाक्य कक्षा 2 में प्रथम स्थान को पुरस्कृत किया गया।

इसके अलावा प्रयाग कुमार, दिव्यम, वैष्णवी, अलीशा, पारस अग्रवाल, कृष गुप्ता, आरुष पांडे, जान्हवी, आयुष और एंजल पांडे को अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान पाने पर मुख्य अतिथियों तथा प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया। शुभम रस्तोगी अध्यक्ष, पारुल रस्तोगी, संध्या रस्तोगी, अजीत कुमार नेता अपना दल के अतिरिक्त अजीत सिंह, सौरभ चतुर्वेदी, अंकित मिश्र, साकेत कुमार, असमी खान, गोल्डी, मेहर, काजल कुशवाह, असमी खान, दिव्या पाल, विपिन पाठक के अतिरिक्त अधिवक्ता मनीष कुमार अग्रवाल, ज्ञानेंद्र पांडे, राजीव राजपूत, राकिब खान, आरती शाक्य, शाहिद आदि जागरूक अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह का संचालन सौरभ चतुर्वेदी ने किया।


छात्रा को सम्मानिक करती शिक्षिकायें

# भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा



**परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विशेष रिपोर्ट**

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। इसी भृगुवंश में उत्पन्न होने के कारण वे भार्गव् कहलाए। इनके चार भाई विश्वावसु, वसु, सुषेण एवं रूमोद्वान्। कालान्तर में युवा परशुराम को साक्षात् भगवान् शिव से धनुर्विद्या के साथ-साथ अष्टधातु-निर्मित भीषण, अमोघ एवं सर्वजयी परशु प्राप्त हुआ।


सुधाकर चतुर्वेदी

अध्यापक सुधाकर चतुर्वेदी ने बताया कि 29 अप्रैल को अक्षय तृतीया भी है और भगवान परशुराम जयंती है। भगवान परशुराम हमारे आराध्य है। वास्तव में उन्होंने समाज को नई दिशा दी। उन्होंने उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाकर आतताईयों का संहार किया। वो सर्वसमाज के पूज्यनीय है। सर्वसमाज को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। हम उनकी जयंती धूमधाम से मनायेंगे।


नंदकिशोर दुबे

सपा नेता नंदकिशोर दुबे वंदे मातरम ने बताया कि भगवान परशुराम की सर्वसमाज पूजा करते है। हमारी मांग है कि भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा फर्रुखाबाद में स्थापित की जाये। वह किसी समाज के दुश्मन न होकर अताईयों के दुश्मन थे। उन्होंने सर्वहारा को उठाया। 29 अप्रैल को हवन पूजन के साथ भगवान परशुराम की धूमधाम से जयंती मनायेंगे और प्रसाद वितरण होगा।


प्रीती तिवारी

कवियत्री प्रीती तिवारी ने बताया पितामाह भृगु द्वारा सम्पन्न नामकरण संस्कार के अनन्तर राम कहलाये। वे जगदग्नि का पुत्र होने के कारण जमदग्नि और शिवजी द्वारा प्रदत्त परशु धारण किये रहने के कारण वे परशुराम कहलाये। आरम्भिक शिक्षा महर्षि विश्वामित्र एवं ऋचीक से शार्गड नामक दिव्य वैष्णव धनुष और ब्रह्म ऋषि कश्यप से विधिवत अविनाशी वैष्णव मंत्र प्राप्त हुआ।

# 6 से 14 अप्रैल के मध्य होने वाले कार्यक्रमों की बनी रुपरेखा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों एवं निवर्तमान मंडल अध्यक्षों की बैठक संपन्न हुई। आगामी 6 अप्रैल को होने वाले पार्टी के स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों को सफल बनाने के निर्देश दिए।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है। स्थापना दिवस के अवसर

**▸ सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम में भाग लेने के दिये गये निर्देश**

पर सभी भाजपा के बूथ स्तर से लेकर जिले स्तर तक के कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वजारोहण करेंगे।

ध्वज के साथ सेल्फी लेकर उसको सोशल मीडिया के माध्यम से बीजेपी (विकसित भारत) के साथ अपलोड करेंगे। जिले स्तर पर ही भाजपा की सफलतम यात्रा वाली प्रदर्शनी पार्टी मुख्यालय पर लगेगी। कार्यक्रम को बड़ी धूमधाम से प्रत्येक सार्वजनिक स्थानों पर मनाया जाएगा। 8 अप्रैल से 9 अप्रैल के मध्य विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें भाजपा का



कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिला संगठन प्रभारी

चुनाव एवं संगठनात्मक बिस्तार पर चर्चा होगी। भाजपा द्वारा भारतीय राजनीति में लाया गया परिवर्तन जिस पर एक विस्तृत चर्चा भी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा की जानकारी दी जाएगी। 7 अप्रैल से 12 अप्रैल के मध्य मंडल स्तर पर जिसमें स्थित शहर गांव व वार्ड में गांव चलो अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में उस क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य वार्ड के सभासद एवं पार्षद व जनप्रतिनिधि प्रवास करेंगे। 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती कार्यक्रम प्रत्येक बूथ पर मनाया जाएगा।

कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान एवं माल्यार्पण किया जाएगा। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा भारतीय जनता पार्टी अटल विरासत सम्मेलन आयोजित करेगी। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री से जुड़ी हुई स्मृतियां वाली प्रदर्शनी लगाई जाएगी एवं वरिष्ठ एवं पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। 6 अप्रैल भाजपा के स्थापना दिवस को भव्य कार्यक्रम के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा 1980 में स्थापित हुई भाजपा के पहले लोकसभा चुनाव 1984 में दो सांसद बने थे, वर्तमान में भाजपा के पास सर्वाधिक सांसद हैं और देश के विभिन्न राज्यों में सरकारे चल रही है। संचालन डीएस राठौर ने किया एवं रूपेश गुप्ता ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर कुलदीप गंगवार, डॉ. भूदेव सिंह राजपूत, हिमांशु गुप्ता, अवनीश चतुर्वेदी, अमरदीप दीक्षित, मनोज गंगवार, राजेश प्रताप सिंह, रामवीर सिंह चौहान, रश्मि दुबे, बबीता पाठक, राजीव प्रताप सिंह, देवेंद्र दुबे, महेंद्र राजपूत, जय गंगवार, अतुल दीक्षित, राम लखन राजपूत, वीर बहादुर पाल, गुरुचरण आजाद, संजीव गुप्ता, अनुराग सिंह, शिवांग रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# विरोध के चलते गरवा नाइट कार्यक्रम स्थगित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुर्गा नारायण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग ने नगर मजिस्ट्रेट को पत्र जारी कर अवगत कराया है कि डीएन कालेज महाविद्यालय फतेहगढ़ में 8 अप्रैल को होने वाले सांस्कृतिक गरवा कार्यक्रम की अनुमति मांगी थी। युवा जन कल्याण विकास समिति के आयोजक द्वारा 150, 250 व एक हजार रुपये लेकर टिकट दिया जा रहा है। महाविद्यालय को जब यह बात पता चली तो नियमावली के अनुसार किसी भी व्यवसाय गतिविधि को विद्यालय उपलब्ध नहीं करा सकता है। ऐसे में विद्यालय परिसर ने कार्यक्रम को कराने में असमर्थता जताते हुए निरस्त कर दिया है। उधर भाजयुमो के जिला मंत्री अंकित गुप्ता ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम का विरोध किया। जिसके चलते कार्यक्रम को विद्यालय ने कराने से मना कर दिया। यह पहला मामला नहीं है। भाजपा नेता अंकित गुप्ता द्वारा बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में कार्यक्रम का जबरदस्त विरोध किया था। भाजपा ने नेता ने बताया कि जो संस्था कार्यक्रम करा रही है वह कार्यक्रम के संदर्भ में दर्शकों को पूरी जानकारी न देकर उन्हें गुमराह कर टिकट बेंचते है और अपनी जेब भर रहे है। जबकि ऐसे आयोजन के लिए मनोरंजन विभाग से भी अनुमति की आवश्यकता पड़ती है।

# परीक्षा के परिणाम आने के बाद विद्यार्थी तनाव न लें: डीआईओएस



कार्यक्रम में मौजूद डीआईओएस व अन्य शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में परीक्षा के तनाव विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह को कार्यक्रम का नोडल एवं सह नोडल प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत को बनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह व प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्रा, एबीएसए सुरेश चन्द्र द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। डीआईओएस ने कहा कि शिक्षक, अभिभावकों को परीक्षा के दौरान परिणाम आने के बाद तनाव नहीं लेना चाहिए। इसे उन्हें एक सेतु के रुप में कार्य करना चाहिए। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम के समय अन्य टॉपर्स से तुलना न करें। बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उस दिशा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहन करें। एबीएसए सुरेश चन्द्र ने कहा कि हर एक बच्चे में प्रतिभा होती है, अतः उसी बच्चे से यह न कहें की तुम नहीं कर सकते।

प्रधानाचार्य विनीत चौहान ने अभिभावकों और बच्चों को परीक्षा परिणाम के दौरान धर्य बनाये रखना चाहिए। सरिता त्रिवेदी ने कहा कि कोई भी जीवन से बड़ा नहीं है। ऐसे में बच्चों को सकारात्मक दिशा व संस्कार दें, जिससे वह कोई गलत कदम न उठाये। डॉ. दीप्ति यादव ने अभिभावकों व शिक्षकों से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर परिचर्चा की। संचालन गुलशन जहां ने किया। इस मौके पर ऋचा तिवारी, आरती, शिल्पी, मोनी आदि शिक्षिकायें मौजूद रही।


आमंत्रण पत्र वितरित करते पदाधिकारी

# विविध कला केंद्र द्वारा रामनवमी को लेकर बांटे गये आमंत्रण पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री राम विविध कला केंद्र के सदस्यों ने रामनवमी जन्मोत्सव एवं यात्रा के लिए घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण पत्र वितरित किए एवं अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया। श्रीरम विविध कला केंद्र द्वारा रामनवमी पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। बैण्ड एवं डीजे की धुन पर ध्वज पताका के साथ शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। राम-लक्ष्मण, भरत, शत्रुध्न के अलावा मां दुर्गा की झांकी होगी। इस मौके पर श्रीराम विविध कला केंद्र के संस्थापक विजय दुबे मटर लाल, विमलेश मिश्रा, दीपक मिश्रा, आनंद प्रकाश गुप्ता, सौरभ मिश्रा, आदित्य दीक्षित, क्रांति पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# विद्युत संविदा कर्मचारी ने वेतन बढ़ोत्तरी व मोबाइल एवं डाटा देने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पावर कार्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। संविदा कर्मचारियों ने धरना देकर अधीक्षण अभियंता को दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि आउट सोशल कर्मचारियों से मोबाइल ऐप अटेंडेंस हेतु मोबाइल और सिम कार्ड न उपलब्ध होने पर विरोध किया।


ज्ञापन देने के बाद मौजूद संविदा कर्मचारी

संविदा कर्मचारियों द्वारा 41 विद्युत केंद्रों पर कार्य लिया जा रहा है। लगभग 60 प्रतिशत कीपैड मोबाइल है। फेसियल अटेंडेंस दर्ज कराने में समस्यायें आ रही है। पावर कम्पनी द्वारा आउट सोर्स कर्मचारियों को मोबाइल व यूजीसी नम्बर नहीं दिया गया है। कर्मचारियों को 9 हजार रुपये की जगह 11 हजार रुपये वेतन किया जाये। अपने निजी कार्य हेतु अपना मोबाइल रिचार्ज कराया जाता है, ऐसे में कर्मचारियों का डाटा खत्म हो जाता है। विभागीय कार्य के लिए मोबाइल डाटा उपलब्ध कराया जाये। साथ ही कर्मचारियों ने मांग की है कि उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ रही है। मण्डल में केवल 523 कर्मचारी तैनात है। कर्मचारियों पर लोड है, इसलिए कर्मचारी बढ़ाये जाये आदि मांगों को लेकर कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अध्यक्ष रामकिशन, महामंत्री विष्णु सिंह के अलावा बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

# हटाये जाने के विरोध में सुरक्षा गार्डों ने डीएम व सीएमओ कार्यालय पर जताया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सुरक्षा गार्ड स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर सौंपा। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री प्रमोद दीक्षित के नेतृत्व में सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य विभाग में तैनात सुरक्षा गार्डों ने मांग की है कि 1 अप्रैल को मौखिक रुप से जानकारी देकर नौकरी से हटा दिया गया।

ऐसे में सेवा समाप्त होने से पहले लिखित जानकारी दी जाती है और नोटिस भेजा जाता है। हमारे साथ गैर तरीके से बिना जानकारी दिये सेवा


सीएमओ कार्यालय में प्रदर्शन करते सुरक्षा गार्ड कर्मी

समाप्त की गई है। इससे हम लोग नाराज है। अगर सेवा समाप्त हुई तो हम लोग बेरोजगार हो जायेंगे और आर्थिक तंगी का शिकार हो जायेंगे। हमारा जीवन यापन चलना मुश्किल हो जायेगा। हमारी मांग है कि सुरक्षा गार्ड पदों पर 76 कर्मचारियों की सेवायें बहाल की जाये। कानपुर की निजी कम्पनी द्वारा हटाया गया है, यह ठीक नहीं है। इस संबंध में मुख्यमंत्री व डीएम को भी प्रति भेजी गई है। सभी स्वास्थ्य विभाग सुरक्षा गार्ड कर्मियों ने सीएमओ कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर सुमन लता, रीता वर्मा, रीना देवी, रश्मि, ओम कुमार, आर्यन कुमार, सचिन कटियार, ऋषव कुमार, सोनू, मोवीन, राकेश कुमार, आलोक कुमार, दिनेश कुमार, पंकज गौतम, पवन कुमार, प्रवीन कुमार, प्रमोद कुमार, शिवम कुमार, विजय कुमार, रामलखन, छविराम सिंह, प्रियांशु अग्निहोत्री, फिरोज खान, सारिक खान, विशाल कुमार, आशुतोष राजपूत, योगेन्द्र, कौशलेन्द्र, विष्णु, अनुज, अभय कुमार आदि सुरक्षा गार्ड कर्मी मौजूद रहे।

# 15 ई-रिक्शा सीज, 21 का चालान 1.75 लाख जुर्माना की हुई वसूली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार के साथ चेकिंग अभियान चलाते हुये नगर में बस-अड्डा व अन्य स्थानों पर ई-रिक्शा को चेक किया तथा 15 ई-रिक्शा को कमियां पाये जाने पर थाना कादरीगेट में सीज किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने 04 ई-रिक्शा को कमियां पाये जाने पर थाना कादरीगेट में सीज करते हुये 28 हजार जुर्माना तथा 16 हजार टैक्स लगाया। यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार ने 11 ई-रिक्शा को कमियां पाये जाने पर थाना कादरीगेट में सीज किया गया


पकड़े गये ई-रिक्शा की जानकारी देते एआरटीओ पुलिस कर्मी

तथा उन पर 52 हजार जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त 21 ई-रिक्शाओं को चालान कर 95 हजार का जुर्माना लगाया गया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में अपंजीकृत एवं अवैध ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत सघन चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है।

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम राजेपुर सरायमेदा निवासी शेर सिंह जो की नई बस्ती कमालगंज किसी काम से आया था। उसे शराब के नशे में दीपक एवं अभिषेक ने मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी। इस बात का विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने शेर सिंह को लात-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आए शनि पुत्र राजकुमार निवासी उपरोक्त को भी मारापीटा। मौके पर लोगों ने विवाद को शांत कर दिया, लेकिन आरोपी फिर भी नहीं माने। शेर सिंह अपने घर राजेपुर सरायमेदा चला गया। वहां पर आरोपी पीछे-पीछे आ गए और घर में घुसकर दोबारा से शेर सिंह के साथ मारपीट करने लगे। जिसकी सूचना शेर सिंह के परिजनों द्वारा112 नंबर पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके से दोनों आरोपियों को पकड़कर थाना कमालगंज पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# सभी की राय से बने वक्फ विधेयक और दरगाह बोर्ड एक्ट भी लागू हो : नायब सज्जादा नशीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुस्लिमो की वक्फ अपनी संपत्ति है, स्कूल, अस्पताल, मदरसे के लिए वक्फ की जमीन होती है और यह जमीनें मुसलमानों की दान की हुई जमीनें है जो अल्लाह के लिए दान करी जाती है, उसका मकसद सिर्फ और सिर्फ है पसमांदा लोगों की तरक्की, उसकी हिफाजत के लिए वक्फ का गठन हुआ। दरगाह बोर्ड की मांग हमने रखी है। जिसमें 42 नियम है जिसे भी लागू किया जाए। लोको दरगाह के नायब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम ने कहा कि पुरानी सरकारो में दरगाहो, खानकाहो पर काफी जुर्म व शोषण किए है। चाहिए कि संविधान मुसलमानों के हुकूक की आर्टिकल 14, 25, 26 जिस बुनियादी तौर पर इजाजत देता है इसलिए वक्फ में कोई छेड़खानी नहीं होनी चाहिए। भारत में अपनी जायदाद पर जितना हक सिखों और हिंदुओं का है, उतना ही मुसलमानों का है। वक्फ पर मौजूदा कानून भारतीय संविधान के तहत आता है, जो धर्मो की स्वतंत्रता के कानून के अंतर्गत आता है और कहा संविधान के तहत सभी नागरिकों के हक का मामला। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सिर्फ मुसलमानों का नहीं, बल्कि देश के संविधान के तहत सभी नागरिकों के हक का मामला है। हमें इस पर कोई एतराज नहीं है कि सिख अपनी जायदाद चलाते हैं और हिंदू भी स्वतंत्र हैं, लेकिन जितना हक हिंदुओं और सिखों का है, उतना ही मुसलमानों का भी है। उन्होंने ने कहा वक्फ संशोधन बिल में एक प्रमुख बदलाव यह है कि दो गैर-मुसलमानों को वक्फबोर्ड में शामिल किया जाएगा और इसमें सरकार का प्रतिनिधि भी हो सकता है, जो मुस्लिम न हो, यह भी चिंता का विषय है। शाह मुहम्मद वसीम ने इसे लेकर कहा कि यह बिल मुसलमानों के अधिकारों को कमजोर कर सकता है।


मोहम्मद वसीम खां



चुनाव के दौरान संगठन से संबंधित पदाधिकारी

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट के अध्यक्ष राजीव कुमार व संरक्षक बने संजीव कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन जनपद की कार्यकारिणी को भंग करते हुए चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें संरक्षक संजीव कुमार व अध्यक्ष राजीव कुमार को चुना गया। बुधवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय में डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन/ चुनाव कराया गया। चुनाव हेतु राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री पंकज शुक्ला को प्रेक्षक/चुनाव अधिकारी बनाया गया। पदाधिकारियों ने फार्मासिस्ट संवर्ग की मांगों एवं समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री द्वारा जनपद की कार्यकारिणी को भंग करते हुये सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव सम्पन्न करवाया। जिसमें संरक्षक संजीव कुमार, अध्यक्ष राजीव कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविन्द प्रजापति, उपाध्यक्ष सुधाकान्त मिश्रा, मंत्री दिनेश कुमार, संगठन मंत्री कमलेश बाबू, संयुक्त मंत्री अरविन्द राजपूत, हकदार रीता मिश्रा, सम्प्रेक्षक विनीत पाण्डेयू को चुना गया।

# डीएम ने गौशालाओं के बेहतर संचालन के दिये निर्देश

**▸ पूरे साल के लिए अभी भूसे की खरीद कर स्टोर बना कर रखें : जिलाधिकारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वित्तीय वर्ष 2025-26 में गौशालाओं के बेहतर संचालन के लिये गौशालाओं के नोडल अधिकारियों व पशु चिकित्सको के साथ बैठक सम्पन्न हुई।


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पूरे साल के लिये अभी भूसे की खरीद कर स्टोर बना कर रखें, गौवंश के खाने के लिये चरी व हरा चारा बोये, कृषि विभाग गौशालाओं को चारे का बीज उपलब्ध कराये, गौवंश को लू से बचाव के इंतजाम करें, छायादार पेड़ लगाए, नंदी व गायों को अलग-अलग बाड़ों में रखे, गौवंश का नियमित टीकाकरण कराये, गौवंश का नियमित चिकित्सीय परीक्षण कराये, सभी गौवंश की ईअर टैगिंग कराये, सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिये। डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि प्रतिदिन आवारा गौवंश को पकड़ने की व्यवस्था करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भारती पत्रिका का भारतीय पाठशाला में हुआ विमोचन

**▸ सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक व एक अन्य कर्मचारी को दी गई विदाई**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के सभागार में पत्रिका भारती का विमोचन एवं सत्र 2023-24 में सेवानिवृत्त प्रवक्ता अशोक कुमार शुक्ला व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामसिंह, सत्र 2024-25 में 31 मार्च को सेवानिवृत्त प्रवक्ता सर्वेश यादव का विदाई समारोह कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह, प्रबंध समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गुप्ता,



पत्रिका भारती का विमोचन करते डीआईओएस मौजूद शिक्षक

कौशल किशोर दुबे का प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने स्वागत किया। साथ ही विद्यालय परिवार ने सभी को बैज लागकर स्वागत किया। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मुख्यअतिथि ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल ओड़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी। इस दौरान विद्यालय आख्या प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर संतोष त्रिपाठी, प्रमोद गंगवार, ओमपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, राकेश गुप्ता, राघवेन्द्र मिश्रा, दुष्यंत पाल, वेदराम शर्मा, राजिन्दर सिंह, रतिराम शंखवार, शिवओम द्विवेदी, विनीत चौहान, इन्दू मिश्रा, एस्तरोज दयाल, सुमन त्रिपाठी, राजाराम शास्त्री, प्रशांत मिश्रा, दीन दयाल, अखिलेश पाण्डेय, रामचन्द्र कुरील, नवलकांत अग्निहोत्री, वीरकांत अग्निहोत्री, जय नरेन्द्र किशोर अग्निहोत्री, ब्रह्मानंद तिवारी, बीके माली, पुष्पेन्द्र, संजीव त्रिवेदी, सरिता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्रीराम जन्मोत्सव कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक बढ़पुर के गांव महलई में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में गुरुवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथाव्यास रामप्रकाश शास्त्री मधुकर ने बताया कि महाराज दशरथ को चौथेपन में ग्लानि हुई कि हमारा इतना बड़ा साम्राज्य है और सब कुछ होते हुए भी कोई पुत्र नहीं है तब महाराज दशरथ ने गुरु वशिष्ठ के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त की। गुरुदेव ने कहा कि धर्म अर्थ काम मोक्ष पदार्थो को पाना बिना यज्ञ के संभव नहीं, गुरु वशिष्ठ की आज्ञानुसार ऋंगी ऋषि से पुत्रेष्टि यज्ञ करवाया, गुरु वशिष्ठ ने बताया कि भगवान की प्राप्ति के लिए धर्म अर्थ काम मोक्ष चारों फलों की व्याख्या करते हुए बताया कि अर्थ के रूप में शत्रुघन, काम के रूप में लक्ष्मण को व धर्म के रूप में भरत और मोक्ष के रूप में स्वंम राम को पाया, आज महाराज दशरथ को चारों पदार्थो की


कथा श्रवण कराते आचार्य रामप्रकाश शास्त्री मौजूद श्रोता

प्राप्ति हुई। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष में आदि काल से यज्ञ की परंपरा रही है, यज्ञ से समस्त जनों की मनोकामनाएं पूर्ण होती रहीं हैं। श्रीराम जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। कथा परीक्षित सावित्री देवी व बृजलाल सिंह राजपूत श्रीमद्भागवत कथा आयोजन की व्यवस्था में नवज्योति सिंह, देवेंद्र राजपूत, हरेंद्र राजपूत, सतेंद्र राजपूत, शिवम राजपूत, सत्यम राजपूत, अनिकेत राजपूत, पंचम राजपूत, शिवा राजपूत, शैतान सिंह, रामप्रकाश, अतर सिंह, राजकुमार, सुरेश बाबा, शैलेन्द्र सिंह, संतोष राजपूत, बादाम सिंह, प्रमोद कुमार, बृजभान सिंह, सचिन कुमार, नितिन कुमार आदि लोग रहे।

# भारतीय लोकतंत्र के लिए हितकारी साबित होगा एक राष्ट्र-एक चुनाव : सुनील बंसल

एजेंसी




**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज़्म द्वारा स्वामी विवेकानंद स्मृति राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर बुधवार को डीयू के वाइस रीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए हितकारी साबित होगा। उन्होंने कहा कि सुधार की प्रक्रिया निरंतर होती है और देश की व्यवस्थाओं को समय अनुसार अनुकूलन के लिए सुधार होते रहते हैं। उसी प्रकार एक राष्ट्र, एक चुनाव भी इस प्रक्रिया का हिस्सा है और यह भारत के लोकतंत्र के लिए हितकारी साबित होगा। साथ ही इस चुनाव प्रक्रिया से देश को नेतृत्व के लिए नए चेहरे मिलेंगे। उन्होंने बार बार चुनाव कराने की प्रक्रिया को देश के विकास के लिए स्पीड ब्रेकर बताया।

उन्होंने छात्रों को वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उनकी तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच की प्रशंसा की। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव अगर एक साथ हों तो समय और संसाधन बचेंगे तथा एक राष्ट्र एक चुनाव 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को लोकतंत्र की जड़ों को और अधिक मजबूत करने वाला बताया। कुलपति ने कहा कि 1947 में देश के स्वतंत्र होने से लेकर अब तक करीब 400 चुनाव हो चुके हैं। यानी प्रत्येक वर्ष 5 चुनाव भारत में होते हैं। क्या यह देश के लिए ठीक है? चुनाव के कारण विकास एवं शासन से ध्यान हटता है और ये प्रक्रिया प्रभावित होती हैं। इस राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में देशभर से आए 70 से अधिक प्रतिभागियों में आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के आदित्य अग्रहरि और महक मौर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया। प्रथम पुरस्कार के रूप में 11,000 रुपये की राशि एवं चल वैजयंती प्रदान की गई। हिन्दू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के वैभव मल्लावत को सर्वश्रेष्ठ वक्ता घोषित किया गया।

## मालदा-मुर्शिदाबाद को केंद्र शासित बनाने की राह पर बढ़ रहा है केंद्र

**मुर्शिदाबाद।** रामनवमी के दिन मुर्शिदाबाद में हिंसा होने की आशंका है। अगर वक्फ विधेयक पारित हो गया तो मुर्शिदाबाद में आग लग सकती है। मुर्शिदाबाद के भाजपा विधायक गौरीशंकर घोष ने भी ठीक यही आशंका व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में हिंदू अल्पसंख्यक हैं। वे अस्थायी तौर पर विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। लेकिन उन्हें आत्मसमर्पण करना पड़ेगा। भाजपा विधायक ने यह भी दावा किया कि केंद्र सरकार मालदा-मुर्शिदाबाद को केंद्र शासित बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विधायक गौरीशंकर घोष ने कहा कि हिंदू समुदाय के लोग डरे हुए हैं। सोशल मीडिया पर विभिन्न पोस्ट देखने के बाद हमें डर है कि मुर्शिदाबाद में रामनवमी या वक्फ बिल को लेकर फिर से अशांति हो सकती है। लोग झूठे उकसावे में आकर फिर से हिंसा में शामिल हो रहे हैं। हम मुर्शिदाबाद में अल्पसंख्यक हैं।

# दो चरणों में पूरा हुआ भारतीय और रूस की नौसेनाओं का द्विपक्षीय अभ्यास इंद्र

> जटिल सामरिक युद्धाभ्यास, हवाई व सतही लक्ष्यों पर ध्यान किया गया केंद्रित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय और रूसी नौसेनाओं का द्विपक्षीय अभ्यास इंद्र बुधवार को खत्म हो गया। दो चरणों में हुआ यह अभ्यास समुद्री सहयोग का प्रतीक बन गया है, जो दोनों देशों की नौसेना की अंतर-संचालन क्षमता और परिचालन तालमेल को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चेन्नई के तट और बंगाल की खाड़ी में दोनों नौसेनाएं जटिल सामरिक युद्धाभ्यास, हवाई तथा सतही लक्ष्यों पर संयुक्त अभ्यास में शामिल हुईं।

वर्ष 2003 में शुरू हुआ भारत और रूस के बीच स्थायी समुद्री साझेदारी का प्रतीक यह अभ्यास दोनों नौसेनाओं के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक संबंधों का प्रतीक है। भारत-रूस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास इंद्र का 14वां संस्करण 28 मार्च से चेन्नई के तट पर शुरू हुआ था। दोनों देशों के जहाजों ने बंदरगाह चरण की शुरुआत की और 30 मार्च तक अभ्यास किया। बंदरगाह चरण में विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान, पारस्परिक दौरे, खेल कार्यक्रम और दोनों नौसेनाओं के कर्मियों के बीच प्री-सेल ब्रीफिंग हुई। इसके बाद बंगाल की खाड़ी में समुद्री चरण 31 मार्च से 02 अप्रैल तक चला। समुद्री चरण में उन्नत नौसैनिक अभ्यास हुए, जिसमें सामरिक युद्धाभ्यास, लाइव हथियार फायरिंग, एंटी-एयर ऑपरेशन, अंडरवे रिप्लेनिशमेंट, हेलीकॉप्टर क्रॉस-डेक लैंडिंग और सी-राइडर्स का आदान-प्रदान शामिल रहा। इस अभ्यास में रूसी नौसेना के जहाज पेचंगा, रेज्की और अलदार त्सिडेंझापोव के साथ-साथ भारतीय नौसेना के जहाज राणा, कुथार और समुद्री गश्ती विमान पी8आई ने हिस्सा लिया। दो चरणों में हुआ यह अभ्यास समुद्री सहयोग का प्रतीक बन गया है, जो दोनों देशों की नौसेना की अंतर-संचालन क्षमता और परिचालन तालमेल को बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# अगर टैरिफ 20 फीसदी से ज्यादा हुआ तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था को होगा नुकसान

एजेंसी

> इस व्यापार युद्ध में 5.5 मिलियन नौकरियां होंगी खत्म : मूडीज

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बहुप्रतीक्षित टैरिफ कुछ लोगों की अपेक्षा से पहले ही लागू होने जा रहे हैं। पूर्व की घोषणा के अनुसार दो अप्रैल देर रात या अगले दिन की सुबह अमेरिका शुल्क लागू कर देगा। इस टैरिफ से बाजार में डर का माहौल है।

सीएनएन की खबर में इस पर विस्तार से चर्चा की गई है। खबर में कहा गया कि टैरिफ कुछ लोगों की अपेक्षा से पहले ही प्रभावी हो जाएंगे। ट्रंप प्रशासन की मुक्ति दिवस व्यापार नीति की घोषणा को अब तक के इतिहास में सबसे अधिक आक्रामक कहा जा रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने मंगलवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि ट्रंप अपनी व्यापार नीति से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर रहे हैं। अगले दिन शाम चार बजे रोज गार्डन में टैरिफ की घोषणा की जाएगी। घोषणा के साथ यह प्रभावी हो जाएंगे। उधर, निवेशकों, अर्थशास्त्रियों और प्रमुख कंपनियों के सीईओ को आशंका है कि आयात करों से लाभ की बजाय नुकसान होगा। ट्रंप ने सोमवार देरात संवाददाताओं से कहा था कि उन्होंने व्यापक नए टैरिफ की योजना पर सहमति बना ली है। ट्रंप के सलाहकारों ने सार्वजनिक रूप से टैरिफ एजेंडे का समर्थन किया है। मूडीज एनालिटिक्स के मुख्य अर्थशास्त्री मार्क जांडी ने कहा कि अगर टैरिफ 20 प्रतिशत से अधिक का हुआ तो यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए सबसे खराब स्थिति होगी। मूडीज के अनुसार, इस व्यापार युद्ध में 5.5 मिलियन नौकरियां खत्म हो जाएंगी। बेरोजगारी दर सात प्रतिशत तक बढ़ जाएगी और अमेरिकी जीडीपी में 1.7 फीसद की गिरावट आएगी।

## दो व्यक्तियों पर मारपीट के आरोप में केस दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरडीहा कलां गांव में एक व्यक्ति ने गांव निवासी दो लोगों के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गयी है। हलिया थाना क्षेत्र के बरडीहा कला गांव निवासी राजेश कुमार मौर्य ने तहरीर देकर बताया कि बीते 30 मार्च को गांव निवासी रंजीत तथा राजेश हमारे लड़के 25 वर्षीय माया शंकर से शराब पीने के लिए पैसा मांग रहे थे। नहीं देने पर गाली देते हुए मारे पीटे जाते वक्त जान से मारने की धमकी भी दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मंगलवार शाम दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह कहना है कि तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# न्यूजीलैंड ने पाक को 84 रनों से हराकर जीती सीरीज, तीसरे वनडे में क्लीन स्वीप का मौका

एजेंसी

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए 84 रनों की जीत दर्ज की और तीन मैचों की सीरीज अपने नाम कर ली। अब कीवी टीम शनिवार को माउंट माउंगानुई में होने वाले तीसरे और आखिरी वनडे में क्लीन स्वीप करने उतरेगी।

बेन सियर्स का कहर, पहली बार लिया पांच विकेट मैच में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी सफलता तेज गेंदबाज बेन सियर्स को मिली, जिन्होंने अपने तीसरे वनडे में ही पांच विकेट झटककर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। सियर्स ने अपने पहले दो वनडे में कोई विकेट नहीं लिया था, लेकिन इस मुकाबले में उन्होंने 59 रन देकर 5 विकेट झटके और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।




पाकिस्तान की खराब शुरुआत, शुरुआती झटकों से नहीं उबर पाई टीम 293 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। विल ओ रूर्के ने पहले ही ओवर में अब्दुल्ला शफीक (1) को आउट कर दिया। इसके बाद बाबर आजम भी सिर्फ 1 रन बनाकर जैकब डफी का शिकार बने। इमाम-उल-हक (0) भी डफी की गेंद पर आउट हुए,जिससे पाकिस्तान 5.3 ओवर में ही 9/3 के स्कोर पर संघर्ष कर रहा था। इसके बाद भी टीम की हालत नहीं सुधरी। सलमान आगा (9) के रूप में चौथा विकेट गिरा, जबकि कप्तान मोहम्मद रिजवान भी 27 गेंदों पर सिर्फ 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। तैयब ताहिर (13), मोहम्मद वसीम (1) और अकिफ जावेद भी जल्दी आउट हो गए, जिससे पाकिस्तान की हार लगभग तय हो गई थी। हालांकि, फहीम अशरफ और नसीम शाह ने 60 रनों की साझेदारी कर कुछ संघर्ष दिखाया। अशरफ ने 80 गेंदों में 73 रन बनाए, जबकि नसीम शाह ने 44 गेंदों पर 51 रनों की पारी खेली। लेकिन उनकी ये पारियां न्यूजीलैंड की जीत को रोकने के लिए काफी नहीं थीं। न्यूजीलैंड के लिए बेन सियर्स ने 5 विकेट (5/59) लिए, जबकि जैकब डफी ने 3/35 का शानदार प्रदर्शन किया।

## खबरें एक नजर में

### बिना शासनादेश के सूचना अधिकारी करते हैं उत्पीड़न

**कुशीनगर, समृद्धि न्यूज।** सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगने के बाद संबंधित अधिकारी का एक अजीबोगरीब जवाब देना सामने आया है। पडरौना के पूर्वी बेलवा चुंगी अभय मिश्र ने सूचना विभाग से सवाल किया था कि बिल प्रमाणित करते समय आरओ का होना क्यों जरूरी है? हैरानी की बात यह है कि विभाग के पास इस सवाल का कोई ठोस सबूत-ए-जवाब नहीं है। इसके बावजूद, जिले के पत्रकारों को आरओ के नाम पर कथित तौर पर परेशान किया जा रहा है। जब इस मुद्दे पर जिला सूचना अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव से स्पष्टीकरण मांगा गया, तो उनका जवाब चौंकाने वाला था। उन्होंने इसे अनावश्यक मुद्दा करार देते हुए कहा कि भारत के स्वतंत्र नागरिक होने के नाते आप कुछ भी लिख सकते हैं। यह बयान तब और भी हैरान करता है, जब विभाग इस नियम के औचित्य को साबित करने के लिए कोई सबूत पेश नहीं कर सका। इस घटना से कई सवाल खड़े होते हैं। अगर आरओ की अनिवार्यता का कोई आधार नहीं है, तो क्या पत्रकारों को इसके नाम पर परेशान करना एक सोची-समझी रणनीति है? या इसके पीछे कोई छिपा मकसद काम कर रहा है? यह मामला न केवल पारदर्शिता की कमी को उजागर करता है, बल्कि सूचना विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाता है।

### उत्तरी पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया : सिंधिया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया है। श्री सिंधिया ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने उत्तर पूर्वी राज्यों के विकास को प्राथमिकता दी है। पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को देश के आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब प्रधानमंत्री ने इसे पहला अंग बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच 54 मंत्रालय के बजट आवंटन 27 हजार करोड़ रुपये का था जो वर्तमान में 91 हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष हो चुका है जो साढे तीन गुणा अधिक है। उन्होंने कहा कि उत्तरी पूर्वी राज्यों में 19 रेलवे प्रोजेक्ट 80 हजार करोड की लागत से चलाये जा रहे हैं।

### टीएमसी ने की विलियम्स को भारत रत्न देने की मांग

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के सदस्य मोहम्मद नदीमुल हक ने बुधवार को राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान सुनीता विलियम्स को भारत रत्न देने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि 286 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद सुनीता 19 मार्च को सुरक्षित पृथ्वी पर सुरक्षित लौट आईं। उन्होंने कहा कि सुनीता की यह उपलब्धि सराहनीय है और पूरा भारत इस पर गर्व करता है। हक ने कहा कि गुजरात के एक राजनेता, सुनीता के करीबी रिश्तेदार थे। उन्होंने दिवंगत राजनेता का नाम भी लिया जो गुजरात के गृहमंत्री थे और 2003 में उनकी हत्या कर दी गई थी। हक ने कहा कि सुनीता 2007 में भारत आई थीं और तब उन्हें कई सम्मान दिए गए थे। भारत सरकार ने 2008 में उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया था। इस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि किसी के लिए भारत रत्न की मांग करना एक बात है। इसमें किसी दिवंगत नेता का संदर्भ नहीं दिया जाना चाहिए।

### प्रतिस्पर्धा की भावना से बढ़ता हैं आत्मविश्वास : श्रेया मिश्रा



**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** दी पैरामाउंट एकेडमी, शास्त्री नगर में वार्षिक अंकपत्र और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय और गेस्ट ऑफ ऑनर जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया मिश्रा रहीं। प्री-प्राइमरी से संस्कार अग्निहोत्री, प्राइमरी से मयंक त्रिपाठी और उच्च प्राइमरी से हिमांशु अग्रहरी एकेडमी टॉपर रहे। डीपीआरओ श्रेया मिश्रा ने विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। श्रेया मिश्रा ने कहा कि छात्रों को प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करनी चाहिए, वहीं रिद्धि पांडेय ने आत्मविश्वास और परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया। विद्यालय प्रबंधक विजय बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी संपत्ति है जिसे कोई छीन नहीं सकता। समारोह में विशिष्ट अतिथियों ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रितिका मिश्रा ने किया और विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### सपा प्रतिनिधिमंडल पहुंचा मीरपुर, 51 हजार की दी मदद



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मिर्जापुर जनपद के चुनार थाना क्षेत्र के जमुई स्थित मीरपुर गांव पहुंचा। स्मरणीय है 28 मार्च को सायंकाल 6 बजे इनकी 60 भेड़ों की ट्रक से दबकर मौके पर मृत्यु हो गई थी। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिजनों गिरजा शंकर पाल एवं राजा राम पाल की आर्थिक सहायता के रूप में 51000/- रू0 की आर्थिक मदद दी गई। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक जगदम्बा सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, पूर्व मंत्री मुन्नी यादव, आशीष यादव, डॉ0 सुनील पटेल, सतीश मिश्रा, रामराज पटेल, राणा प्रताप सिंह, राजेन्द्र यादव, महेन्द्र पाल, जीत बहादुर पाल, कमलेश पाल, रामकेश मौर्य, शिवपूजन यादव, नरेन्द्र यादव आदि शामिल थे।

# परीक्षाफल परिणाम व पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

समृद्धि न्यूज




**फरेंदा, महाराजगंज।** चंद्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल अंबेडकर नगर आनंदनगर में वर्ष 2024-25 के सत्र का वार्षिक अंक पत्र एवं कक्षा में प्रथम स्थान तथा विद्यालय में ओवरऑल चैंपियंस बनने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत आनंद नगर के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश लाल द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया।

श्री लाल ने कहा कि शिक्षा मानव का मजबूत दर्पण होता है। इससे व्यक्ति अपने जीवन को ऊंचाईयों पर ले जा सकता है। शिक्षा से मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कक्षा में प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान तथा ऑल ओवर चैंपियनों में पुरस्कार वितरण किया। विद्यालय के विशिष्ट अतीथि वरिष्ठ पत्रकार यशोदा श्रीवास्तव एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राम प्यारे प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा सभी के लिए जरूरी है। सभी संपत्तियों में बंटवारा होता है, लेकिन शिक्षा में कोई बंटवारा नहीं कर सकता है। विद्यालय के प्रबंधक सुधेश मोहन श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि विद्यालय में छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु कोई कमी नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण तथा वैज लगाकर स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चंद पांडेय ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आभार जताया। पुरस्कृत होने वाले बच्चों में जो प्रथम स्थान प्राप्त किया उनमें कक्षा नर्सरी में रितेश साहनी, एल केजी से, प्रिशा वर्मा यूकेजी से, प्रियांशी कक्षा एक से, अमृता यादव ,कक्षा 2 से सोनू चौधरी,कक्षा 3 शायनी , चार से आशीष शर्मा कक्षा 5 स अपर्णा पांडेय कक्षा 6 निधि कक्षा 7 अविनाश यादव कक्षा 8 रूपेंद्र शर्मा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में नर्सरी से सिद्धार्थ और एलजी से अनिकेत यूकेजी से आरती, कक्षा एक से सचिन चौधरी कक्षा 2 संजना यादव कक्षा तीन शिवांगी,कक्षा चार से अन्य त्रिपाठी कक्षा 5 से रामचंद्र मौर्य कक्षा 6 प्रिंस चौधरी कक्षा 7 मनीष साहनी कक्षा 8 से अर्चना पांडेय ने पुरस्कार प्राप्त किया। ऑल ओवर में प्री प्राइमरी में प्रिशा वर्मा प्राइमरी में अमृता यादव जूनियर में रूपेंद्र शर्मा ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।

## दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा गांव पुलिया हनुमान मंदिर के पास से पुलिस ने बुधवार की सुबह शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के निर्देश पर उपनिरीक्षक अच्छे लाल यादव मय हमराह कांस्टेबल के साथ मुखबिर की सूचना पर हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा पुलिया हुनमान मंदिर के पास शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपित मवई कला गांव निवासी नीरज कुमार को गिरफ्तार कर आरोपित को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुत्री के शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश करने में जुट गई थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# डिप्टी सीएसओ ने मातृत्व योजना के कार्यों का किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज

**महराजगंज ।** उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.वीर विक्रम सिंह ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान और छाया ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस की गतिविधियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पीएमएसएमए दिवस पर कुल 48 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई, जिसमें खून, वजन, पेशाब, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिफलिस और एचआईवी की जांच शामिल थी। इनमें से 13 महिलाओं को उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) की श्रेणी में पाया गया। 37 गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए ई-रूपी वाउचर प्रदान किए गए। साथ ही, आयरन और कैल्शियम की गोलियां भी वितरित की गईं। डॉ. सिंह ने गर्भवती महिलाओं को चार नियमित जांच कराने और संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने और नियमित जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने बड़वार, डिंगूरी, कमासीन खुर्द और मेन सेंटर पर छाया वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण किया और टीकाकरण अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के निर्देश दिए।

## धरती मां के वस्त्र होते हैं वृक्ष : सूरज पाण्डेय

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के प्राचीन हनुमान मंदिर व प्राथमिक विद्यालय स्थित शिव मंदिर परिसर में वन विभाग द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी बनने का संकल्प दिलाया गया। वन विभाग के वन दरोगा सूरज पाण्डेय के नेतृत्व में नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शक्ति वाटिका आस्था एवं हरियाली के अंतर्गत पौधेरोपण किया गया। इस दौरान नीम, आम, अमरुद, करंज दर्जनों पौधे लगाकर विश्व के मंगल होने की कामना की गई। मुख्य अतिथि हनुमान मंदिर के पुजारी भीम दत्त त्रिपाठी ने अपने हांथो से नीम आम का पेड़ लगाकर शुरुआत किया है। मुख्य अतिथि ने कहा वृक्ष ही धरती माँ के वस्त्र होते है जिनमे आम के पौधे पर्यावरण, साहित्यिक, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माने गए है। जिसमें कलश स्थापना के लिए आम पत्रों की आवश्यकता होती है। इसके आलावा यज्ञ एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानो में भी आम की ठहनियो और पत्तों को उपयोग होता है। वन दरोगा सूरज पाण्डेय ने कहा की शक्ति वाटिका आस्था के हरियाली के अंतर्गत हनुमान मंदिर व शिव मंदिर परिसर में नीम आम अमरुद, करंज के दर्जनों पौधे रोपित किये गए हैं।

# आरएसएस ने निकाली पथ संचलन, हुई पुष्प वर्षा

समृद्धि न्यूज



100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने सर संघ चालक व गुरुजी को सामूहिक रूप से प्रणाम किया गया

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में नव वर्ष प्रतिपदा उत्सव एवं संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर और सर संघ चालक प्रणाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के नई बाजार लार्ड शिवा एकेडेमी विद्यालय से पथ संचलन की शुरुआत की गई।

घोष वादन के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक के साथ सर संघ चालक डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार को सामूहिक रूप से प्रणाम किया गया। तत्पश्चात भगवा ध्वज आरोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंचासीन मुख्य वक्ता डॉ. राकेश (सह प्रांतीय कार्यवाहक काशी), गोविंद श्रीवास्तव (विभाग पर्यावरण प्रमुख, आलोक कुमार (जिला प्रचारक), रामबालक (जिला कार्यवाह), कलाधर (जिला बौद्धिक प्रमुख), सत्यनारायण नगर संघ चालक ने सर संघ चालक के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदोपरान्त स्वयंसेवकों को प्रांतीय कार्यवाह राकेश का पाथेय प्राप्त हुआ। उद्बोधन के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि देश की शक्ति का आकलन समाज और संस्कृति से होता है। इसके आधार पर चलने वाला देश निरंतर मजबूती से आगे बढ़ता है। जिस भी देश ने समाज और संस्कृति की उपेक्षा की। वह अस्तित्वहीन हो गया। बताया कि सोवियत संघ 1917 में बना और 1990 के पहले ही खत्म हो गया। इससे 15 देश अलग हो गया। क्योंकि ये समाज और संस्कृति की ताकत नहीं खड़ी कर पाए। यदि सोवियत में भी आरएसएस जैसा संगठन होता, तो शायद आज भी उसका अस्तित्व रहता। और उन्होंने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर और भारत का सौभाग्य है कि यहां समाज और संस्कृति की रक्षा के लिए सर संघ चालक ने आरएसएस की स्थापना की। जो निरंतर उस मार्ग पर चल रहा है। इस ध्येय पथ पर चलने के कारण ही संघ कार्यकर्ता निर्माण का कारखाना कहा जाता है। जहां साधारण को योग्य तो बनाया जाता है। किन्तु व्यक्ति को फेस नहीं बनाया जाता है। कार्यकर्ता आजन्म विचारधारा के पीछे चलता रहता है। जिसका एकमात्र मार्गदर्शक गुरू भगवा ध्वज है। पथ संचलन नई बाजार से प्रारंभ होकर चुंगी से सरकारी अस्पताल से होते हुए कोइरान बाजार, कसरहट्टी मोहल्ला, चौक बाजार, तकिया से खरंजा, गोला सहुवाईन, सम्मेत्तर, त्रिमुहानी से होते हुए नगर पालिका कार्यालय से गोला कन्हैया लाल, टिकरा खरंजा, सत्यानगंज बैंक से पोखरा सहुवाईन, रवानी टोला, बूढ़ादेई से पुनः नई बाजार विद्यालय में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सह संघ चालक मुकेश, अखिलेश कुमार, संजय, विवेक कुमार, जितेन्द्र कुमार, आशु पाण्डेय, सिद्धार्थ अग्रहरि, कामेश्वर, आलोक, सुनील, अशोक विकास चन्द्र अग्रहरि के साथ रमाशंकर सिंह पटेल (मड़िहान विधायक), ओमप्रकाश केशरी (नपा अध्यक्ष अहरौरा), महेंद्र सिंह अग्रहरि, आनंद कुमार, कृष्णा तिवारी, मयंक जायसवाल, पंकज, वेदप्रकाश के साथ सैकड़ो स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## कुषमांडा स्वरूप का दर्शन कर भक्त हुए निहाल

**विन्ध्याचल (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को भक्तों ने अखिल ब्रम्हाड की नायिका मां विंध्यवासिनी के कुषमंडा स्वरूप का दर्शन पूजन कर खुद को निहाल किया। जगत जननी मां विंध्याचल के सूर्य लोकवासी देवी के कुषमांडा के दर्शन पूजन के लिए भोर से लंबी लाइन लग गई। यहां पहुंच सबसे पहले श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। विंध्य की गलियों में सजी प्रसाद की दुकानों से नारियल, चुनरी, सिंदूर, इलाइची दाना लेकर कतारबद्ध हो गए। बारी बारी से मातारानी के दिव्य स्वरूप का दर्शन करजीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। भीड़ को नियंत्रित करनेके लिए पुलिस को काफी मशक्कत करना पड़ा।

